6 राज्य
2 केंद्रशासित प्रदेश
22 संस्करण
राजधानी ●●
वर्ष 24 | अंक 53 | पृष्ठ : 16
मूल्य : साढ़े तीन रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
मंगलवार, 2 जून 2026
द्वितीय ज्येष्ठ कृष्ण-द्वितीया
विक्रम संवत-2083

amarujala.com | साझेदारी | भारत-ऑस्ट्रेलिया मिलकर बनाएंगे सैन्य साजो-सामान...13



दिल्ली-एनसीआर

# जेईई एडवांस : सही दिशा में निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास से कामयाबी के शीर्ष पर

## उत्साह से भर देंगी संघर्ष की कहानियां

देश की सबसे बड़ी और सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस-2026 में कड़ी मेहनत, संघर्ष और आत्मविश्वास से सफलता के शीर्ष पायदान पर पहुंचे टॉपर्स की कहानियां उत्साह से भर देने वाली हैं। टॉपर बिहार के शुभम कुमार, सेकंड टॉपर दिल्ली के कबीर छिल्लर, तीसरे नंबर पर रहे झुंझुनू (राजस्थान) जतिन चाहर और लड़कियों में टॉपर आरोही देशपांडे... सभी ने टाइम मैनेजमेंट के साथ निरंतर अध्ययन से कामयाबी की इबारत लिखी है। खूबसूरत कहानी है...शुभम और कबीर की। दोनों गहरे दोस्त हैं। कोटा में साथ पढ़े, साथ खेले। जब रिजल्ट आया तो शुभम को 330 और कबीर को 329 नंबर मिले। ब्यूरो

>> दिल्ली जोन का दबदबा : पेज 6

## साथ पढ़े, साथ खेले...सफलता की जिद से पाया मुकाम

जेईई-एडवांस टॉपर शुभम कुमार और कबीर छिल्लर की प्रेरणादायी कहानी सच्ची दोस्ती, अनुशासन और जिद की दास्तान है। दोनों दोस्तों ने अनुशासन के साथ पढ़ाई, क्वालिटी स्टडी और हर हाल में कामयाब होने की जिद से यह मुकाम पाया। अब दोनों का सपना भी एक ही है...आईआईटी बॉम्बे से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग करने का। दोनों का कहना है-पढ़ाई के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य, भरपूर नींद और खेल तनाव दूर करने में बेहद मददगार रहे।

### शुभम : हर चुनौती बनी मोटिवेशन

जेईई मेन में 100 परसेंटाइल और ऑल इंडिया रैंक 6 हासिल करने वाले गयाजी के शुभम कुमार साधारण परिवार से हैं। पिता शिव कुमार हार्डवेयर व्यवसायी हैं, जबकि मां कंचन देवी गृहिणी हैं। बड़ी बहन आईआईटी पटना में कंप्यूटर साइंस से बीटेक कर रही हैं। शुभम ने कहा, मैं रोजाना 6 से 8 घंटे सेल्फ स्टडी करता था। क्लास में पढ़ाए गए टॉपिक्स को उसी दिन रिवाइज करता था। तैयारी में कई बार प्रेशर आ जाता है, लेकिन कभी कमजोरी नहीं बनने दिया। हर चुनौती को मोटिवेशन में बदला।







### कबीर : खुद पर रैंक का दबाव न बनाओ

मूलतः गुरुग्राम के कबीर छिल्लर जेईई-मेन के टॉपर थे। कबीर लगातार मेहनत, सटीक रणनीति और सेल्फ स्टडी को अपनी कामयाबी का मूल मंत्र बताते हैं। वह कहते हैं कि कभी भी खुद पर रैंक का दबाव मत बनाओ। परिणाम की चिंता करने से बेहतर है कि आप तैयारी के सफर का आनंद लें। कबीर ने कहा, मैंने क्वालिटी स्टडी पर फोकस किया। जहां कमी थी, उसी पर ज्यादा फोकस किया। कबीर के पिता मोहित छिल्लर भी आईआईटीयन हैं, जबकि मां प्रियंका शिक्षक हैं।

## विषय को गहराई से समझना जरूरी : जतिन




जतिन चाहर झुंझुनूं के गांव गोठ के साधारण परिवेश से आते हैं। उनकी जेईई मेन में 133वीं रैंक थी। जतिन ने बताया कि सफलता एक दिन में नहीं मिलती, बल्कि रोजाना की छोटी-छोटी कोशिशें ही बड़ा परिणाम बनती हैं। जतिन बताते हैं, मैंने कॉन्सेप्ट क्लियर करने पर फोकस रखा। विषय को गहराई से समझना जरूरी है। उनके पिता दिनेश चाहर बीएसएफ में हैं और मां मोनिका गृहिणी हैं।

## स्मार्ट स्टडी...सफलता का मूल मंत्र : आरोही




बेटियों में टॉपर आरोही देशपांडे कहती हैं, स्मार्ट स्टडी और चार वर्षों की निरंतर तैयारी से यह कामयाबी हासिल की है। पूरा ध्यान कॉन्सेप्ट्स मजबूत करने पर रखा। यही मेरी सफलता का मूल मंत्र है। जेईई मेन में भी उनकी 99 रैंक थी। आरोही की पढ़ाई के लिए परिवार पुणे से कोटा शिफ्ट हो गया था। पिता प्रसाद देशपांडे आईटी प्रोफेशनल, जबकि मां अमिता एनवायरमेंटल इंजीनियर हैं।

**31.65%** अभ्यर्थी सफल | 1,79,694 उम्मीदवार ■ 56,880 अभ्यर्थी सफल ■ 10,107 बेटियां हुईं कामयाब | **92 कटऑफ, 2025 से 18 अंक ज्यादा**

## 27 राज्यसभा सीटों के लिए 18 को मतदान

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 10 राज्यों में 27 राज्यसभा सीटों और बिहार एवं कर्नाटक विधान परिषदों की सीटों के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। सभी सीटों पर मतदान 18 जून को सुबह 8 से शाम 4 बजे तक होगा। उसी दिन शाम 5 बजे से मतगणना होगी। नामांकन की आखिरी तारीख 8 जून है।

■ कर्नाटक में चार राज्यसभा सीटों पर मुकाबला है, जहां भाजपा के इरन्ना कडाडी व नारायण कोरगप्पा, कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खरगे और जद(एस) के एचडी देवगौड़ा का कार्यकाल 25 जून को समाप्त हो रहा है। ब्यूरो

## रिलायंस कम्युनिकेशंस के पूर्व एमडी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रिलायंस कम्युनिकेशंस के पूर्व प्रबंध निदेशक अमिताभ झुनझुनवाला को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी भारतीय स्टेट बैंक से जुड़े 2,929 करोड़ रुपये की ऋण धोखाधड़ी के मामले में हुई है। ईडी की जांच के सिलसिले में अमिताभ पहले से न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में थे। सीबीआई पेशी वारंट पर उन्हें मुंबई ले गई, जहां सोमवार को अदालत में पेशकर उन्हें गिरफ्तार किया गया। ब्यूरो



# भारत के सुरक्षा हितों के खिलाफ म्यांमार की धरती का नहीं होगा इस्तेमाल : यू मिन

### मेहमान राष्ट्रपति आंग ह्लाइंग ने की पीएम मोदी से बातचीत ■ दुर्लभ खनिजों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे भारत-म्यांमार

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** म्यांमार ने आश्वस्त किया है कि वह अपनी धरती का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए नहीं होने देगा। भारत दौरे पर आए म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच वार्ता में महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ खनिजों के क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी। दोनों नेताओं ने रक्षा-सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, व्यापार और कनेक्टिविटी सहित कई अन्य मसलों पर भी चर्चा की।

पीएम मोदी ने वार्ता के दौरान म्यांमार की संप्रभुता एवं अखंडता के लिए भारत का समर्थन दोहराया। कहा-भारत वहां शांति-स्थिरता की कोशिशों का समर्थन करता है। दोनों नेताओं ने जोर दिया कि किसी भी देश की धरती का इस्तेमाल एक-दूसरे के सुरक्षा हितों के खिलाफ नहीं होने दिया जाएगा। राष्ट्रपति ह्लाइंग ने भारत को आश्वस्त किया-म्यांमार की धरती का उपयोग भारत के सुरक्षा हितों के खिलाफ बिल्कुल नहीं होने दिया जाएगा। म्यांमार भारत के रणनीतिक पड़ोसियों में से एक है और कई पूर्वोत्तर राज्यों के साथ 1,640 किलोमीटर की सीमा साझा करता है, जिनमें उग्रवाद प्रभावित नगालैंड व मणिपुर भी हैं।

**छात्रवृत्ति की संख्या 100 :** दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंध रेखांकित करते हुए पीएम मोदी ने म्यांमार के छात्रों के लिए बड़ी घोषणा की। वर्ष 2026 से मेकांग गंगा आईसीसीआर छात्रवृत्ति की संख्या 36 से बढ़ाकर 100 कर दी गई है। राष्ट्रपति ह्लाइंग ने पीएम मोदी को म्यांमार आने का न्योता भी दिया।

>> कलादान प्रोजेक्ट में आएगी तेजी : पेज 12



म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन के साथ नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी।

### शरणार्थियों का मुद्दा उठा, वापसी का भरोसा

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया, पीएम मोदी और राष्ट्रपति ह्लाइंग के बीच शरणार्थियों का मुद्दा भी उठा। विदेश सचिव ने माना, दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश में चल रहे संघर्षों के कारण मिजोरम में शरणार्थियों का आना बढ़ा है। शरणार्थियों को वापस भेजने के लिए एक तंत्र मौजूद है। दोनों देशों के अधिकारी आपस में संपर्क में हैं कि उन्हें किस तरह वापस भेजा जाए। मिजोरम की आबादी को लेकर जताई जा रही चिंताओं पर मिस्री ने कहा, म्यांमार सरकार भी मानती है कि वे लोग स्थायी शरणार्थियों के तौर पर नहीं आए हैं। जैसे ही सीमापार हालात सामान्य होंगे, वे वापस चले जाएंगे।

### साइबर स्कैम ठिकानों में 150 भारतीय अब भी फंसे

**म्यांमार में साइबर स्कैम के ठिकानों में फंसे 2,411 भारतीयों को बीते डेढ़ साल में वापस लाया गया है, जबकि 150 से ज्यादा भारतीय अब भी वहां फंसे हैं।**

■ विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया, भारत इस मुद्दे पर म्यांमार के साथ मिलकर काम कर रहा है। फंसे लोगों को वापस लाने के प्रयास जारी हैं।

■ मिस्री ने बताया, भारतीय नागरिकों को तीसरे देशों के रास्ते इन धोखाधड़ी वाले अड्डों पर तस्करी कर ले जाया जाता है। यह न केवल इस मुद्दे से जुड़े अधिक द्विपक्षीय सहयोग की जरूरत, बल्कि इस मामले पर व्यापक क्षेत्रीय सहयोग की आवश्यकता को भी दर्शाता है।

मिस्री ने कहा, यह दोनों देशों के बीच सुरक्षा मुद्दा भी है। म्यांमार का म्यावाडी स्थित केके पार्क बड़े पैमाने पर ऑनलाइन धोखाधड़ी के ऑपरेशन चलाने के लिए दुनियाभर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों में कुख्यात है।

■ इस परिसर और आसपास की सुविधाओं पर चीनी आपराधिक गिरोहों का नियंत्रण है। उन्हें म्यांमार की सेना के साथ गठजोड़ वाले सशस्त्र समूहों का समर्थन है।

**चीन भी कच्चे माल के लिए म्यांमार पर निर्भर :** मिस्री ने बताया, दोनों देश भविष्य की तकनीकों के लिए जरूरी महत्वपूर्ण व दुर्लभ खनिजों पर सहयोग के लिए सहमत हुए हैं। म्यांमार कई खनिजों के मामले में समृद्ध देश है। दरअसल डिस्प्रोसियम एवं टेरबियम जैसे दुर्लभ खनिजों में म्यांमार का भंडार दुनिया में चीन के बाद दूसरे नंबर पर है। इनका इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों की मोटरों, विंड टर्बाइन, स्मार्टफोन, मिसाइल गाइडेंस सिस्टम और उन्नत रक्षा उपकरणों के स्थायी चुंबक बनाने में होता है। भले ही चीन दुर्लभ खनिजों में दुनिया का सबसे बड़ा प्रोसेसर है, पर भारी दुर्लभ खनिजों के कच्चे माल के लिए वह म्यांमार पर बहुत अधिक निर्भर है। चीन अपनी जरूरत का 70 फीसदी म्यांमार के उत्तरी काचिन और शान इलाकों से आयात करता है।

# इस बार कलम-कागज से ही होगी नीट-यूजी

### शीर्ष कोर्ट ने ऑनलाइन परीक्षा की मांग ठुकराई

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि 21 जून को दोबारा होने वाली नीट-यूजी-2026 कलम-कागज से ही कराई जाएगी। शीर्ष अदालत ने प्रस्तावित पुनर्परीक्षा को कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड में कराने की मांग ठुकरा दी है। कोर्ट ने साफ कहा कि इस स्तर पर परीक्षा के स्वरूप में बदलाव का आदेश नहीं दिया जा सकता।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा की पीठ राजद सांसद सुधाकर सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील सत्यम सिंह राजपूत ने कहा कि फिलहाल सिर्फ पुनर्परीक्षा को कलम एवं कागज के बजाय सीबीटी मोड में कराने की मांग की जा रही है। इस पर जस्टिस नरसिम्हा ने कहा, इस बात का सवाल ही नहीं उठता। इस मौके पर ऐसा आदेश नहीं दिया जा सकता। जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि इसी तरह की याचिकाएं पहले खारिज हो चुकी हैं। याचिका में सीबीटी मोड लागू करने के अलावा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) में सुधार, साइबर सुरक्षा उपायों को मजबूत करने और परीक्षा प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाने की मांग भी की गई है। मामले की सुनवाई जुलाई में होगी।

>> दिग्विजय ने सराहा मोदी का जिम्मेदारी मॉडल : पेज 12

**एनटीए पर पहले ही बहुत दबाव**

जस्टिस नरसिम्हा ने कहा, परीक्षा पहले ही रद्द हो चुकी है। इसे दोबारा कराया जा रहा है। ऐसे में परीक्षा संचालित करने वाली एजेंसियां भारी दबाव में काम कर रही हैं। इस समय परीक्षा पद्धति बदलना संभव नहीं है। गौरतलब है कि तीन मई को हुई नीट-यूजी 2026 को पेपर लीक के कारण एनटीए ने रद्द कर दिया था। इसके बाद पुनर्परीक्षा की घोषणा की गई है।



**पीएम कर रहे निगरानी : मेहता**

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सरकार युवाओं की चिंताओं को लेकर गंभीर है। पीएम नरेंद्र मोदी खुद स्थिति की निगरानी कर रहे हैं, ताकि कोई खामी न रह जाए।

■ मेहता ने यह भी कहा कि 21 जून को दोबारा कराई जाने वाली नीट-यूजी के लिए कुछ नए तंत्र लागू किए गए हैं।

# नौतपा बेअसर, मौसम हुआ अनुकूल दो-तीन दिन में केरलम में मानसून

### महाराष्ट्र में मानसून पूर्व बारिश शुरू, यूपी-राजस्थान में धूल भरी आंधी

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले दो से तीन दिनों में केरल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में प्रवेश कर जाएगा। अमूमन मानसून के केरलम पहुंचने की सामान्य तारीख 1 जून होती है, लेकिन इस बार अल नीनो के प्रभाव से इसमें देरी हुई है। हालांकि, महाराष्ट्र और दक्षिण भारत के तटीय क्षेत्रों में मानसून पूर्व बारिश की शुरुआत हो चुकी है।

पश्चिमी विक्षोभ के असर से उत्तर भारत में नौतपा दो-तीन दिन से बेअसर हो गया है। फिलहाल लू की संभावना भी नहीं है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली मानसूनी हवाओं के लिए हालात पूरी तरह अनुकूल हैं। ये हवाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं, जिससे दक्षिण भारत के राज्यों केरलम, तमिलनाडु और तटीय आंध्र प्रदेश में भारी बारिश और गरज के साथ बौछारें शुरू होने की उम्मीद है। आमतौर पर 15 जुलाई तक मानसून पूरे भारत में फैल जाता है।

आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, अगले दो-तीन दिन में मानसून दक्षिण-पश्चिम, पश्चिम-मध्य, पूर्व-मध्य और उत्तर-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों तथा दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के शेष हिस्सों में भी आगे बढ़ सकता है। ब्यूरो

### दिल्ली-यूपी में 5 तक बारिश, चलेंगी तेज हवाएं

उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। बुधवार से नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से 6 जून को जम्मू-कश्मीर में छिटपुट से उत्तराखंड तक गरज व चमक के साथ बारिश होने और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी व पूर्वी यूपी में 5 जून तक छिटपुट बारिश, ओलावृष्टि व 70 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलेंगी।

■ दिल्ली में सामान्य से 3.7 डिग्री नीचे तापमान बना है। अधिकतम पारा सोमवार को 36.3 डिग्री रहा।

## सीबीएसई पोर्टल नहीं हुआ शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन व पुनर्मूल्यांकन के लिए पोर्टल शुरू न होने से विद्यार्थी परेशान हैं। इसे सोमवार से शुरू होना था, जो रात 12 बजे तक शुरू नहीं हुआ।

बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि सिस्टम को अपग्रेड करने और भुगतान संबंधी कार्यों को अंतिम रूप देने के कारण प्रक्रिया में देरी हुई है। बोर्ड ने सोशल मीडिया पर दोपहर में जल्द शुरू होने की सूचना दी थी, लेकिन विद्यार्थी इंतजार ही करते रहे।

बोर्ड ने विद्यार्थियों से धैर्य रखने की अपील की। बोर्ड ने कहा, विद्यार्थी शंका समाधान के लिए बोर्ड टेली-काउंसलिंग हेल्पलाइन 1800 11 8004 पर संपर्क कर सकते हैं या resultcbse 2026@cbseshiksha.in पर ईमेल भेज सकते हैं। ब्यूरो

## छोटू सिलिंडर फिर 11 रुपये महंगा

**नई दिल्ली।** सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने पांच किलो वाले छोटू एलपीजी सिलिंडर की कीमत में फिर 11 रुपये की वृद्धि की है। अब यह 821.50 रुपये में मिलेगा। 19 किग्रा का वाणिज्यिक सिलिंडर भी 42 रुपये महंगा हो गया। ताजा वृद्धि के बाद 14 किग्रा वाले घरेलू सिलिंडर और 5 किग्रा वाले छोटू सिलिंडर के दाम में सिर्फ 91 रुपये का अंतर रह गया है।

**अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के लिए एटीएफ 27% सस्ता :** कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के लिए एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के दामों में 27 फीसदी की बड़ी कटौती की है। इससे विदेशी एयरलाइंस को राहत मिलेगी। घरेलू एयरलाइंस के लिए एटीएफ की कीमतें लगातार दूसरे महीने अपरिवर्तित रखी गई हैं। ब्यूरो

# कलिता : घरों में बर्तन मांजे, फिर विधायक...अब मंत्री, शपथ के लिए अच्छी साड़ी किसी और ने दी

### लोकतंत्र की प्रेरणादायी कहानी : काम वाली दीदी से माननीय मंत्री तक पहुंचीं कलिता माझी

एन अर्जुन

**कोलकाता।** ऐतिहासिक जनादेश देने वाले प. बंगाल से लोकतंत्र की ताकत को बयां करने वाली प्रेरणादायक कहानी सामने आई है 37 साल की कलिता माझी की। परिवार का गुजर-बसर करने के लिए वह कुछ दिन पहले तक दूसरों के घरों में बर्तन मांजती थीं। हालिया चुनाव में भाजपा ने टिकट दिया, तो जीत दर्ज कर विधायक बनीं और अब मंत्री बन गई हैं।

सीएम शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को मंत्रिमंडल का विस्तार किया, तो कलिता को राज्यमंत्री बनाया गया। काम वाली दीदी से माननीय मंत्री बनने तक का कलिता का सफर संघर्षों भरा तो है, प्रेरणादायक भी है। कलिता ने कहा, विधायक बनना ही मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। मंत्री बनने के बारे में तो मैंने कभी सोचा भी नहीं था।



कलिता माझी

आउसग्राम से विधायक कलिता के पति प्लंबर का काम करते हैं। आय सीमित थी, इसलिए आसपास के घरों में घरेलू सहायिका के रूप में काम शुरू किया। काम और परिवार की जिम्मेदारियों से इतर, कलिता गरीब परिवारों की मदद के लिए हमेशा आगे खड़ी रहीं। लोगों के सुख-दुख में शामिल होने की आदत उन्हें राजनीति के करीब ले आई। वह भाजपा दफ्तर जाने लगीं। संगठन के कार्यक्रमों में हिस्सा लेतीं। लोगों की समस्याएं उठातीं। उस दौर में गांवों तक पकड़ बनाने की कोशिश कर रही भाजपा ने उन्हें 2021 में विधानसभा का टिकट दिया, पर हार गईं। हालांकि क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहीं और 2026 में जीतकर विधानसभा पहुंचीं। कलिता के पास शपथ ग्रहण के लिए अच्छी साड़ी तक नहीं थी। जिस परिवार में काम करती थीं, वहां से उन्हें साड़ी गिफ्ट में मिली। शपथ के बाद भावुक कलिता ने कहा, यह अवसर सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही दे सकते थे।

>> पत्रकार, क्रिकेटर और शिक्षाविद् बने मंत्री : पेज 13

# मोहना : वकील से सीधे शीर्ष कोर्ट में जज बनने वाली दूसरी महिला

### सेना में महिलाओं के हकों की लड़ाई से चर्चा में आई थीं

**नई दिल्ली।** सेना में महिलाओं के हकों के लिए सर्वोच्च न्यायालय तक लड़ने वाली वरिष्ठ वकील वेंकिटा सुब्रमणि मोहना (वी. मोहना) अब सीधे उसी कोर्ट में जज के रूप में पदोन्नत होने वाली दूसरी महिला वकील बन गई हैं। इससे पहले, 2018 में इंदु मल्होत्रा को बार से सीधे शीर्ष कोर्ट में न्यायाधीश बनाया गया था।



वी.मोहना

वी. मोहना सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बीवी नागरत्ना के बाद दूसरी महिला न्यायाधीश होंगी। मोहना (59) ने 1988 में तमिलनाडु के कोयंबटूर लॉ कॉलेज से स्नातक किया और तभी से वकालत कर रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 2015 में उन्हें वरिष्ठ वकील नामित किया। वह कई हाई-प्रोफाइल मामलों में पैरवी कर चुकी हैं। इनमें सशस्त्र बलों में महिला अधिकारियों के लिए स्थायी कमीशन, वरिष्ठ नागरिकों के संपत्ति अधिकार और कर्नाटक हिजाब प्रतिबंध मामला शामिल है। ब्यूरो

>> पांच नए जज आज लेंगे शपथ : पेज 13



## आज के कार्यक्रम

**चर्चा**

- **इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र :** सुबह 10.30 बजे बोर्ड में राउंड टेबल चर्चा का आयोजन होगा।

**संगीत**

- **कमानी ऑडिटोरियम :** दोपहर 3 बजे से पंडित भजन सपोरी दिवस पर संगीत संध्या का आयोजन होगा।

**सेमिनार**

- **इंडिया इंटरनेशनल सेंटर :** सुबह 10 बजे से एआई, लेखकत्व और उभरता रचनात्मक पारिस्थितिकी तंत्र पर सेमिनार का आयोजन होगा।

**प्रदर्शनी**

- **इंडिया हैबिटेट सेंटर :** सुबह 11 बजे से वर्चुअल आर्ट गैलरी में कला प्रदर्शनी का आयोजन होगा।
- **बीकानेर गैलरी :** सुबह 11 बजे से विभिन्न कला प्रदर्शनियों का आयोजन।

**मुखौटों वाली प्रदर्शनी**

- **इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र :** सुबह 11 बजे से मुखौटों वाली कला प्रदर्शनी का आयोजन होगा।

**आपकी आवाज**

किसी कार्यक्रम की सूचना, अन्य जानकारी और फोटो हमें भेजें।

ईमेल

del.metrobureau@del.amarujala.com

व्हाट्सएप करें

9873687563

# सर्दियों से पहले दिल्ली को डस्ट-फ्री बनाने की तैयारी, एलजी ने तैयार किया मिशन मोड प्लान

## उपराज्यपाल ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष के साथ की समीक्षा बैठक, सड़क की धूल को माना गया प्रदूषण का सबसे बड़ा और आसान समाधान योग्य कारण

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सर्दियों के दौरान दमघोंटू प्रदूषण से निपटने के लिए इस बार प्रशासन ने समय से पहले ही अपनी रणनीतिक तैयारी शुरू कर दी है। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने सोमवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अध्यक्ष राजेश वर्मा के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक का सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह रहा कि इस बार दिल्ली की क्लीन एयर रणनीति का मुख्य आधार सड़क की धूल को खत्म करना रहेगा। एलजी ने स्पष्ट किया कि धूल के कणों को नियंत्रित करना अब कोई विकल्प नहीं, बल्कि एक अनिवार्य आवश्यकता है, जिसे टाला नहीं जा सकता। राजधानी की आबोहवा में सुधार के लिए उपराज्यपाल ने सभी संबंधित एजेंसियों को युद्ध स्तर पर काम करने और सर्दियों की शुरुआत से पहले मापने योग्य परिणाम देने का निर्देश दिया है।

**ड्रेनेज सिल्ट और सड़क मरम्मत पर बढ़ेगी सख्ती :** नालों की सफाई के बाद निकलने वाली गाद (सिल्ट) को सड़क किनारे सूखने के लिए छोड़ दिया जाता है, जो बाद में धूल बनकर हवा में घुल जाती है। एलजी ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए निर्देश दिया कि गाद निकालने वाली एजेंसियां इसका तत्काल निपटान करें। इसके अलावा, सड़कों के किनारे खाली पड़ी जगहों पर पौधरोपण और ग्रीन बफर बढ़ाने पर जोर दिया गया है ताकि कच्ची मिट्टी हवा में न उड़े।



उपराज्यपाल संधू सीएक्यूएम अध्यक्ष के साथ बैठक करते हुए। अमर उजाला

### धूल पर नियंत्रण सबसे आसान और असरदार समाधान

उपराज्यपाल ने बहुत ही व्यावहारिक पहलू पर अपने सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि पीएम2.5 और पीएम10 के स्तर को बढ़ाने में धूल का बहुत बड़ा योगदान है, लेकिन इसे नियंत्रित करना सबसे आसान है। इसका कारण यह है कि धूल नियंत्रण के लिए जिम्मेदार अधिकांश एजेंसियां दिल्ली के भीतर ही स्थित हैं, जिससे समन्वय करना सरल है। एलजी ने निर्देश दिया कि केवल मुख्य सड़कों पर ही नहीं, बल्कि पूरी दिल्ली में सड़क के कोनों तक मरम्मत और सफाई सुनिश्चित की जाए। इसके लिए पर्याप्त संख्या में मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों की तैनाती के साथ-साथ उनकी रूट मॉनिटरिंग को भी सख्त करने को कहा गया है।

### तकनीक से निगरानी और बढ़ेगा एजेंसियों में समन्वय

प्रदूषण नियंत्रण की राह में सबसे बड़ी बाधा एजेंसियों के बीच तालमेल की कमी रही है। इसे दूर करने के लिए एलजी ने सीएक्यूएम, एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, डीडीए, एनडीएमसी और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण जैसी सभी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बनाने को कहा है। अब प्रदूषण नियंत्रण उपायों की जमीन पर निगरानी के लिए तकनीक का सहारा लिया जाएगा। रीयल-टाइम ट्रैकिंग सिस्टम और डाटा-आधारित मूल्यांकन तंत्र के माध्यम से अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

# अब बारिश के मौसम में भी नहीं रुकेंगे रेलवे के पहिये

## पुरानी दिल्ली में लोहे के पुल के बगल में तैयार हुआ दूसरा पुल, चल रहा ट्रायल

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अब बारिश के मौसम में भी पुरानी दिल्ली से आने-जाने वाली ट्रेनों के पहिये नहीं थमेंगे। पहले बारिश के मौसम में यमुना के खतरे के निशान पर आते ही लोहे वाले पुल तक पानी टकराने लगता है। इस कारण पुरानी दिल्ली आने वाली ट्रेनों के पहिये थम जाते थे। अब लोहे के पुल के नजदीक ही बड़ा ब्रिज बनकर तैयार है जो पुराने पुल से करीब तीन मीटर ऊंचा है। पिछले कुछ दिनों से पुल पर ट्रेनों का ट्रायल किया जा रहा है। ट्रायल सफल रहने पर इसे पूरी तरह से खोल दिया जाएगा। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री कर सकते हैं।

नया पुल बनाने की योजना को 1997-98 में अप्रूवल मिला और 2003 में निर्माण कार्य शुरू किया गया। हालांकि, इसमें लगातार विलंब होता रहा। अधिकारियों का कहना है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) व अन्य एजेंसियों से अप्रूवल लेना पड़ा था। इस कारण करीब पांच साल विलंब हुआ। अब नया पुल तैयार हो गया है। पुराने लोहे वाले पुल के समानांतर नए रेलवे पुल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी पुल की ओर से निरीक्षण कार्य भी पूरा हो चुका है।

अब शाहदरा और गाजियाबाद से आने वाली ट्रेनों का ट्रायल रन किया जा रहा है। जल्द ही इसका औपचारिक उद्घाटन होने वाला है। उसके बाद अधिकतर ट्रेनों को इस पुल पर डायवर्ट कर दिया जाएगा। नए पुल के शुरू होने से दिल्ली के रेलवे नेटवर्क को बड़ी राहत मिलेगी। खासकर पुरानी दिल्ली स्टेशन से निकलने वाली ट्रेनों को वैकल्पिक मार्ग मिलेगा और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का दबाव कम होगा।



पुराने लोहे वाले पुल के बगल में बना नया रेलवे पुल। अमर उजाला

### 1866 में अंग्रेजों ने बनवाया था पुल

ऐतिहासिक महत्व रखने वाले पुराने रेलवे पुल को 1866 में अंग्रेजों ने बनवाया था। इसका निर्माण महज तीन वर्षों में पूरा किया गया था। इसके ऊपर ट्रेनें और नीचे गाड़ियां चलती हैं। यह दिल्ली को हावड़ा से जोड़ने वाला पहला बड़ा रेलवे पुल था। लोहे का पुल अपनी तकनीकी उम्र पूरी कर चुका है। धीरे-धीरे इस पुल से सभी ट्रेनों को नए पुल पर शिफ्ट कर दिया जाएगा।

- पुराने लोहे के रेलवे पुल पर 10 किलोमीटर की रफ्तार से ट्रेन को पास किया जाता है। बाढ़ के दौरान यमुना नदी का जलस्तर अधिक होने पर पुल पर ट्रेनों की आवाजाही बंद कर दी जाती है। ट्रेनों को दूसरे पुल पर डायवर्ट कर दिया जाता है। ऐसे में गाजियाबाद से दिल्ली को आने और जाने वाली ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होता है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी ट्रेनों का दबाव बढ़ता है। अब नए पुल पर ट्रेनें 20 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चल सकेंगी। पुल की ऊंचाई भी लगभग तीन मीटर अधिक होने से ट्रेनों का संचालन जारी रहेगा।

# रेलवे ने पहली बार शुरू की छोटी खेप में माल ढुलाई

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने पहली बार ऑटोमोबाइल सेक्टर में छोटी खेप में माल ढुलाई शुरू की है। इसके तहत दिल्ली के बादली से कश्मीर घाटी के लिए माल भेजी गई है। उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल ने मई 2026 में माल ढुलाई के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए खाद्यान्न और ऑटोमोबाइल की लोडिंग में बढ़ोतरी दर्ज की है।

दिल्ली मंडल ने मई 2026 में ऑटोमोबाइल लोडिंग का अपना पिछला रिकॉर्ड बराबर कर लिया है। इस महीने 253 रैक लोड किए गए, जो अप्रैल 2026 के 253 रैक के रिकॉर्ड के बराबर है। इससे रेलवे को बड़ा फायदा हुआ है। मई 2025 की तुलना में इस साल मई में ऑटोमोबाइल ढुलाई से होने वाली आय में 77.42% की बढ़ोतरी हुई है। मई 2026 में यह कमाई 45.49 करोड़ रुपये रही, जबकि मई 2025 में यह 25.64 करोड़ रुपये थी।

खाद्यान्न की ढुलाई में भी मंडल ने बढ़ोतरी दर्ज की है। मई 2026 में 0.38 मिलियन टन खाद्यान्न लोड किया गया, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 16.34% अधिक है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि माल ढुलाई में यह बढ़ोतरी रेलवे की बेहतर योजना का परिणाम है। ब्यूरो

### दिल्ली मंडल ने माल ढुलाई में बनाया रिकॉर्ड, बादली से अनंतनाग भेजा माल

**कश्मीर के लिए शुरू हुई नई सुविधा और तीव्र स्पेशल ट्रेनें**

दिल्ली मंडल ने पहली बार कश्मीर घाटी के लिए पीस मील लोडिंग की शुरुआत की है। 10 मई 2026 को दिल्ली के बादली से अनंतनाग के लिए पहली खेप रवाना की गई। मई में कुल 4 वैगन कश्मीर भेजे गए। इसके अलावा मई 2026 में 13 'तीव्र' स्पेशल ट्रेनें लोड कर पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के लिए रवाना की गईं, जिनसे 4.96 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

# जीबी पंत अस्पताल में 174 पदों के लिए कंसल्टेंट होंगे नियुक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के जीबी पंत अस्पताल में 150 से अधिक पदों पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कंसल्टेंट (सलाहकार) के तौर पर नियुक्त किया जाएगा। अनुबंध के आधार पर पैरामेडिकल और तकनीकी कर्मियों की भर्ती होगी। इसमें सीनियर रेडियोग्राफर, योगा थेरेपिस्ट, डायटीशियन सहित तकनीकी कार्यों से जुड़े पदों पर 174 कर्मी नियुक्त होंगे।

अस्पताल के अनुसार सलाहकार की नियुक्ति एक वर्ष की अवधि के लिए होगी। हालांकि सलाहकार के संतोषजनक प्रदर्शन और विशिष्ट कार्य व उसके पूरा होने की समयसीमा के आधार पर इसे आगे बढ़ाया जा सकता है। किसी भी स्थिति में सलाहकार को पांच वर्ष से अधिक की अनुमति नहीं दी जाएगी। सलाहकार के रूप में नियुक्ति की अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी।

वहीं दिल्ली सरकार के दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में हड्डी रोग और नेत्र रोग विशेषज्ञ की भर्ती की जाएगी। अस्पताल ने सीनियर रेजिडेंट के चार पदों के लिए भर्ती निकाली है। इसको लेकर तीन जून को साक्षात्कार का आयोजन होगा। यह भर्ती 89 दिन के लिए एडहॉक आधार पर होगी। ब्यूरो

## न्यूज डायरी

### चार दिन मौसम रहेगा खुशनुमा, बरसेंगे बदरा

**नई दिल्ली।** जून के पहले सप्ताह में मौसम की मेहरबानी बनी रहेगी। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस दौरान तेज धूलभरी आंधी, हल्की बारिश हो सकती है। इससे छह जून तक अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे ही रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, 2 से 7 जून तक दिल्ली में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 36 से 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। 2 से 5 जून के बीच आंशिक से लेकर घने बादल छाए रहेंगे और कई स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने चार जून को बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। संवाद

### 700 से अधिक लोगों को किया जागरूक

**नई दिल्ली।** दिल्ली यातायात पुलिस की 'परियोजना संगम' के तहत सामुदायिक सहभागिता आधारित यातायात प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा रहा है। पिछले पखवाड़े में 61 सामुदायिक बैठकों के माध्यम से 700 से अधिक लोगों को जागरूक किया गया। इनमें आरडब्ल्यूए, बाजार संघ, ऑटो और ई-रिक्शा यूनियन, टैक्सी चालक तथा स्कूली छात्र शामिल रहे। इस दौरान 104 शिकायतें और सुझाव प्राप्त हुए। संवाद

# राजधानी में ई-बसों के लिए 50 डिपो होंगे विद्युतीकृत

## 4,000 इलेक्ट्रिक बसें चल रहीं, मार्च 2027 तक 5,000 चलाने का लक्ष्य

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजधानी में इलेक्ट्रिक सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए परिवहन विभाग ने बस डिपो को विद्युतीकृत करने का काम तेज कर दिया है। विभाग का लक्ष्य इस साल के अंत तक करीब 50 बस डिपो को पूरी तरह ई-बसों के संचालन के लिए तैयार करना है, ताकि बढ़ते इलेक्ट्रिक बस बेड़े के लिए जरूरी ढांचा समय पर उपलब्ध हो सके।

अधिकारियों के मुताबिक दिल्ली में कुल 83 बस डिपो हैं। इनमें से करीब 35 डिपो का विद्युतीकरण पूरा हो चुका है जबकि पांच से छह डिपो में निर्माण और बिजली से जुड़े काम तेजी से चल रहे हैं। विभाग का कहना है कि नई इलेक्ट्रिक बसों के आने से पहले चार्जिंग और बिजली आपूर्ति की पूरी व्यवस्था करना प्राथमिकता है। परिवहन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ई-बसों की खरीद और डिपो के विद्युतीकरण का काम साथ-साथ चल रहा है, ताकि नई बसें मिलने के बाद उनके संचालन में कोई देरी न हो। डिपो को ई-बसों के अनुकूल बनाने के लिए चार्जिंग स्टेशन लगाए जा रहे हैं, बिजली आपूर्ति क्षमता बढ़ाई जा रही है, नए ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं और चार्जिंग बे व विशेष पार्किंग क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं।

### नई बसों के आने से पहले चार्जिंग और बिजली आपूर्ति की व्यवस्था करना प्राथमिकता

दिल्ली पहले ही देश के सबसे बड़े इलेक्ट्रिक बस नेटवर्क वाले शहरों में शामिल है। फिलहाल राजधानी की सड़कों पर 4,000 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें दौड़ रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि इस साल के अंत तक करीब 1,000 और ई-बसें बेड़े में शामिल हो जाएंगी।

सरकार ने मार्च 2027 तक 5,000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें चलाने का लक्ष्य रखा है। नई बसें केंद्र सरकार की पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत खरीदी जा रही हैं। इस योजना के तहत दिल्ली को 2,800 से ज्यादा नई इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी।

इनमें 9 मीटर और 12 मीटर लंबाई की लो-फ्लोर बसें शामिल होंगी। सभी बसों में जीपीएस, सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन और यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ी अन्य आधुनिक सुविधाएं होंगी। अधिकारियों का कहना है कि बसों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ डिपो का आधुनिकीकरण भी किया जा रहा है, जिससे राजधानी का सार्वजनिक परिवहन और अधिक स्वच्छ, आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनेगा।

# वर्षा जल संचयन को बढ़ावा, 500 नए प्लांट होंगे स्थापित

## भूजल स्तर सुधारने के लिए अभियान, 1,000 निष्क्रिय प्रणालियों को कार्यशील बनाया जाएगा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पेयजल व्यवस्था को मजबूत बनाने और मानसून से पहले भूजल स्तर में सुधार के उद्देश्य से दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने व्यापक वर्षा जल संचयन अभियान शुरू किया है। अभियान के पहले चरण में 500 नए रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्लांट स्थापित किए जाएंगे, जबकि विभिन्न सरकारी भवनों में मौजूद 1,000 निष्क्रिय प्रणालियों को दोबारा कार्यशील बनाया जाएगा।



प्रवेश साहिब सिंह

जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि जल संरक्षण को केवल मौसमी मुद्दा नहीं माना जा सकता। इसे जन आंदोलन का रूप देना होगा, ताकि वर्षा जल का अधिकतम उपयोग कर भूजल संसाधनों को मजबूत किया जा सके। दिल्ली में वर्ष 2001 से 100 वर्ग मीटर या उससे अधिक क्षेत्रफल वाले भूखंडों पर वर्षा जल संचयन प्रणाली लगाना अनिवार्य है। इसके बावजूद रखरखाव के अभाव में बड़ी संख्या में स्थापित प्रणालियां निष्क्रिय हो गई हैं, जिससे भूजल पुनर्भरण में उनका अपेक्षित योगदान नहीं मिल पा रहा है।

वर्तमान में राजधानी के 9,148 सरकारी भवनों में से लगभग 7,596 भवनों में वर्षा जल संचयन प्रणालियां स्थापित हैं। दिल्ली जल बोर्ड विशेष अभियान चलाकर इन सभी प्रणालियों की जांच करेगा, ताकि आगामी मानसून में वे प्रभावी ढंग से वर्षा जल संग्रहित कर सकें। इसके लिए तत्काल टेंडर जारी किए जा रहे हैं। जून के प्रथम सप्ताह में कार्यादेश दिए जाएंगे और प्रथम चरण के सभी कार्य 30 जून 2026 तक पूरे करने का लक्ष्य रखा गया है। जल मंत्री ने कहा कि दिल्ली में होने वाली बारिश की प्रत्येक बूंद मूल्यवान संसाधन है। इसे बहने देने के बजाय संरक्षित कर भूजल में वापस पहुंचाना आवश्यक है।

**कई विभागों के भवन होंगे शामिल :** इस पहल के तहत नगर निगम दिल्ली (एमसीडी), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), दिल्ली अर्बन शेल्टर इम्प्रूवमेंट बोर्ड (डीयूएसआईबी), शिक्षा निदेशालय और अन्य सरकारी विभागों के भवनों को शामिल किया जाएगा।

### प्रतिवर्ष 73 करोड़ लीटर से अधिक जल का होगा पुनर्भरण

डीजेबी के अनुसार, परियोजना के तहत शामिल भवनों के छत क्षेत्रफल और दिल्ली की औसत वार्षिक वर्षा को आधार मानकर अनुमान लगाया गया है कि इससे प्रतिवर्ष लगभग 733 मिलियन लीटर, यानी 73 करोड़ लीटर से अधिक वर्षा जल का भूजल में पुनर्भरण हो सकेगा।

**ऑनलाइन पोर्टल भी बनाया जा रहा :** अभियान की निगरानी और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दिल्ली जल बोर्ड एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित कर रहा है। यह पोर्टल वर्षा जल संचयन प्रणालियों की स्थापना, अनुपालन निगरानी और संबंधित सूचनाओं के प्रबंधन में मदद करेगा। इसके अलावा, एनसीआर में वर्षा जल संचयन प्रणालियों के प्रचार, क्रियान्वयन और रखरखाव के लिए 59 सेवा प्रदाताओं को सूचीबद्ध किया गया है।

# एनडीएमसी क्षेत्र में सभी वाटर एटीएम से मिलेगा मुफ्त ठंडा पानी

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बीच नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने लोगों को राहत देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। परिषद क्षेत्र में स्थापित सभी 38 वाटर एटीएम से मुफ्त पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। यह व्यवस्था दो जून से लागू होगी।

एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने परिषद क्षेत्र में स्थापित सभी वाटर एटीएम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर पेयजल की उपलब्धता, मशीनों की कार्यक्षमता और स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। इससे राहगीरों, श्रमिकों, विद्यार्थियों, पर्यटकों और आम लोगों को गर्मी में राहत मिलेगी।

उन्होंने बताया कि अभी तक एनडीएमसी 23 वाटर एटीएम पर 300 मिलीलीटर पानी एक रुपये में उपलब्ध कराया जाता था, जबकि 15 वाटर एटीएम पहले से ही मुफ्त सेवा दे रहे थे। ब्यूरो

# उद्योग नगर में जलभराव से स्थायी समाधान के लिए खर्च होंगे 45 करोड़

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उद्योग नगर औद्योगिक क्षेत्र में जलभराव की पुरानी समस्या का स्थायी समाधान होगा। क्षेत्र में करीब 45 करोड़ रुपये की लागत से भीतर की सड़कों, स्टॉर्म वॉटर ड्रेन और सीवरेज कनेक्टिविटी को मजबूत करने के काम जल्द शुरू होंगे। वहीं, औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों और सार्वजनिक स्थानों से अवैध कब्जे हटाने के लिए विशेष अभियान चलेगा, जबकि वैध ट्यूबवेल और बोरवेल कनेक्शनों को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। उद्योग मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने क्षेत्र का दौरा करने के बाद ये घोषणा की है। मंत्री ने कहा कि उद्योगों का विकास और पर्यावरण संरक्षण दोनों साथ-साथ चलेंगे। उद्योग दिल्ली की अर्थव्यवस्था और रोजगार का महत्वपूर्ण आधार हैं, इसलिए उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान पहले होगा। मंत्री ने क्षेत्र में जलभराव और ड्रेनेज की समस्या का जायजा लिया। उन्होंने कहा निर्माण का काम जल्द शुरू किया जाएगा। डीएसआईआईडीसी जल्द ही सड़कें बनाएगा।



उद्योग नगर औद्योगिक क्षेत्र का दौरा करते उद्योग मंत्री सिरसा। अमर उजाला

### भीतर की सड़कें, स्टॉर्म वॉटर ड्रेन और सीवरेज कनेक्टिविटी सुधरेगी, जल्द शुरू होगा काम

**अवैध कब्जे और बोरवेल हटेंगे :** ट्यूबवेल और बोरवेल को लेकर उद्योगपतियों की चिंताओं पर मंत्री ने स्पष्ट किया कि वैध कनेक्शनों पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। केवल उन इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है जो प्रदूषण फैलाने के लिए चिन्हित की गई हैं। यदि किसी सूची में गलती पाई जाती है तो उसकी समीक्षा कर सुधार किया जाएगा। साथ ही सरकार ट्यूबवेल और बोरवेल से जुड़े मुद्दों के स्थायी समाधान के लिए व्यापक नीति तैयार कर रही है। मंत्री ने अधिकारियों को औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों और सार्वजनिक स्थानों से अवैध कब्जे हटाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि झुग्गी क्लस्टर और अतिक्रमण से उद्योगों के संचालन और रखरखाव पर असर पड़ता है।

**चिंता** | केंद्रीय भूजल आयोग और जल शक्ति मंत्रालय की रिपोर्ट में सामने आई हकीकत, 92 फीसदी तक पहुंचा भूजल दोहन

# भूजल की लूट-दोहन से कमजोर हुई धरती, बढ़ रहा धंसाव का डर

नितिन राजपूत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जमीन धंसने की बढ़ती घटनाओं के पीछे भूजल का अत्यधिक दोहन, तेजी से बढ़ता शहरीकरण और बड़ी संख्या में निर्माण गतिविधियां प्रमुख कारण बनकर सामने आई हैं। केंद्रीय भूजल प्राधिकरण (सीजीडब्ल्यूए) और जल शक्ति मंत्रालय की राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में दाखिल रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। रिपोर्ट बताती है कि 2025 में दिल्ली का भूजल दोहन स्तर 92.10 प्रतिशत पहुंच गया है। यह क्रिटिकल श्रेणी में माना जाता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में सड़कों व जमीन के धसने की बड़ी वजह भूजल का अत्यधिक दोहन है। इससे धरती अंदर से खोखली होती जा रही है। आबादी भी तेजी से बढ़ रही है। इसकी जरूरत को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य हो रहा है। इसका मिलाजुला असर दिल्लीवालों पर बेहद खराब पड़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली के नई दिल्ली, उत्तर-पूर्व, शाहदरा और दक्षिण जिले ओवर-एक्सप्लॉइटेड श्रेणी में हैं।

मतलब इन जिलों में जितना पानी धरती के अंदर साल-दर-साल जा रहा है, Æउससे कहीं ज्यादा इसकी निकासी की जा रही है। जबकि पूर्वी और पश्चिम दिल्ली में भूजल दोहन क्रिटिकल श्रेणी यानि 90 फीसदी से है। केवल उत्तर-पश्चिम और नजूल भूमि अपेक्षाकृत सुरक्षित माने गए हैं।

### धरती में यहां फंसता पानी

रिपोर्ट बताती है कि दिल्ली की जमीन का बड़ा हिस्सा नरम एलुवियल मिट्टी से बना है। जबकि बीच में क्वार्टजाइट चट्टानें मौजूद हैं। भूजल मुख्य रूप से इन एलुवियल परतों और चट्टानों की दरारों में जमा रहता है। लेकिन लगातार निकासी के कारण कई क्षेत्रों में भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है।

### 2030 तक कई क्षेत्रों में भूजल स्तर और नीचे गिरेगा

सीजीडब्ल्यूए की रिपोर्ट के अनुसार, यमुना फ्लड प्लेन और दिल्ली रिज राजधानी के सबसे महत्वपूर्ण भूजल रिचार्ज जोन हैं। नेशनल एक्वीफर मैपिंग प्रोग्राम (नाक्विम) के तहत किए गए अध्ययन में पाया गया कि दिल्ली की 27 तहसीलों में से 15 पहले ही ओवर-एक्सप्लॉइटेड श्रेणी में पहुंच चुकी हैं। कई इलाकों में नाइट्रेट, फ्लोराइड, लवणता और भारी धातुओं से भूजल प्रदूषित भी पाया गया है। रिपोर्ट में यह चेतावनी भी दी गई है कि यदि मौजूदा स्थिति जारी रही, तो वर्ष 2030 तक कई क्षेत्रों में भूजल स्तर और नीचे जा सकता है। इसके लिए वर्षा जल संचयन, कृत्रिम भूजल रिचार्ज, भूजल निकासी पर सख्त नियंत्रण और रिचार्ज क्षेत्रों की सुरक्षा को आवश्यक बताया गया है।

### दिल्ली में हर दिन लगभग 250 एमजीडी पानी की कमी

रिपोर्ट में बताया है कि दिल्ली में भूजल संकट एक जटिल समस्या है, जिसके समाधान के लिए केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) मिलकर काम कर रहे हैं। जल शक्ति अभियान, अमृत सरोवर मिशन, डिजिटल फ्लो मीटर, टेलीमेट्री सिस्टम और जनभागीदारी कार्यक्रमों के जरिए जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही, दिल्ली की आबादी भी लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2020 में जहां राजधानी की आबादी 2.01 करोड़ थी। वहीं, 2025 तक यह बढ़कर 2.21 करोड़ हो गई। बढ़ती आबादी के साथ पानी की मांग भी बढ़ रही है। डीजेबी प्रतिदिन करीब 1000 एमजीडी पानी की आपूर्ति करता है, जबकि शहर की जरूरत 1250 एमजीडी है। यानी दिल्ली को हर दिन लगभग 250 एमजीडी पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

# नई ईवी पॉलिसी में 2.50 लाख ई-रिक्शा का प्रस्ताव

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने प्रस्तावित ईवी पॉलिसी 2.0 में ई-रिक्शा की अधिकतम संख्या 2.5 लाख तय करने का प्रस्ताव रखा है। यदि यह प्रावधान लागू हो जाता है तो राजधानी में पहली बार ई-रिक्शा के बेड़े में निश्चित सीमा निर्धारित हो जाएगी। सरकार का कहना है कि इसका मकसद, यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाना, सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और तेजी से बढ़ रहे इस क्षेत्र को नियामक दायरे में लाना है।

नीति के मसौदे के अनुसार 2.5 लाख की निर्धारित सीमा पूरी होने के बाद नए ई-रिक्शा के पंजीकरण की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक

### बढ़ते ई-रिक्शा बेड़े पर नियंत्रण की तैयारी, तय सीमा पूरी होने पर नए पंजीकरण पर लग सकती है रोक

सरकार इस सीमा की समीक्षा कर उसे संशोधित न करे। वर्तमान में राजधानी में करीब चार लाख ई-रिक्शा होने का अनुमान है, जबकि इनमें से केवल 2,05,665 वाहन ही आधिकारिक रूप से पंजीकृत हैं। परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में ई-रिक्शा की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। विशेष रूप से मेट्रो स्टेशनों, बाजारों और घनी आबादी वाले इलाकों में इनकी संख्या बढ़ने से यातायात दबाव भी बढ़ा है। कई स्थानों पर पार्किंग के कारण जाम की स्थिति बनती है।

# दक्षिण दिल्ली में गहराया जलसंकट बूंद-बूंद को तरस रहे हजारों परिवार

## खानपुर, मदनगीर, देवली और संगम विहार में एक महीने से बिगड़े हालात, टैंकरों पर बढ़ी निर्भरता

संवाद न्यूज एजेंसी



पानी के लिए इस तरह की जद्दोजहद राजधानी में करनी पड़ रही। फाइल

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के खानपुर, मदनगीर, देवली और संगम विहार समेत कई इलाकों में पानी की कमी ने लोगों का जीवन मुश्किल बना दिया है। जलापूर्ति प्रभावित होने के कारण हजारों परिवार रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पीने के पानी से लेकर खाना बनाने, नहाने, कपड़े धोने और घर की सफाई जैसे सामान्य काम भी चुनौती बन गए हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पानी की समस्या कोई नई नहीं है, लेकिन पिछले एक महीने में हालात लगातार बिगड़े हैं। कई परिवारों को पानी के टैंकरों का इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि कुछ लोग बाजार से पानी खरीदकर जरूरतें पूरी कर रहे हैं। इससे घरेलू खर्च भी बढ़ गया है।

**सुबह की शुरुआत पानी की चिंता से :** खानपुर निवासी विमलेश ने बताया कि उनकी सुबह अब घरेलू कामों से नहीं, बल्कि पानी की चिंता से शुरू होती है। पिछले एक महीने से जलापूर्ति प्रभावित है। कई बार सुबह जल्दी उठकर पानी भरने की कोशिश करती हैं, लेकिन नल में पानी नहीं आता। जब कभी आता भी है तो दबाव इतना कम होता है कि पर्याप्त मात्रा में पानी जमा नहीं हो पाता। देवली निवासी पिंकी ने बताया कि हर दिन यह चिंता बनी रहती है कि अगले दिन के लिए पर्याप्त पानी बचेगा या नहीं। कई बार पीने के लिए अलग से पानी खरीदना पड़ता है, जिससे परिवार के बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

**रसोई और घरेलू काम प्रभावित :** पानी की कमी का सबसे अधिक असर घरों की रसोई और दैनिक कामकाज पर पड़ रहा है। मदनगीर निवासी रेखा ने बताया कि कई बार खाना बनाने तक में परेशानी होती है। बर्तन धोने, सब्जियां साफ करने और अन्य घरेलू कामों के लिए पानी बचाकर रखना पड़ता है। परिवार के सदस्यों को भी लगातार पानी बचाने की सलाह देनी पड़ती है।

> **टैंकरों के इंतजार में गुजर रहा दिन**
>
> संगम विहार के कई हिस्सों में लोग पानी के टैंकरों पर निर्भर हैं। स्थानीय निवासी दानिश ने बताया कि टैंकरों का इंतजार अब रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गया है। टैंकर पहुंचने की सूचना मिलते ही लोग बाल्टी और ड्रम लेकर लाइन में लग जाते हैं। कई बार टैंकर देर से पहुंचते हैं या पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लंबे समय से समस्या बनी हुई है, लेकिन समाधान नहीं हो रहा।

## नजफगढ़ के गांवों में हरियाणा से पानी लाने को मजबूर लोग

**नई दिल्ली।** राजधानी के नजफगढ़ क्षेत्र में हरियाणा सीमा से सटे एक दर्जन से अधिक गांव इन दिनों गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं। कई महीनों से नियमित जलापूर्ति प्रभावित होने के कारण ग्रामीणों को पीने और घरेलू जरूरतों के लिए हरियाणा के सीमावर्ती गांवों से पानी लाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद दिल्ली जल बोर्ड की ओर से पर्याप्त टैंकर भी उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार झुलझुली, रावता, सारंगपुर, मलिकपुर, समसपुर, उजवा, ईसापुर, गालिबपुर, कादीपुर, ढांसा और दरियापुर खुर्द समेत कई गांवों में जलापूर्ति लंबे समय से बाधित है। कुछ गांवों में पानी बेहद कम दबाव से पहुंच रहा है, जबकि कई इलाकों में कई-कई दिनों तक नलों में पानी नहीं आता। बढ़ती गर्मी के बीच समस्या और गंभीर हो गई है।

मलिकपुर निवासी सतबीर डागर ने बताया कि पीने, खाना बनाने और अन्य घरेलू कार्यों के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा। कई बार अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद सुधार नहीं हुआ। ब्यूरो

> **सुबह से ही पानी की व्यवस्था में जुटना पड़ता है**
>
> कादीपुर गांव की रेखा के अनुसार, इस संकट का सबसे अधिक असर महिलाओं और बुजुर्गों पर पड़ रहा है। जलापूर्ति नहीं होने पर उन्हें सुबह से ही पानी की व्यवस्था में जुटना पड़ता है। कई बार हरियाणा के गांवों से पानी भरकर लाना पड़ता है, जिससे अतिरिक्त समय और श्रम खर्च होता है। वहीं समयपुर निवासी राजेश डागर ने आरोप लगाया कि दिल्ली जल बोर्ड से लगातार टैंकर भेजने की मांग की जा रही है, लेकिन अधिकांश समय टैंकर उपलब्ध नहीं हो पाते। इसके चलते लोगों को निजी स्तर पर पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है।

## जनवरी से मई में पिछले आठ साल का सबसे बेहतर एक्यूआई

### औसत एक्यूआई 211 रहा, अच्छी और मध्यम श्रेणी वाले दिनों की संख्या भी बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की हवा इस साल पहले के मुकाबले और साफ हुई है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अनुसार, जनवरी से मई 2026 के बीच राजधानी का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 211 दर्ज किया गया।

कोविड-19 लॉकडाउन वाले वर्ष 2020 को छोड़ दें तो यह पिछले आठ वर्षों में इसी अवधि का सबसे बेहतर स्तर है। तुलना करें तो 2025 में औसत एक्यूआई 214, 2024 में 231, 2022 में 238 और 2018 में 243 दर्ज किया गया था।इस साल मई में भी हवा की गुणवत्ता में सुधार देखने को मिला। इस महीने का औसत एक्यूआई 157 रहा, जबकि मई 2025 में यह 170 और मई 2024 में 223 था। इस साल जनवरी से मई के बीच अच्छी और मध्यम श्रेणी वाले 75 दिन दर्ज किए गए, जबकि 2025 में ऐसे 70 दिन और 2022 में केवल 37 दिन थे।

5 मई को दिल्ली का सबसे साफ दिन दर्ज हुआ, जब एक्यूआई 86 तक पहुंच गया। वहीं 20 मार्च और 8 अप्रैल को एक्यूआई 93 रहा। दूसरी ओर 18 जनवरी को साल का सबसे प्रदूषित दिन रहा, जब एक्यूआई 440 दर्ज किया गया। संवाद

## न्यूज डायरी

### उपराष्ट्रपति से एलजी संधू ने की चर्चा



**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार मुलाकात कर अपने पितामह सरदार तेजा सिंह समुंदरी के जीवन और योगदान पर आधारित पुस्तक भेंट की। इस दौरान समाज सुधार, शिक्षा और समावेशी भारत के निर्माण जैसे विषयों पर चर्चा हुई। संधू ने कहा कि सरदार तेजा सिंह समुंदरी एक समाज सुधारक, स्वतंत्रता सेनानी व नेता थे। ब्यूरो

### इस्कॉन द्वारका ने शुरु की शीतल पेय सेवा

**नई दिल्ली।** इस्कॉन द्वारका के हजारों श्रद्धालुओं ने दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में ठंडा जल, ठंडाई, नींबू पानी और छाछ वितरित कर लोगों को राहत पहुंचाई। यह अभियान प्रधानमंत्री मोदी की उस अपील से प्रेरित है, जिसमें उन्होंने प्यासे लोगों को पानी उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। इस्कॉन द्वारका अध्यक्ष प्रद्युमन प्रिय दास ने भक्तों का आभार जताया। ब्यूरो

### संगीत ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

**नई दिल्ली।** मुक्तधारा ऑडिटोरियम के बंग संस्कृति भवन में आयोजित दो दिवसीय स्वरलयछंद म्यूजिकल फेस्टिवल का सोमवार को समापन हुआ। यह संगीत संध्या स्वर्गीय पंडित राखाल मिश्र की स्मृति को समर्पित थी। महोत्सव के दूसरे दिन शास्त्रीय गायन और वादन की प्रस्तुतियों ने संगीत प्रेमियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत से परिचित कराया। ब्यूरो

### पत्रकार के निधन पर डीयूजे ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (डीयूजे) से जुड़े पदाधिकारियों ने मेरठ में खुदकुशी करने वाले पत्रकार राजेश अवस्थी को श्रद्धांजलि दी। संगठन ने कहा कि अवस्थी बीमार थे और नौकरी से निकाले जाने के बाद से सदमे में थे। इसके साथ ही वह आर्थिक संकट से जूझ रहे थे। डीयूजे ने कहा कि कम वेतन के कारण पत्रकार गरीबी में जी रहे हैं। ब्यूरो

## केंद्रीय खरीद एजेंसी में बड़ा फेरबदल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की केंद्रीय खरीद एजेंसी (सीपीए) में 40 से अधिक डॉक्टरों, पैरामेडिकल कर्मचारियों और प्रशासनिक अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। फेरबदल के तहत सीपीए के हेड ऑफ ऑफिस (एचओओ) डॉ. विनोद कुमार रंगा समेत 10 डॉक्टरों का तबादला किया गया है। वहीं पैरामेडिकल सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए 19 कर्मचारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सीपीए की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों से 12 अनुभवी चिकित्सा अधिकारियों को भी तैनात किया गया है। ब्यूरो

## फसल नुकसान पर किसानों को मिलेगा 75 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर मुआवजा

### मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की सहमति से दी मंजूरी, 10 हजार किसानों को फायदा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने फसल नुकसान झेलने वाले किसानों को राहत देते हुए मुआवजा राशि में भारी बढ़ोतरी का फैसला किया है।

अगस्त-सितंबर 2025 की भारी बारिश और जलभराव से प्रभावित किसानों को 75 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से सहायता मिलेगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, जिससे करीब 10 हजार किसानों को लाभ मिलेगा।

पिछले साल लगातार हुई बारिश और प्राकृतिक नालों के उफान के कारण दिल्ली के कई ग्रामीण इलाकों में खेतों में पानी भर गया था, जिससे फसलों को भारी नुकसान पहुंचा था।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक कुल 10,977.44 एकड़ (करीब 4,442.41 हेक्टेयर) कृषि भूमि प्रभावित हुई थी। राजस्व विभाग के सर्वे में कई क्षेत्रों में फसल नुकसान 100 प्रतिशत तक पाया गया। इसी आधार पर प्रभावित किसानों को पूरी दर से सहायता देने का निर्णय लिया गया है। ब्यूरो

## 1000 श्रद्धालुओं का जत्था जाएगा पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरु अर्जन देव के शहीदी गुरुपर्व के अवसर पर 1000 श्रद्धालुओं के जत्थे को पाकिस्तान भेजने की मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद 13 वर्षों में पहली बार भारत, पाकिस्तान और दुनिया भर के पंथक संगठन एक ही तारीख पर गुरु अर्जन देव जी का शहीदी दिवस मनाएंगे। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि श्रद्धालुओं का जत्था 10 जून को वाघा बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान रवाना होगा, जहां 18 जून को गुरु अर्जन देव का शहीदी गुरुपर्व मनाने के बाद 19 जून को भारत लौटेगा। ब्यूरो


**अमर उजाला**

यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

circulation@amarujala.com











## अपराध संक्षेप

### कमेंट से मना करने पर युवक को पीटा

**नई दिल्ली।** ख्याला इलाके में कमेंट करने से मना करने पर कुछ युवकों ने रवि नाम के युवक को जमकर पीटा और पिस्टल से उस पर फायरिंग की कोशिश की। घायल रवि ने आरोपी के हाथ से पिस्टल छीनकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही सभी आरोपी वहां से भाग गए। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल करवाने के बाद गंभीर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। 36 साल का रवि कुमार परिवार के साथ रघुबीर नगर में रहता है। वह प्लंबर है। ख्याला थाने में दर्ज प्राथमिकी में उसने बताया कि 29 मई की रात वह इलाके में रहने वाली अपनी बहन के घर गया था। ब्यूरो

### सीसीटीवी कैमरे से हुई पहचान, पकड़ा गया

नई दिल्ली। मध्य जिला पुलिस की हौज काजी थाना टीम ने तकनीकी जांच और सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरी की वारदात को 24 घंटे में सुलझा लिया है। पुलिस ने वारदात में शामिल चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 1.80 लाख रुपये नकद, चोरी किए चांदी और आर्टिफिशियल गहने और वारदात में इस्तेमाल किए औजार बरामद किए हैं। जिला पुलिस उपायुक्त रोहित राजवीर सिंह ने बताया कि 30 मई को हौज काजी थाने में एक एसी मैकेनिक ने घर में चोरी की शिकायत की। उसने बताया कि 29 मई की शाम वह पत्नी के साथ घर को ताला लगाकर बाहर गया था। ब्यूरो

## कोर्ट डायरी

### पीएफआई से जुड़े प्रशिक्षक को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया से जुड़े एक शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षक वहिदुर रहमान जैनुल्लाबुदीन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत दी है। न्यायमूर्ति अनूप जे. भंभानी ने कहा कि आरोपी की भूमिका मामले में केंद्रीय महत्व की नहीं दिखती। उन्हें पहली बार प्रवर्तन निदेशालय की सातवीं पूरक अभियोजन शिकायत में मई 2025 में आरोपी बनाया था। अदालत ने यह भी कहा किया कि आरोपी और अपराध की आय के बीच कथित वित्तीय संबंध मात्र 3.15 लाख रुपये का था, जो पीएमएलए के तहत जमानत की सख्त दोहरी शर्तों को लागू करने की न्यूनतम सीमा एक करोड़ रुपये से काफी कम है। ब्यूरो

### 3 आरोपी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को नीट-यूजी पेपर लीक मामले में तीन प्रमुख आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता ने सीबीआई की याचिका स्वीकार करते हुए एनटीए के पेपर तैयार करने वाले समूह की फिजिक्स अनुवादक मनीषा संजय हवालदार, लातूर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज शिरुरे और फिजिक्स शिक्षक तेजस हर्षदकुमार शाह को जेल भेजने का आदेश दिया। मनीषा हवालदार की सीबीआई हिरासत शनिवार को दो दिन बढ़ाई गई थी, जबकि डॉ. शिरुरे और तेजस शाह को 27 मई को पांच दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा गया था। ब्यूरो

### राजा भैया को दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया झटका

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को बड़ा झटका देते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि उनकी पत्नी भानवी कुमारी सिंह द्वारा दायर घरेलू हिंसा मामले की सुनवाई राउज एवेन्यू स्थित एमपी-एमएलए विशेष अदालत में ही जारी रहेगी। न्यायमूर्ति डॉ. स्वर्ण कांता शर्मा ने 30 मई 2026 को दिए अपने 24 पृष्ठों के विस्तृत फैसले में कहा कि एमपी-एमएलए कोर्ट, घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम (पीडब्ल्यूडीवी एक्ट) के तहत दायर मामलों की सुनवाई करने के लिए पूर्ण रूप से सक्षम है। भानवी कुमारी सिंह ने पीडब्ल्यूडीवी एक्ट की धारा 12 के तहत राउज एवेन्यू कोर्ट में एसीजेएम-04 के समक्ष याचिका दाखिल की थी। ब्यूरो

### कोर्ट ने बीसीडी चुनाव विवाद पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ दिल्ली (बीसीडी) चुनाव में कथित अनियमितताओं पर दायर याचिकाओं पर सोमवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की खंडपीठ ने शनिवार और रविवार सहित तीन दिनों तक लगातार सुनवाई की। अदालत ने सभी पक्षों के वकीलों के तर्क सुनने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया। अदालत ने वोट गिनती की प्रक्रिया का वीडियो रिकॉर्डिंग भी देखा। यह मामला सुप्रीम कोर्ट के 18 मई के आदेश के बाद हाईकोर्ट पहुंचा था। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मतपत्रों में कथित छेड़छाड़ के आरोपों को देखते हुए वोट गिनती पर रोक लगा दी थी और मामले को हाईकोर्ट की विशेष पीठ को स्थानांतरित कर दिया था। ब्यूरो

### मायापुरी में अवैध स्क्रैप कारोबार पर एनजीटी सख्त

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के मायापुरी क्षेत्र में अवैध स्क्रैप इकाइयों, सड़क पर अतिक्रमण और प्रदूषण के मामले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मायापुरी थाना प्रभारी (एसएचओ) को मामले में पक्षकार बनाने का निर्देश दिया है। यह मामला क्षेत्र में अवैध स्क्रैप कारोबार, पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन और प्रदूषण के खतरे से जुड़ी एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेकर दर्ज किया गया था। संवाद


## शोक सन्देश



**स्व. श्रीमती शुकन्तला देवी**

आपकी मधुर स्मृति, स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन व आशीर्वाद हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगे। आपका आशीर्वाद एवं स्नेह सदैव बना रहे।

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड रहा है कि हमारी पूज्य माताजी श्रीमती शकुन्तला देवी धर्मपत्नी श्री कल्लूमल जी (मोहन डेरी) का स्वर्गवास दिनांक 26 मई 2026 दिन मंगलवार को हो गया है। ईश्वर की ऐसी की इच्छा थी।
उनकी अरिष्टि दिनांक 05 जून 2026 दिन शुक्रवार को होनी निश्चित हुई है।

**कार्यक्रम – 05 जून 2026 दिन शुक्रवार**

हवन ....................9.00 बजे प्रातः
ब्रह्मभोज ....................12.00 बजे दोपहर
प्रसादी ....................01.00 बजे अपराहन
रस्म पगडी ....................03.00 बजे अपराहन

**कार्यक्रम स्थलः स्नेहा गार्डन, डी.एम.रोड, बुलन्दशहर**

शोकाकुल
राजेन्द्र प्रसाद (भाई)
ब्रजमोहन अग्रवाल, विजेन्द्र अग्रवाल (पुत्र)
संजीव अग्रवाल, अजय अग्रवाल (पुत्र)

शोकाकुल
बाला रानी (देवरानी)
धर्मपत्नी स्व. रामौतार
सुषमा गुप्ता (बेटी)
वीरेन्द्र गुप्ता (दामाद)


# रेलवे भर्ती के फर्जी खेल का पर्दाफाश, तीन आरोपी दबोचे गए

**पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने महिला समेत तीन को पकड़ा, आरोपी मल्टी-टास्किंग स्टाफ और क्लर्क के पदों पर नौकरी के नाम 4 लाख ले चुके थे**

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन थाना पुलिस ने रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ईशा, रंजीत और आलम के रूप में हुई है। आरोपियों ने पीड़ित से उनके बेटे को नौकरी दिलाने के नाम पर 3.60 लाख की ठगी कर चुके थे और पैसे की मांग कर रहे थे। आरोपियों ने पीड़ित के बेटे का नॉर्दर्न रेलवे सेंट्रल अस्पताल में मेडिकल करवाया था। पुलिस को आशंका है कि गैंग में रेलवे के कुछ कर्मचारी भी शामिल हो सकते हैं। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। रेलवे के पुलिस उपायुक्त भरत रेड्डी ने बताया कि 30 मई को पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन थाना पुलिस को एक व्यक्ति ने अपने बेटे के रेलवे में मल्टी-टास्किंग स्टाफ और क्लर्क के पदों पर स्थायी नौकरी दिलाने के नाम



एआई तस्वीर

**आरोपियों ने पीड़ित के बेटे का रेलवे अस्पताल में करवाया था मेडिकल**

पर धोखाधड़ी और जालसाजी की शिकायत की। पीड़ित ने बताया कि आरोपी उससे इस एवज में 3.60 लाख रुपये ले चुके हैं और पैसे की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर एक टीम गठित की।

पुलिस टीम ने उस महिला से संपर्क किया, जो पैसे की मांग कर रही थी। शिकायतकर्ता ने उसे शेष राशि लेने के लिए पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन बुलाया। जहां पुलिस ने ईशा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके निशानदेही पर गैंग के एक अन्य सदस्य रंजीत को कश्मीरी गेट बस अड्डा और आलम को पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि काफी समय से नौकरी की तलाश करने वालों को निशाना बनाते थे। जांच में पता चला कि ईशा और रंजीत पीड़ित से पैसे लेकर आलम को दे दिया था। आलम अतुल कदम और ए के खान के संपर्क में था, जो बड़ौदा हाउस और रेल भवन में पहुंच बताकर नौकरी देने का झांसा देते थे। आरोपियों ने पीड़ित के बेटे का नॉर्दर्न रेलवे सेंट्रल अस्पताल में मेडिकल भी करवाया था। मेडिकल टेस्ट कुलदीप ने किया था। कुलदीप कथित तौर पर अतुल और आलम के साथ मिलकर यह काम किया था।

आरोपियों ने भर्ती से जुड़े जाली दस्तावेज़ तैयार किए और बाकी रकम लेने के लिए स्पीड पोस्ट से उसे पीड़ित को भेजा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और धोखाधड़ी में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया धोखाधड़ी में रेलवे विभाग के कुछ कर्मचारी भी शामिल हो सकते हैं।

# झगड़े में गाली देने पर सहकर्मी ने युवक को घोंपी कैंची, मौत

**मुखर्जी नगर में दोनों गद्दे बनाने की दुकान में काम करते थे, रविवार रात को किसी बात पर हुआ विवाद**

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मुखर्जी नगर इलाके में रविवार को मामूली कहासुनी में गाली देने पर सहकर्मी ने एक युवक की कैंची घोंपकर हत्या कर दी।

37 साल का मृतक दीन मोहम्मद उर्फ दिलबहार और आरोपी 32 साल का अशफाक उर्फ शहजाद एक गद्दे बनाने की दुकान में काम करते थे। कैंची से हमला करने के दौरान पीड़ित भागने लगा, लेकिन आरोपी ने उसका पीछा कर उसपर ताबड़तोड़ हमला करता रहा। पुलिस ने मौके से ही आरोपी को गिरफ्तार किया है।

उत्तर पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया कि रविवार रात मुखर्जी नगर थाना पुलिस को एक युवक पर कैंची से हमला किए जाने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम हडसन लेन स्थित घटनास्थल पर पहुंची। छानबीन में पता चला कि घायल को पीसीआर कर्मी बाबू जगजीवन राम अस्पताल लेकर जा चुके हैं। जहां पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया है। शुरुआती जांच में पता चला कि दीन मोहम्मद और अशफाक के बीच किसी बात पर विवाद हो गया। जिसके बाद आरोपी ने कैंची उठाकर उसपर कई वार कर दिए। पुलिस ने मौके से ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। दुकान मालिक शाहवेज आलम ने बताया कि उसकी दुकान में दोनों कर्मचारी काफी सालों से काम कर रहे थे। मृतक करीब 12 साल से काम कर रहा था। दीन मोहम्मद के रिश्तेदार इस्लाम ने बताया कि दीन मोहम्मद मूलतः बाराबंकी यूपी का रहने वाला था। उसके परिवार में पत्नी, तीन बेटियां और एक बेटा है।



एआई तस्वीर

**मौके से ही आरोपी गिरफ्तार पुलिस कर रही मामले की छानबीन**

## कहासुनी के बाद युवक की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के मॉडल टाउन स्थित एमसीडी कॉलोनी में रविवार रात बुराड़ी की तोमर कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय साहिल की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। साहिल दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय में संविदा पर कार्यरत थे। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, रविवार रात विनायक अस्पताल से एक युवक को चाकू लगने के बाद भर्ती कराए जाने की सूचना मिली थी। अस्पताल पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि डॉक्टरों ने साहिल को मृत घोषित कर दिया है। युवक के सीने, पीठ और गर्दन पर चाकू के कई घाव मिले। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

जांच में पता चला कि साहिल को उसके दोस्त शिव और शुभम घायल अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंचे थे। पूछताछ में सामने आया कि वारदात एमसीडी कॉलोनी में हुई थी। प्रत्यक्षदर्शी ने पुलिस को बताया कि लालबाग निवासी आशु उर्फ लाला ने साहिल पर चाकू से हमला किया।

पुलिस ने घटनास्थल की जांच के दौरान करीब 100 मीटर दूर से खून से सना चाकू बरामद किया, जिसे कब्जे में ले लिया गया है। साहिल के पिता सुरेंद्र एमसीडी के स्वच्छता विभाग में निरीक्षक हैं। उन्होंने बताया कि घटना से पहले किसी का फोन आने पर साहिल घर से निकला था।



मृतक साहिल। फाइल

## शॉर्ट सर्किट से इमारत में लगी आग, तीन को सुरक्षित निकाला



आग को बुझाते दमकल कर्मी। संवाद

अमर उजाला ब्यूरो

**मुखर्जी नगर में रात में लगी आग, भूतल पर शॉर्ट सर्किट के बाद ऊपर की मंजिल पर फैली**

**नई दिल्ली।** मुखर्जी नगर के इंदिरा विहार इलाके में रविवार रात एक इमारत में आग लग गई। भूतल पर आग लगने के बाद आग तेजी से फैली और ऊपर की दो मंजिलों तक पहुंच गई। आग में सारा घरेलू सामान जलकर राख हो गया।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची। पुलिस और दमकल कर्मियों ने पहली मंजिल पर फंसे मकान मालिक को बाहर निकाला, जबकि स्थानीय लोग पहले ही दूसरी मंजिल में मौजूद मां-बेटी को पड़ोस के मकान के जरिये बाहर निकाल लिया। दमकल कर्मियों ने करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया। आग में कोई हताहत नहीं हुआ है। शुरुआती जांच में पता चला कि आग भूतल पर शॉर्ट-सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रहे हैं। उत्तर पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया कि रविवार रात करीब दस बजे मुखर्जी नगर थाना पुलिस को इंदिरा विहार के मकान नंबर 311 में आग लगने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और पाया कि एक तीन-मंजिला रिहायशी इमारत धुएं से घिरी हुई है।

## स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर की इमारत में लगी आग, सभी सुरक्षित

**नई दिल्ली।** आइटीओ स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर की इमारत में सोमवार सुबह अचानक आग लग गई। आग इमारत की दूसरी मंजिल पर लगी। आग की सूचना मिलते ही दमकल की आठ गाड़ियां, एंबुलेंस और पीसीआर वैन और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना के समय कार्यालय में कोई मौजूद नहीं था। दमकल कर्मियों ने करीब सवा घंटे में आग पर काबू पा लिया। आग में कोई हताहत नहीं है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। आशंका है कि शॉर्ट-सर्किट से आग लगी है।

मध्य जिला के पुलिस उपायुक्त रोहित राजवीर सिंह ने बताया कि सुबह करीब 9.37 बजे इमारत में आग लगने की सूचना मिली। टेलीफोन आपरेटर के पद पर तैनात नजफगढ़ निवासी सौरभ शर्मा ने पुलिस को फोन कर बताया कि इमारत की दूसरी मंजिल पर स्थित प्रशासनिक ब्लॉक के कमरों में धुआं और आग की लपटें निकल रही हैं। ब्यूरो



आग को बुझाते दमकल कर्मी। संवाद

## झूले झूलने के विवाद में चाकू मारकर शख्स की हत्या

**नई दिल्ली।** पुरानी दिल्ली के चांदनी महल इलाके में जंपिंग झूले के इस्तेमाल को लेकर हुए विवाद में 55 वर्षीय मेहताब की चाकू मारकर हत्या कर दी गई।

पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने वारदात में शामिल दो नाबालिगों को पकड़ा है। दोनों की उम्र 16 और 17 वर्ष बताई गई है। मध्य जिला पुलिस उपायुक्त रोहित राजवीर सिंह के अनुसार, रविवार रात करीब 11:30 बजे चांदनी महल थाना पुलिस को सुईवालान चौक पर एक व्यक्ति को चाकू मारे जाने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि घायल को परिजन पहले ही लोक नायक अस्पताल ले जा चुके हैं। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मेहताब को मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मेहताब अपनी बेटी के साथ सुईवालान चौक स्थित बच्चों के जंपिंग पैड के पास मौजूद थे। उनकी बेटी झूले पर झूल रही थी। ब्यूरो

**चांदनी महल इलाके में वारदात, दो नाबालिग आरोपी पकड़े गए, हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद**

### आरोपी बोले-थप्पड़ मारा...इसलिए किया हमला

हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय सूचना के आधार पर दोनों नाबालिगों की पहचान कर देर रात तुर्कमान गेट क्षेत्र से उन्हें पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि विवाद के दौरान मेहताब ने उन्हें थप्पड़ मार दिया था, जिससे वे खुद को अपमानित महसूस कर रहे थे। इसी गुस्से में उन्होंने हमला किया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून से सना चाकू, आरोपियों के कपड़े और सीसीटीवी फुटेज जब्त कर लिए हैं

## घर के बाहर की फायरिंग, 12 वर्षीय बच्चे के पैर में लगी गोली



न्यू उस्मानपुर इलाके में इसी जगह बदमाशों ने की फायरिंग। अमर उजाला

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके में रविवार शाम हुई फायरिंग की घटना में एक 12 वर्षीय बच्चा गोली लगने से घायल हो गया।

बदमाश एक कैटरर के घर के बाहर गोलियां चला रहे थे, तभी वहां से गुजर रहे बच्चे के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने पिकेट लगाकर वारदात के बाद भाग रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। न्यू उस्मानपुर थाना क्षेत्र के चौथे पुश्ते इलाके में रविवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब तीन युवकों ने एक घर के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।

उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राहुल अलवाल के मुताबिक बदमाशों ने 43 वर्षीय धर्मेंद्र, जो पेशे से कैटरर हैं, के घर के सामने गोलियां चलाईं। वहां से गुजर रहा 12 वर्षीय एक बच्चा गोली लगने से घायल हो गया। ब्यूरो

## नकली आरओ फिल्टर बनाने वाली फैक्टरी का पर्दाफाश, मालिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने प्रतिष्ठित कंपनियों के नाम से नकली आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) वाटर प्यूरीफायर फिल्टर बनाने और भंडारण करने वाली एक फैक्टरी-सह-गोदाम का पर्दाफाश उसके मालिक शाहीन बाग निवासी मोहम्मद तबरेज को गिरफ्तार किया है। उसे दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पुल प्रह्लादपुर इलाके में स्थित एक परिसर पर छापेमारी में पकड़ा। छापे के दौरान विभिन्न नामी ब्रांडों के नाम से तैयार किए गए 2,900 से अधिक नकली आरओ फिल्टर बरामद कर जब्त किए हैं। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त संजीव कुमार यादव ने बताया कि शाखा में तैनात इंस्पेक्टर मंगेश त्यागी की टीम को सूचना मिली थी कि उक्त फैक्टरी से नकली आरओ फिल्टर का निर्माण, भंडारण और बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने 27 मई को परिसर में छापा मारा। ब्यूरो

## वाहन चोर गिरोह के दो सदस्य पकड़े गए, चोरी की आठ कारें हुईं बरामद

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिला पुलिस ने राजधानी से कारें चुराकर उन्हें पंजाब और राजस्थान में बेचने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह के दो सदस्यों पंजाब निवासी 32 वर्षीय मनिंदर सिंह और 33 वर्षीय हरजोत सिंह को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की आठ कारें भी बरामद की हैं। रोहिणी जिले के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) शशांक जायसवाल ने कहा कि दोनों आरोपी ऐसे वाहन चोर नेटवर्क का हिस्सा थे, जो दिल्ली में महंगी कारों को निशाना बनाता था और चोरी के बाद उन्हें अमृतसर, चंडीगढ़ तथा जयपुर ले जाकर बेच देता था। पुलिस के अनुसार दिल्ली में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और इस तरह के अपराधों में शामिल नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था। 21 मई को सूचना मिली कि दिल्ली से लग्जरी वाहन चुराने वाले गिरोह के सदस्य सक्रिय हैं। सूचना पर पुलिस ने रोहिणी क्षेत्र में घेराबंदी की और मनिंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो

### चोरी में शतक लगाने वाला वाहन चोर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले के वाहन चोरी निरोधक दस्ते ने एक ऐसे वाहन चोर सूरज कुमार उर्फ मणिकांत (30) बिहार निवासी को पकड़ा है जो अब तक 100 से अधिक वाहन चुरा चुका है। आरोपी वाहन चोर सूरज कुमार उर्फ मणिकांत उर्फ मणि पहले 51 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। इसके पास से एक कट्टा, एक कारतूस और नौ चोरी की बाइक/स्कूटर बरामद किए हैं। पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी से वाहन चोरी के कुल 14 मामले सुलझाने का दावा किया है। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने जानकारी दी। ब्यूरो

## अदालत से

### नाम से सर्च करने पर नहीं दिखेंगे पुराने मुकदमों के रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 'राइट टू बी फॉरगॉटन' (भुला दिए जाने का अधिकार) को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा है कि गूगल और अन्य सर्च इंजन किसी व्यक्ति के नाम से सर्च करने पर उन मामलों से जुड़े न्यायिक रिकॉर्ड, फैसले या समाचार नहीं दिखा सकते, जिनमें वह बरी हो चुका हो, डिस्चार्ज हो गया हो, मामला रद्द हो गया हो या समझौते के आधार पर समाप्त हो गया हो। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की एकल पीठ ने 30 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई के बाद 144 पृष्ठों का फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि न्यायिक पारदर्शिता महत्वपूर्ण है, लेकिन किसी व्यक्ति की गोपनीयता, गरिमा और प्रतिष्ठा को अनावश्यक नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता। ब्यूरो

## क्रिप्टोकरेंसी ठगी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** साइबर थाना नॉर्थ-ईस्ट जिला पुलिस ने 2,000 यूएसडीटी (करीब दो लाख रुपये) की क्रिप्टोकरेंसी ठगी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किए गए दो फोन भी बरामद किए हैं। हर्ष विहार निवासी 19 वर्षीय संचित ने शिकायत दर्ज कराई थी कि इंस्टाग्राम पर एक अज्ञात व्यक्ति ने क्रिप्टोकरेंसी खरीदने-बेचने के बहाने उससे संपर्क किया। बाद में व्हाट्सएप के जरिए आरोपी ने उसका क्रिप्टो वॉलेट हैक कर 2,000 यूएसडीटी विभिन्न वॉलेट पतों पर ट्रांसफर कर दिए। जांच में पुलिस ने राजस्थान के डीग जिले के रायपुर सुकेती निवासी साबिर (23) और दनियालपुर निवासी रिंकू (28) को गिरफ्तार किया। ब्यूरो

शर्मशार

**मृतक के भाई ने अपने दो सालों के साथ मिलकर की थी हत्या, आरोपी नौ साल से फरार था**

# 50 लाख के बीमा के लिए बहन की ली थी जान, गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक महिला की हत्या कर 50 लाख रुपये की बीमा राशि और संपत्ति को हड़पने की साजिश में शामिल आरोपी 46 वर्षीय चंदन कुमार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में आरोपी करीब नौ साल से फरार चल रहा था। उसे बिहार के लखीसराय से 29 मई को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मामले का एक अन्य आरोपी 2018 में मर चुका है। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त संजीव कुमार यादव ने बताया कि 2018 में उसे बुराड़ी थाने में दर्ज हत्या के एक मामले में अदालत ने भगोड़ा बदमाश घोषित किया था। चंदन कुमार, उसके भाई कुंदन कुमार और इनके बहनोई कमल कुमार पर अगस्त 2017 में 43 वर्षीय अनीता देवी की हत्या में शामिल होने का आरोप है। अनीता देवी आरोपी कमल कुमार की बहन थीं। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि अनीता देवी की हत्या 50 लाख रुपये की जीवन बीमा पॉलिसी और बुराड़ी के अजीत विहार स्थित एक मकान पर कब्जा करने के लिए साजिश के तहत की थी। मृतका ने अपनी बीमा पॉलिसी में भाई कमल कुमार को नामित किया था और अपनी वसीयत भी उसके बेटे के पक्ष में की थी।

पुलिस उपायुक्त यादव ने बताया कि 22 अगस्त 2017 को बुराड़ी थाना पुलिस को अजीत विहार स्थित एक मकान में हत्या की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने अनीता देवी को खून से लथपथ अवस्था में पाया। उनका गला रेता गया था। जांच के दौरान शुरू में कमल कुमार ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करते हुए हत्या का आरोप मृतका के पति गिरधारी लाल पर लगाया था। हालांकि जांच में ऐसे साक्ष्य मिले जिनसे पता चला कि कमल कुमार ने अपने साले चंदन और कुंदन के साथ मिलकर बहन की हत्या की साजिश रची थी और उसके पति को झूठा फंसाने की कोशिश की थी।



### कमल कर्ज में डूबा हुआ था

आजादपुर मंडी के पास एक क्लीनिक चलाने वाला कमल कुमार भारी कर्ज में था। उसने बीमा राशि और संपत्ति हासिल करने के उद्देश्य से हत्या की साजिश रची थी। जांच में पता चला था कि वारदात में इस्तेमाल चाकू हत्या से पहले आजादपुर मंडी क्षेत्र से खरीदा था। 2017 में कमल कुमार को गिरफ्तार किया था, जबकि चंदन और कुंदन घटना के बाद फरार हो गए थे। कुंदन की मौत हो चुकी है

एनएमडीसी

NMDC
Responsible Mining



# भारत का पहला 53 MILLION TONNES लौह अयस्क उत्पादक

## 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए स्टैंडअलोन और समेकित लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सार

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियम, 2015 के विनियम 47 के अनुसरण में

परिणाम देखने के लिए निम्नलिखित लिंक पर जाएं
https://www.nmdc.co.in/cms-admin/Upload/Financial_Result_Document/2b078d60fd6f430287361c214e7b5854_20260529205647560.pdf
या QR Code स्कैन करें

| | FY26 की विशेषताएँ | | FY26 Q4 की विशेषताएँ |
|---|---|---|---|
| 33% | टर्नओवर ₹ 31,554 करोड़ | 61% | टर्नओवर ₹ 11,173 करोड़ |
| 11% | कर पश्चात लाभ ₹ 7,421 करोड़ | 35% | कर पश्चात लाभ ₹ 2,020 करोड़ |
| 21% | उत्पादन 53.16 MnT | 22% | उत्पादन 16.27 MnT |
| 13% | बिक्री 50.24 MnT | 21% | बिक्री 15.30 MnT |

**एनएमडीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
मुख्यालयः खनिज भवन, मासाब टैंक, हैदराबाद-500028, भारत

निदेशक मण्डल के आदेश से एनएमडीसी लिमिटेड
हस्ता./-
(अमिताभ मुखर्जी)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 08265207
दिनांक: 29 मई, 2026
स्थान: दिल्ली

सीआईएन: L13100TG1958GOI001674 | www.nmdc.co.in | हमें फॉलो करें:



31st ANNIVERSARY

तमसो मा ज्योतिर्गमय
IME
Sahibabad (NCR)
Estd. 1995
INSTITUTE OF MANAGEMENT EDUCATION
Ghaziabad (INDIA)

# ADMISSIONS 2026-27

**MBA | MCA | LLB**
**BBA | BCA | BA LLB**

OUR PARTNERS
AICTE | AKTU | UGC | CCSU, Meerut | NAAC

VALUE ADDED COURSES
- CYBER SECURITY PROGRAM
- BFSI
- ARTIFICIAL INTELLIGENCE PROGRAM
- ADVANCE EXCEL WITH POWER BI
- ADVANCE FINANCIAL ACCOUNTING
- PYTHON CERTIFICATION
- SOFT SKILLS PROGRAM
- INTERVIEW PREPARATION
- RESUME BUILDING BY EXPERTS
- DATA ANALYTICS
- CIS (CUSTOMER INFORMATION SYSTEM)
- ADVANCE JAVA PROGRAMMING WITH GENERATIVE AI

## RADHIKA MERIT SCHOLARSHIP
FOR MERITORIOUS STUDENTS UPTO 40%
(ONLY IN 1ST YEAR) IN ALL UG AND PG COURSES



IME - A WORKSHOP OF EDUCATION...NOT A SHOWROOM

MoU's
BAJAJ FINSERV | ICTACADEMY | Anudip Life. Transformed. | TATA STRIVE | NIIT FOUNDATION | DUCAT The IT Training School | PLAAB

Main G.T. Road, Sahibabad, Ghaziabad, U.P. - 201005
(Between Mohan Nagar & Dilshad Garden Metro Station)
CALL : 9599706361/62/63/64/65
www.imesahibabad.ac.in

पेड़ लगाओ पानी बचाओ जनसंख्या को जन बाढ़ न बनाओ

Apply Now



# सोनालीका जून डबल जैकपॉट*

**पहला मौका** ऑफर 1 से 15 जून 2026 तक की डिलीवरी पर मान्य
- 1st: 1 सोनालीका गोल्ड^ DI 55 III
- 2nd: 7 1.82 m रोटावेटर ^
- 3rd: 21 1.5 Ton AC^

**दूसरा मौका** ऑफर 1 से 30 जून 2026 तक मान्य
- 1st: 1 सोनालीका DLX^ DI 60 TP 4WD
- 2nd: 1 सोनालीका गोल्ड^ DI 745 III
- 3rd: 1 टाटा पंच कार ^
- 4th: 25 रॉयल एनफील्ड ^
- 5th: 51 होंडा शाइन ^ 100 cc
- 6th: 251 LED TV^ 32" (81.28 cm)
- 7th: 751 मोबाईल फोन ^
- 8th: 1001 इंडक्शन हीटर ^

सिकंदर DLX MULTISPEED **DI 745 III**
~~₹ 7 35 900.~~
**₹ 6 75 900.***
3065 cc दमदार इंजन 210 Nm टॉर्क
16F+4R मल्टी स्पीड ट्रांसमिशन
5G हाइड्रोलिक्स 2000 kg हाई लिफ्ट कैपेसिटी
ड्यूल क्लच
पॉवर स्टीयरिंग



पिछला टायर साइज़ 37.84 cm x 71.1 cm (14.9 - 28)

SONALIKA
जीतने का दम

दमदार काम के लिए 30 साल से सिर्फ सोनालीका

सिकंदर DLX MULTISPEED **DI 60 TP 4WD**
~~₹ 10 29 900.~~
**₹ 8 72 900.***
4712 cc | 275 Nm टॉर्क
12F+12R मल्टी स्पीड ट्रांसमिशन

सिकंदर DLX MULTISPEED **DI 55 III**
~~₹ 8 43 900.~~
**₹ 7 35 900.***
3532 cc | 235 Nm टॉर्क
12F+3R मल्टी स्पीड ट्रांसमिशन

*ऊपर दर्शाये गए 2111 इनाम का ऑल इंडिया ऑन लाईन लकी ड्रॉ इवेंट अनुमानित सितम्बर 2026 में आयोजित किया जाएगा। *नियम एवं शर्तें लागू, ऑफर सोनालीका के पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के डीलरों के सौजन्य से। इसमें आर.टी.ओ., इंश्योरेन्स, फाइनेन्स एवं एक्सचेंज शामिल नहीं हैं। *दिखाई गई कीमतें Ex-Showroom हैं। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.sonalika.com और अपनी नज़दीकी डीलरशिप पर विजिट करें।^ऊपर दर्शाये गए इनाम केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं, मूल इनाम भिन्न हो सकते हैं। इन इनामों की अनुमानित कीमत, पहला मौका- (1-15 जून की डिलीवरी पर मान्य)- ₹ 8 00 000. तक का ट्रैक्टर, ₹ 1 20 000. तक का रोटावेटर, ₹ 35 000. तक का 1.5 TON AC । दूसरा मौका- ₹ 8 72 900. तक का 4WD ट्रैक्टर, ₹ 7 50 000. तक का दूसरा ट्रैक्टर, ₹ 5 80 000. तक की कार, ₹ 1 75 000. तक की बुलेट, ₹ 67 000. तक की मोटर साइकिल, ₹ 10 000. तक की LED TV, ₹ 8 000. तक का मोबाईल फोन, ₹ 2 000. तक का इंडक्शन हीटर। इनाम से सम्बन्धित सभी सरकारी लेवी/कर ग्राहक द्वारा वहन किये जाएंगे।

मिस्ड कॉल: 8955664443

**अखबार अच्छी राह दिखाता है, पढ़ते रहिए**



वरुण, जगजीत नगर, पूर्वी दिल्ली



तनिष्क कुमार, नई दिल्ली

हर सुबह खबरों के संसार में ले जाने वाला अमर उजाला लाया है सुधी पाठकों के लिए खास मौका। अमर उजाला पढ़ते हुए आप भी अपनी तस्वीर नाम और पते के साथ 9873687563 पर व्हाट्सएप कर सकते हैं। चुनिंदा तस्वीरों को रोजाना प्रकाशित किया जाएगा।

# जेईई एडवांस : दिल्ली जोन का दबदबा, शीर्ष-10 में पांच छात्र शामिल

## क्वालीफाई करने वालों का प्रतिशत भी बढ़ा, 31.65% रहा आंकड़ा, आठ वर्ष में सबसे अधिक

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जेईई एडवांस 2026 के नतीजों में आईआईटी जोन दिल्ली का दबदबा रहा। टॉप-10 में पांच छात्र दिल्ली जोन के हैं, जिसमें शीर्ष-3 में शामिल गयाजी (बिहार) के शुभम कुमार, गुरुग्राम (हरियाणा) के कबीर छिब्बर और झुंझुनूं (राजस्थान) जतिन चाहर शामिल हैं। इसके अलावा सातवी रैंक हासिल करने वाले अर्णव गौतम और 10वीं रैंक पाने वाले दर्श सिक्का भी दिल्ली जोन से हैं। इस बार क्क्वालीफाई करने वाले छात्रों का प्रतिशत भी बढ़कर 31.65% पर पहुंच गया है, जो पिछले आठ सालों में सबसे अधिक है।

आईआईटी और आईआईएससी बंगलूरू में स्नातक दाखिले के लिए हुए जेईई एडवांस में शुभम कुमार ने 360 में से 330 अंक हासिल किए हैं। कबीर छिब्बर को 329 अंक और जतिन चाहर को 319 अंक मिले हैं। वहीं, 77वीं रैंक के साथ बेटियों में शीर्ष पर रहीं आरोही देशपाड़े ने कुल 360 में से 280 अंक हासिल किए हैं। जेईई मेन 2026 की मेरिट से टॉप ढाई लाख जेईई एडवांस 2026 के लिए क्वालिफाई हुए थे। इसमें 1,87,389 छात्रों ने पंजीकरण कराया और कुल 179694 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए। जेईई एडवांस्ड में 10,107 बेटियां समेत कुल 56,880 छात्र सफल रहे। इस तरह क्वलीफाई करने वाले छात्रों का आंकड़ा कुल यह 31.65 फीसदी रहा। जेईई एडवांस 2026 के आयोजक संस्थान यानी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की के निदेशक प्रोफेसर कमल किशोर ने सभी सफल उम्मीदवारों को बधाई दी है। उन्होंने कहा, जेईई एडवांस 2026 की मेरिट के साथ 12वीं कक्षा के पात्रता मापदंड पूरे करने के आधार पर आगे आईआईटी में सीट मिलेगी। इसके लिए, छात्रों को जोसा काउंसलिंग 2026 की प्रक्रिया में पंजीकरण करना अनिवार्य होगा।

### सफल उम्मीदवारों में आईआईटी मद्रास जोन आगे

इस बार कुल सफल उम्मीदवारों के आधार पर आईआईटी मद्रास जोन टॉप पर है, इसके छात्र मोहित शेखर शुक्ला को ऑल इंडिया चौथी, कूची संदीप को पांचवीं और मेडिसेट्टी नागा सहस्र को नौंवी रैंक मिली है। आईआईटी मद्रास के 14,294 छात्र सफल हुए हैं जिसमें तीन शीर्ष-10 में 35 शीर्ष-100 में और 73 शीर्ष-200 में शामिल हैं।

### बॉम्बे जोन दूसरे और दिल्ली जोन तीसरे स्थान पर

आईआईटी बॉम्बे कुल सफल उम्मीदवारों के आधार पर दूसरे नंबर है। इसके बी जयकृष्णा श्रीनिवास को छठां रैंक तो कनिष्क जैन को आठवीं रैंक मिली है। आईआईटी बॉम्बे जोन के 12,389 छात्र सफल रहे, दिल्ली जोन 10,697 छात्रों के साथ तीसरे, आईआईटी रुड़की 5,637 छात्रों के साथ चौथे, कानपुर जोन 5,552 छात्रों के साथ पांचवें, भुवनेश्वर जोन 5,428 छात्रों के साथ छठें और आईआईटी गुवाहाटी 2,883 छात्रों के साथ सातवें स्थान पर रहा।

### कटऑफ में 18 अंक की बढ़ोतरी

विशेषज्ञों के मुताबिक, पेपर कठिन था लेकिन अब कटऑफ में 18 अंक बढ़ोतरी हुई है। इस बार सामान्य वर्ग के क्वालीफाइंग एग्रीगेट कटऑफ में पिछले साल की तुलना में करीब 18 अंकों की बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल 74 अंक थी, जो कि इस बार 92 अंक है। समग्र प्रतिशत इस बार 25.56 रहा है। जबकि विषय के हिसाब से कट ऑफ में भी एक अंक की बढ़ोतरी हुई है। 2025 में यह सात अंक था, जो कि इस बार आठ अंक है। विषयवार कट ऑफ का प्रतिशत 7.3 रहा है। उदाहरण के तौर पर 360 में से 92 अंक लाने वाला उम्मीदवार काउंसलिंग के लिए क्वालीफाई कर गया है. जिसके फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथमेटिक्स तीनों में 8-8 से ज्यादा अंक है।

### 2025 में समग्र कटऑफ 109 से घटकर 74 अंक पहुंचा था

शिक्षाविद व कोचिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष केशव अग्रवाल कहते हैं, क्वालीफाइंग कटऑफ में एक साल गिरावट के बाद बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2025 में समग्र कटऑफ 109 से घटकर 74 अंक पहुंचा था। इसका अर्थ है कि 2024 में 109 अंक थे और 2025 में गिरावट के साथ 74 अंक हो गया था। इस बार, 18 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ यह 92 अंक है। साल 2025 से क्वालीफाइंग कटऑफ प्रतिशत व अंक 2026 से ज्यादा है, जबकि 2024 से क्वालीफाइंग कटऑफ कम है। साल 2024 में यह 30.34 था और क्वालीफाइंग अंक 109 थे। साल 2025 में कटऑफ सब्जेक्ट के अनुसार 5.83 और समग्र 20.56 था। ओबीसी और ईडब्ल्यूएस कैटेगरी में विषयवार 5.25 और समग्र 18.50 प्रतिशत और एससी व एसटी में विषय के अनुसार 2.92 व कुल 10.28 प्रतिशत क्वालीफाइंग कटऑफ रही। वहीं, जनरल के क्वालीफाइंग मार्क्स विषय के अनुसार 7 और समग्र 74 अंक थे तो ओबीसी और ईडब्ल्यूएस की 6 अंक विषय के अनुसार और 66 अंक एग्रीगेट रहे थे।

**कटऑफ 2026**

| श्रेणी | न्यूनतम अंक | कुल न्यूनतम अंक |
|---|---|---|
| सामान्य | आठ अंक | 92 अंक |
| ओबीसी | सात अंक | 82 अंक |
| ईडल्यूएस | सात अंक | 82 अंक |
| एसटी | चार अंक | 46 अंक |
| एससी | चार अंक | 46 अंक |

# आईआईटी की हर एक सीट के लिए तीन-तीन दावेदार

सीमा शर्मा

**नई दिल्ली।** सभी 23 आईआईटी और आईआईएससी बंगलूरू में बीटेक और बीई पाठयक्रमों में सीट अलॉटमेंट के लिए एक राउंड काउंसलिंग का कम हो गया है। अबकी पहली बार काउंसलिंग के सिर्फ चार राउंड होंगे। काउंसलिंग का पांचवा राउंड, सीट खाली रहने पर स्पेशल राउंड के तौर पर होगा। इसलिए, छात्रों को जोसा काउंसलिंग में पंजीकरण के बाद, फीस, आईआईटी व विषय की पसंद बहुत सोच-समझकर भरनी होगा। खास बात यह है कि आईआईटी में इस बार करीब 18,300 सीटों पर प्रति सीट तीन-तीन दावेदार हैं। जबकि बेटियों की 20 फीसदी अतिरिक्त सीटों पर भी प्रति सीट तीन-तीन दावेदार होंगे।

जोसा काउंसलिंग (संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण) शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पंजीकरण विंडो 2 जून से खोलने जा रहा है। इसके माध्यम से ही सभी 23 आईआईटी, आईआईएससी बंगलूरू, 32 एनआईटी, 26 आईआईआईटी समेत केंद्र सरकार के 47 दिग्गज इंजीनियरिंग कॉलेजों में बीटेक और बीई पाठयक्रमों में सीट अलॉट होंगी।

### आईआईटी में 3660 अतिरिक्त सीट

जेईई एडवांस में कुल 10,107 बेटियों ने क्वालीफाई किया है। यानी, कुल सफलता प्रतिशत 24.92 रहा है। सरकार ने 2017 में बेटियों को दिग्गज प्रौद्योगिकी संस्थानों में उच्च शिक्षा से जोड़ने के मकसद से अतिरिक्त 20 फीसदी सीट ईजाद करने का ऐलान किया था। तीन सालों में यह 20 फीसदी अतिरिक्त सीटें तैयार हुई थी। अब सभी आईआईटी में करीब 3660 अतिरिक्त सीट बेटियों के लिए आरक्षित हैं। इस प्रकार, प्रति सीट इन अतिरिक्त सीटों पर भी तीन-तीन बेटियां दावेदार हैं। आईआईटी की तर्ज पर एनआईटी की कुल सीटों के अलावा बेटियों के लिए अतिरिक्त 20 फीसदी सीट हैं। इस प्रकार, यहां भी सात से आठ हजार अतिरिक्त सीटों पर बेटियों का दाखिला मिलेगा जो कि जेईई मेन 2026 की मेरिट के आधार पर मिलेगी।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

ई-निविदा सूचना सं.: एम-24-क्यूडब्ल्यूएस-आरएनसी-एचटीई-85, दिनांक: 29.05.2026; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** रांची एवं हटिया रेलवे स्टेशनों में त्वरित जल भरने की व्यवस्था प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, चालू करना एवं जांच। **कार्य की अनुमानित लागत (जीएसटी सहित):** रु. 4,97,40,950.41; **बयाना राशि:** रु. 9,94,800; **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 23.06.2026 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं ब्यौरा: www.ireps.gov.in** (PR-256)

**IN THE HIGH COURT OF HIMACHAL PRADESH AT SHIMLA**
**CMP No. 2974 of 2020 filed in RSA No. 642 of 2008-G**
**Cantonment Board Kasauli ........Appellant(s)**
**Versus**
**Rajesh Kapoor & Anr ..........Respondent(s)**
**(Proclamation Under Order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure)**
**NOTICE TO:**
**Respondent No. 2.**
R.No. 2. Sh. P.P. Verma s/o Sh. B.P. Verma r/o 125 Arun Vihar, Sector 37 Noida, U.P. 300302.
**WHEREAS** in the above noted case, it has been proved to the satisfaction of this Court that above named respondents cannot be served in an ordinary way.
THEREFORE, the proclamation **under order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure** is hereby issued against them that they should appear in this Court either personally or through some duly authorized agent/pleader on **02nd day of July, 2026 (02-07-2026) Actual Date at 10.00 A.M. at 10.00 A.M.** failing which ex-parte proceedings will be taken against them.
GIVEN under my hand and seal of the Court this 22nd day of May, 2026.
**Section Officer (Judicial)**
**High Court of Himachal Pradesh, Shimla- 171 001.**

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएच/618, दिनांक 29.05.2026; सीनि. डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, केजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई/सिग/टी/09/26-27/आरआरएसके; कार्य का नाम साथ में उसका स्थान: पुराने आरडीएसओ विनिर्देश (2004) वाले आईपीएस को नए आरडीएसओ विनिर्देश (2004) से बदलना अथवा आयु सह दशा के आधार पर उसे बदलना। निविदा मूल्य: रु. 7,44,25,962.10; जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा: रु. 14,88,500; निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। कार्य समापन अवधि: 12 महीने। निविदा जमा शुरू होने की तारीख: 11.06.2026; निविदा जमा करने की अंतिम तारीख: 25.06.2026 को 14.00 बजे तक। निविदा बोली खुलने की तारीख: 25.06.2026 को 14.30 बजे। विस्तृत विवरण: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। पात्रता के तकनीकी मानदंड: निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। पात्रता के वित्तीय मानदंड: निविदादाता द्वारा बी/एन अथवा 'बी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां बी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज: जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। समतुल्य प्रकृति का कार्य: कोई भी एस एंड टी कार्य जिसमें पावर सप्लाई सिस्टम (आईपीएस/बैटरी चार्जर) की आपूर्ति, स्थापना, चालू करना शामिल है। टिप्पणी: निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए। (SDAH-59/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**EDUCATION HUB**
Admission Open 2026-27
**SHRI SWAMI BHUMANAND COLLEGE OF NURSING & PARAMEDICAL INSTITUTE, HARIDWAR**
Affiliated by-UK Paramedical Council, Indian Nursing Council, H.N.B. UK Medical Education University, Dehradun
**Nursing & Paramedical Course Offered**
M.H.A (Master in Hospital Administration) | M.Sc. Nursing (2 Years Post Graduate) | P.B. B.Sc. Nursing (2 Years Degree Course) | BOTT (3.6 Years Degree Course.)
B.Sc. Nursing (4 Years Degree Course) | B.M.R.I.T (3½ Years Degree Course) | B.Sc. M.L.T (3½ Years Degree Course) | M.sc. MLT (2 Year PG Course)
G.N.M (3 Years Diploma Course) | A.N.M (2 Years Diploma Course) | Dip. in Optometry (2 Years Diploma Course) | B.SC. Optometry (3.6 Years Degree Course)
Required: Paramedical Faculties, Bsc. Optometry, M.sc. MLt and Operation Theater Technology
ADMISSION OPEN
Contact : 6399000532, 8477996595, 6396248868
Email: bhumanandparamedicalinstitute@gmail.com

## पावरग्रिड ने देश में मनाया स्वच्छता पखवाड़ा, जन जागरूकता अभियान



**नई दिल्ली (वि)।** पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने देश भर में कार्यालयों में स्वच्छता पखवाड़ा चलाया। इसका उद्देश्य स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखना था। इस दौरान कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली और पावरग्रिड के कार्यालय परिसरों और आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाए। इस क्रम में गुरुग्राम स्थित केंद्रीय कार्यालय में अभियान चलाया गया। इसमें पावरग्रिड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक वामसी राम मोहन बुर्रा के साथ निदेशक (वित्त) जी रविशंकर, निदेशक (कार्मिक) यतीन्द्र द्विवेदी और निदेशक (संचालन) नवीन श्रीवास्तव मौजूद रहे। स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया।

## भारत मंडपम में टेक्सटाइल फेयर 14 जुलाई से

**नई दिल्ली (वि)।** राजधानी के भारत मंडपम में भारत टेक्स 2026 चार दिवसीय (14 जुलाई से 17 जुलाई) टेक्सटाइल फेयर का आयोजन किया जाएगा। यह देश का तीसरा और सबसे बड़ा एकीकृत वस्त्र मेला होगा। यह आयोजन वस्त्र मूल्य शृंखला के सभी पहलुओं को एक मंच पर लाएगा। मेले में हजारों प्रदर्शक और 140 से अधिक देशों से सात हजार से अधिक खरीदार शामिल होंगे। यह मेला करीब 16 लाख वर्गफुट के विशाल क्षेत्र में फैला होगा। इसमें 20 हजार से अधिक उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। होंगे। इनमें हथकरघा, हस्तशिल्प, तकनीकी वस्त्र और स्मार्ट विनिर्माण शामिल हैं। ग्लोबल टेक्सटाइल डायलॉग में सौ से अधिक सत्र आयोजित होंगे। इनमें व्यापार, निवेश, उद्योग 5.0, स्थिरता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे विषय शामिल होंगे। आगंतुकों की सुविधा के लिए एक आधिकारिक एप भी उपलब्ध होगा।

## जेईई-एडवांस 2026 में एलन का ऐतिहासिक कीर्तिमान



**कोटा (वि)।** आईआईटी रुड़की द्वारा जारी जेईई-एडवांस 2026 के परिणामों में एलन कॅरिअर इंस्टीट्यूट कोटा ने लगातार तीसरे वर्ष ऑल इंडिया रैंक-1 देकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। एलन ने अब तक सात बार आईआईटी-जेईई में ऑल इंडिया रैंक-वन दिया है तथा दूसरी बार ऑल इंडिया रैंक-1, 2 और 3 को दोहराया है। इससे पहले वर्ष 2016 में भी एलन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। घोषित परिणाम में एलन के विद्यार्थियों ने देश की टॉप-10 रैंक में से 6, टॉप 50 में 24 क्लासरूम स्टूडेंट्स रहे हैं। यह प्रदर्शन एक बार फिर साबित करता है कि राष्ट्रीय स्तर पर टॉप रैंकर्स तैयार करने में एलन देश का सबसे सफल और लगातार प्रदर्शन करने वाला संस्थान है। एलन के कोटा क्लासरूम स्टूडेंट शुभम कुमार ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की। कबीर छिल्लर ने 329 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-2 और जतिन चाहर ने 319 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-3 प्राप्त की। ऑल इंडिया गर्ल्स टॉपर आरोही देशपांडे भी कोटा क्लासरूम से हैं। आरोही ने 280 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-77 प्राप्त की है। एलन ऑनलाइन लाइव कोर्स से यशवर्धन ने ऑल इंडिया रैंक-52 प्राप्त की है। टॉप रैंकर्स की सूची में एलन क्लासरूम प्रोग्राम के विद्यार्थियों में अर्नव गौतम (एआईआर-7), कनिष्क जैन (एआईआर-8), दर्श सिक्का (एआईआर-10) हासिल करते हुए देश की टॉप-10 रैंक में सफलता की संख्या 6 तक पहुंचा दी है। देश की टॉप-20 रैंक में एलन के 12 विद्यार्थी, टॉप-50 में 24 विद्यार्थी शामिल हैं। देश के सात में से पांच आईआईटी जोन टॉपर एलन क्लासरूम से हैं। इसमें दिल्ली, गुवाहाटी, कानपुर, भुवनेश्वर और रूड़की जोन टॉपर शामिल हैं। एलन कॅरिअर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने कहा कि ये परिणाम विद्यार्थियों की सफलता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। एलन ने क्वालिटी और क्वांटिटी दोनों ही तरह से असाधारण परिणाम दिए हैं।

**जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी**
गुरूग्राम (हरियाणा)
email: deeogurugram@gmail.com

**नीलामी सूचना**

दिए गए कार्यक्रम अनुसार जो जहां है-जैसा है के आधार पर जर्जर भवन/कमरों को तोड़ने, साल्वेजड मैटीरियल को अधिकार में लाने सहित मौजूदा ढांचे की डिसमेंटलिंग सामग्री की स्थल से सफाई के उद्देश्य हेतु खण्ड पटौदी जिला गुरुग्राम में निम्नलिखित पुरानी व असुरक्षित ईमारतों/कमरों की नीलामी:-

| क्रमांक | ईमारत का नाम | कमरों की संख्या | अनुमानित लागत | लोकेशन | नीलामी की तिथि, समय, स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रा०प्रा०वि०रणसिका | 3 | 76380/- | रा०प्रा०वि०रणसिका | स्थानः खण्ड शिक्षा अधिकारी पटौदी, गुरुग्राम दिनांकः 08/06/2026 समयः 11 बजे प्रातः |
| 2 | रा०प्रा०वि० हेड़ा हेड़ी | 3 | 91654/- | रा०प्रा०वि० हेड़ा हेड़ी | -सम- |
| 3 | रा०प्रा०वि० मुजफ्फरा | 2 | 39655/- | रा०प्रा०वि० मुजफ्फरा | -सम- |
| 4 | रा०मा०वि० मुमताजपुर | 2 | 47426/ | रा०मा०वि० मुमताजपुर | -सम- |
| 5 | रा०प्रा०वि० धाणी भोड़ा खुर्द | 3 | 28846/- | रा०प्रा०वि० धाणी भोड़ा खुर्द | -सम- |
| 6 | रा०मा०वि० गुढाना | 1 | 34149/- | रा०मा०वि० गुढाना | -सम- |
| 7 | रा०प्रा०वि० धानी कुंभावास | 7 | 76380/- | रा०प्रा०वि० धानी कुंभावास | -सम- |
| 8 | रा०प्रा०वि० रेनवास | 3 | 76380/- | रा०प्रा०वि० रेहनावास | - सम- |
| 9 | रा०प्रा०वि० धाडावास | 2 | 48992/- | रा०प्रा०वि० डाडावास | - सम- |
| 10 | रा०मा०वि० जाटशाहपुर | 3 | 76380/- | रा०मा०वि० जटशाहपुर | - सम- |
| 11 | रा०मा०वि० इंछापुरी | 2 | 48992/- | रा०मा०वि० इंछापुरी | - सम- |
| 12 | रा०प्रा०वि० पटौदी वार्ड 6 | 1 | 28846/- | रा०प्रा०वि० पटौदी वार्ड 6 | -सम- |

1. प्रत्येक बोलीदाता को अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बैंकड्राफ्ट के रुप में 25000रु की राशि बोली के लिए योग्यता प्राप्त करने के लिए जमा करवानी होगी जो बोली दाता को छोड़कर नीलामी की समाप्ति पर वापिस कर दी जाएगी।
2. सफल बोलीदाता को बोली राशी 100 प्रतिशत गिरते ही जमा करवानी होगी। असफल रहने पर जमा करवाई गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
3. सफल बोलीदाता को कुल बोली का 10 प्रतिशत जमानत के तौर पर अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में ड्राफ्ट के रुप में जमा करवानी होगी जो कार्य समाप्ति पर वापिस कर दी जाएगी।
4. ईमारत अनुमोदन जारी के एक माह में ईमारत तोड़ी जानी चाहिए तथा स्थल मलवा रहित होना चाहिए जिसके असफल रहने पर शेष साल्वेज्ड पर सरकार द्वारा कब्जा ले लिया जाएगा।
5. पार्टियों के मध्य किसी भी विवाद की स्थिती में न्यायिक क्षेत्राधिकार गुरुग्राम रहेगा।
6. अगर अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण डिसमेंटलिंग के लिए ईमारत का कब्जा समय में नही दिया है तो ठेकेदार को काई राहत नही दी जाएगी। केवल समय बढ़ाया जाएगा।

नोट:- बोली दाता बोली व नीलामी होने से पहले स्थल (विद्यालयों की असुरक्षित ईमारतों/ कमरों) को देख सकते हैं।
हस्ता/-
जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, गुरुग्राम
PRDH:-1132/11/120/2027/45778/1/7 Dt. 01/06/2026

**कार्यालय अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.)**
Website - www.datiamedicalcollege.com
E mail Id- datiamedicalcollege@gmail.com
पता- 29 बटालियन के पास, एन.एच.-44 जिला दतिया, म.प्र. पिन कोड 475661
क्रमांक-4019/शा.चि. म. / 2026 दतिया, दिनांक-27/05/2026

**//Corrigendum//**

सभी निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया में नवीन जिम की स्थापना हेतु जारी प्रथम ऑनलाइन निविदा क्र. **2026_DME_505358** हेतु विज्ञप्ति क्र. **G-12711/26** जारी की गई थी, जिसमें निविदा समय सारणी में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है-

| | Description Of Tender | Establishment of Gym in Govt Medical College Datia (As Previous) | Establishment of Gym in Govt Medical College Datia (As Amended) |
|---|---|---|---|
| | Online Tender No. | 2026_DME_505358 | 2026_DME_505358 |
| 1 | Publishing Start Date | 12/05/2026 at 12:00 PM | 02/06/2026 at 11:00 AM |
| 2 | Document Download/ Sale Start Date | 13/05/2026 at 13:00 PM | 02/06/2026 at 11:30 AM |
| 3 | Pre Bid Meeting Date | 15/05/2026 at 12:00 PM At Govt. Medical College Datia | 05/06/2026 at 13:00 PM At Govt. Medical College Datia |
| 4 | Bid Submission Start Date | 15/05/2026 at 13:00 PM | 05/06/2026 at 14:00 PM |
| 5 | Bid Submission Closing Date | 03/06/2026 at 17:30 PM | 23/06/2026 at 17:30 PM |
| 6 | Bid Opening Date | 05/06/2026 at 11:00 AM | 25/06/2026 at 12:00 PM |

नोट :-
(1) उक्त संशोधन सभी निविदाकारों के लिए मान्य होगा।
(2) अन्य तिथि व समय यथावत रहेंगे।
(3) निविदा में किसी भी प्रकार का अन्य संशोधन आवश्यक होने पर **www.mptenders.gov.in** पर अपलोड किया जावेगा, पृथक से कोई भी सूचना नहीं दी जावेगी।

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
दतिया (म.प्र.)
G 13704/26

**हरियाणा सरकार** — **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | आरंभिक तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि /ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/संपर्क जानकारी/ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एचएसआईआईडीसी | उद्योग विहार, गुरुग्राम के फेज -1 में प्लॉट संख्या 132 से 137 के सामने सीसी रोड का निर्माण। | 01.06.2026 08.06.2026 | 22.11 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0124-2398418 ia.gurugram@hsiidc.org.in |
| 2. | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी मानेसर के वाटर वर्क्स सेक्टर -3, 5 और 7 में वृक्षारोपण/झाड़ियों आदि सहित बागवानी कार्यों का वार्षिक रखरखाव। | 02.06.2026 09.06.2026 | 14.51 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9910728120 ia.manesar@hsiidc.org.in |
| 3. | एचएसआईआईडीसी | वाटर वर्क-8 और बसई एवं हरसारू आईएमटी मानेसर में वृक्षारोपण/झाड़ियों आदि सहित बागवानी कार्यों का वार्षिक रखरखाव। | 02.06.2026 09.06.2026 | 9.67 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9910728120 ia.manesar@hsiidc.org.in |
| 4. | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी मानेसर, गुरुग्राम के सेक्टर-01, 02, 03 और 04 में सीवर लाइन संबंधी दैनिक शिकायतों के निवारण के लिए तीन (03) महीनों की अवधि के लिए सीवर लाइन का संचालन और रखरखाव। | 02.06.2026 09.06.2026 | 13.57 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9910728120 ia.manesar@hsiidc.org.in |
| 5. | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी बावल में पीएच-IV में रुके हुए उपचारित अपशिष्ट जल के अतिप्रवाह को रोकने के लिए ताजी मिट्टी से भरकर मिट्टी के बांधों का निर्माण/मरम्मत करना। | 02.06.2026 08.06.2026 | 12.51 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01284-264122 ia.bawal@hsiidc.org.in |
| 6. | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी बावल के पीएच-आई क्षेत्र में क्षतिग्रस्त तूफानी जल निकासी नालियों की मरम्मत। | 02.06.2026 08.06.2026 | 14.92 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01284-264122 ia.bawal@hsiidc.org.in |
| 7. | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी बावल के सेक्टर-2, फेज-I में रोड बर्म ग्रीन बेल्ट पर क्षतिग्रस्त वेल्ड मेश गैल्वनाइज्ड पाउडर कोटेड फेंस पैनलों को बदलना। | 02.06.2026 08.06.2026 | 2.77 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01284-264122 ia.bawal@hsiidc.org.in |
| 8. | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी मानेसर में सेक्टर-1 में 36 महीने की डीएलपी के साथ सड़क की मरम्मत/पुन :सरफेसिंग। | 29.05.2026 10.06.2026 | 324.43 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01284-264122 ia.manesar@hsiidc.org.in |
| 9. | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी मानेसर में सेक्टर-02, 03, 04, 05 और 07 पर 12 महीने की डीएलपी के साथ सड़क मरम्मत कार्य (बिटुमिनस सड़क) किया जाएगा। | 29.05.2026 04.06.2026 | 57.24 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9910728120 ia.manesar@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया वेबसाईट www.haryanaeprocurement.gov.in एवं www.etenders.hry.nic.in पर जाएं। PRDH: 13/2027/180/45766/I/1/7 Dt. 01/06/2026

उजाला हाट

**DN AUTOLAND**
MARUTI SUZUKI AUTHORISED SERVICE (Since 1993)
URGENTLY REQUIRED
• WORKSHOP MANAGER
• BODYSHOP MAGANER
E-4, INDL. AREA, MEERUT ROAD, GHAZIABAD.
MOB. : 8800022888, 8448226677

**Medical Helpline**

कैंसर अभिशाप नहीं, रोग है, निराश न हों
इलेक्ट्रो होम्योपैथी दवाओं से चिकित्सा सम्भव
डॉ. आर.के. गुप्ता
कैंसर रोग विशेषज्ञ
बी.ई.एम.एस., एम.डी., पीएच.डी., डी.लिट. (इलेक्ट्रो होम्योपैथी), भारत गौरव, हिन्द रत्न, अन्तर्राष्ट्रीय रत्न, बैस्ट कैंसर प्रेक्टीशनर ऑफ द वर्ल्ड, विश्व कैंसर सम्राट अवार्ड तथा गोल्ड मैडलों से सम्मानित
विकास इलेक्ट्रो होम्योपैथी क्लीनिक - कैंसर का निदान एवं चिकित्सा केन्द्र
पता-168, आवास विकास कॉलोनी, सासनी गेट, अलीगढ़, उ.प्र., भारत
मो.: 07060363535, 09319047859 कोई परामर्श शुल्क नहीं

इंदिरा IVF रवि वुमन्स हॉस्पिटल
अब सेक्टर-35 नोएड़ा में
नि:शुल्क
नि:संतानता परामर्श
सप्ताह के 7 दिन खुला
8826975080, 8585808073
ए-1 गोल्फ कोर्स रोड सेक्टर 35 (मोरना बस स्टैण्ड के पास)
RAVI HOSPITAL Email : noida@ravihospital.org
आगरा । अलीगढ । फिरोजाबाद । नोएडा

(रजिस्टर्ड)
सैक्स टाईम बढ़ायें
अधिक रुकावट फौलादी बनें
ताकत ही ताकत
इन्द्री की समस्त समस्याओं का ईलाज
(नामर्दी/स्वप्नदोष खत्म)
शीघ्र पतन-घात जड़से खत्म
जोश-उत्साह व शक्ति वर्धक
14 जड़ी बूटियों का मिश्रण आयुर्वेदिक रामबाण दवा
डा. गीता 9958978890

गुप्त रोगी मिलें
नामर्दी, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
भारत प्रसिद्ध गोल्ड मेडलिस्ट
डा. शेख
रोजाना मिलें - लाजपत नगर, नई दिल्ली
हर मंगलवार - सेक्टर 18 नोएडा
हर बुधवार - नीलम चौक, फरीदाबाद
हर इतवार - बस स्टैण्ड, गुरुग्राम
Call & Book Appointment 9837023223

प्राकृतिक संसाधनों का सुव्यवस्थित विकास और संरक्षण किसी भी देश का पहला कर्तव्य है। -गिफोर्ड पिंचोट

**दिल्ली के साकेत में एक बहुमंजिला इमारत के गिरने की घटना दुखद होने के साथ घोर प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा भी है। सरकार व प्रशासन को न सिर्फ दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, बल्कि ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने हेतु अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कदम भी उठाने चाहिए।**

# हादसा और सवाल

दिल्ली के साकेत में सैदुल्लाजाब इलाके में ताश के पत्तों की तरह एक बहुमंजिला इमारत के गिरने से छह लोगों, जिनमें कुछ छात्र भी हैं, की मौत एवं कुछ के घायल होने की घटना दुखद तो है ही, यह घोर प्रशासनिक लापरवाही का भी उदाहरण है। बीती शनिवार शाम को अचानक हुए इस हादसे से आसपास के इलाके में मलबा एवं धूल का गुबार फैलने से अफरातफरी मच गई। प्रारंभिक जांच के मुताबिक, इस इमारत में अवैध रूप से दो मंजिलों का निर्माण कार्य पहले ही किया गया था, जबकि तीसरी मंजिल का निर्माण कार्य जारी था। कमजोर ढांचे पर अतिरिक्त दबाव पड़ने के कारण इमारत भरभराकर गिर गई, जिसका मलबा बगल की कैंटीन पर गिरा, जहां कई छात्र खाना खा रहे थे। गौरतलब है कि एमसीडी ने अनधिकृत निर्माण की सुनवाई के दौरान 13 अप्रैल को ही दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया था कि इस इमारत में किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं चल रहा है। हैरत की बात है कि दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों ने अदालत के समक्ष झूठ बोलने में भी कोई संकोच नहीं किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बेशक हादसे की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं और दिल्ली नगर निगम ने लापरवाही के आरोप में दो इंजीनियरों को निलंबित कर दिया है, पर अवैध निर्माण तथा उसके भ्रष्ट तंत्र की जवाबदेही तय करने के लिए सख्त कदम उठाए जाने की जरूरत है। असल में, देश में हादसों के बाद जांच तो बिठा दी जाती है, लेकिन उनसे कोई सबक नहीं लिया जाता। थोड़े दिन चर्चा होती है, फिर सब कुछ पूर्ववत चलने लगता है, निलंबित अधिकारी भी पुनः लौट आते हैं, नतीजतन सुधार नहीं हो पाता। हालिया मामले में मकान मालिक एवं ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मकान मालिक को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। दरअसल, जिस इलाके में यह हादसा हुआ है, वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों का केंद्र है, जहां किराये पर आवासीय घरों की मांग रहती है। इसी कारण मकान मालिक अवैध निर्माण करते हैं और



मजबूरी में छात्र जान जोखिम में डालकर इनमें रहते हैं। इलाके की कई इमारतों में सीढ़ियां संकरी हैं, तो कई में अग्नि सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम नहीं हैं, जिसका खामियाजा निर्दोष लोगों को भुगतना पड़ता है। अवैध निर्माण और प्रशासनिक लापरवाही से इमारतों के साथ कई परिवारों के सपने भी ध्वस्त हो जाते हैं। इसलिए, सरकार और प्रशासन को न सिर्फ जांच में दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, बल्कि ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए इलाके की इमारतों की गहन जांच करते हुए अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए।

# तिहरे संकट से निपटने के पांच तरीके

**वैश्विक तनाव और चरम मौसम ने भारत के सामने भोजन, ईंधन और पर्यावरण का तिहरा संकट खड़ा कर दिया है। ऐसे में, दलहन विस्तार, बायोगैस क्रांति, रासायनिक खादों पर नियंत्रण, अपशिष्ट पुनर्चक्रण और एथेनॉल नीति में सुधार जैसे तरीके अपनाकर देश इस जटिल चुनौती से उबर सकता है।**

पश्चिम एशियाई संघर्ष के कारण दुनियाभर में सामान की आवाजाही व आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई है, जिससे ईंधन और उर्वरकों की कीमतें बढ़ गई हैं। इसी बीच भारत कई दशकों की सबसे भीषण गर्मी तथा कमजोर मानसून जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। हालांकि, इन समस्याओं की कुछ वजहें वैश्विक हालात हैं, पर कई मुश्किलें हमारी अपनी नीतियों और कमजोरियों का भी परिणाम हैं।

स्थिति और चिंताजनक तब हो जाती है, जब एक तरफ पीने के पानी और खेती के लिए भी पर्याप्त जल उपलब्ध नहीं है, और दूसरी तरफ हम बायोएथेनॉल उत्पादन को तेजी से बढ़ावा दे रहे हैं। इस्तेमाल की गई फसल के आधार पर एक लीटर एथेनॉल बनाने में लगभग चार से दस हजार लीटर तक पानी खर्च होता है। आज स्थिति यह है कि देश अपनी जरूरत की लगभग 20 प्रतिशत दालें आयात करता है, जबकि दालें देश में बढ़ती प्रोटीन की कमी को दूर करने के साथ यूरिया की मांग घटाने में भी मददगार साबित हो सकती हैं।



नंदुला रघुराम
प्रोफेसर और जैव-प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ

सूक्ष्म कणों, यानी पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) के कारण लोगों की सेहत प्रभावित हो रही है। फिर भी, अधिकांश कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांटों को 'फ्लू गैस डीसल्फराइजेशन सिस्टम' लगाने से छूट दे दी गई है। यह तकनीक सल्फर डाइऑक्साइड के उत्सर्जन को कम करती है, जो खेतों से निकलने वाली अमोनिया के साथ मिलकर हवा में खतरनाक सूक्ष्म कण पैदा करती है। वहीं, खेती के लिए जरूरी पोषक तत्व गोबर और सीवेज में बड़ी मात्रा में मौजूद होते हैं, पर उनके सही पुनर्चक्रण की कमी के चलते रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता बढ़ गई है। खराब अपशिष्ट प्रबंधन से भी जलाशयों में यूट्रोफिकेशन जैसी समस्या बढ़ रही है, जिससे विभिन्न जलस्रोत धीरे-धीरे दम तोड़ रहे हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि जहां भी संभव हो, खेती में दालों और अन्य फलीदार फसलों पर आधारित फसल चक्र तथा बहु-फसली खेती को दोबारा



बढ़ावा दिया जाना चाहिए, क्योंकि फलीदार फसलें हवा से प्राकृतिक रूप से नाइट्रोजन ग्रहण कर लेती हैं, कम पानी में तैयार हो जाती हैं और यूरिया जैसी रासायनिक खादों पर निर्भरता भी घटा देती हैं। इसी सोच के तहत अक्तूबर 2025 में शुरू किए गए 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' में सरकार ने अरहर, उड़द व मसूर जैसी दालों की अगले चार वर्षों तक 100 प्रतिशत खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर करने का वादा किया था, पर अप्रैल में सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, दालों की बुआई क्षेत्र में पिछले वर्ष की तुलना में केवल 1.26 फीसदी की मामूली वृद्धि ही दर्ज की गई है। यह उत्साहजनक नहीं है, विशेष रूप से 2021-22 से 2024-25 के बीच क्षेत्र में हुई गिरावट की तुलना में।

विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में लगभग 90 अरब क्यूबिक मीटर तक कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) उत्पादन की क्षमता मौजूद है, जिससे आयातित प्राकृतिक गैस की आवश्यकता लगभग पूरी तरह खत्म की जा सकती है और घरेलू व औद्योगिक जरूरतों की बड़ी मांग देश के भीतर ही पूरी हो सकती है। इसी दिशा में राष्ट्रीय जैव-ऊर्जा मिशन, गोबरधन और सतत जैसी योजनाओं के तहत सरकार बायोगैस उत्पादन बढ़ाने तथा गैस मिश्रण को अनिवार्य बनाने के लिए कई प्रोत्साहन दे रही है। इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद देश की कुल उत्पादन क्षमता लगभग 3,700 टन प्रतिदिन तक पहुंच सकती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि भारत ने 2070 तक 'नेट जीरो', यानी शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का जो लक्ष्य तय किया गया है, उसे हासिल करने के लिए मौजूदा नीतियों और योजनाओं की गति अभी पर्याप्त नहीं है। इन पहलों का दायरा तथा प्रभाव, दोनों को तेजी से बढ़ाने की आवश्यकता है। उनका सुझाव है कि रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल तभी किया जाए, जब स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सभी जैविक विकल्प-जैसे गोबर खाद, कंपोस्ट, बायोचार व अन्य जैविक स्रोत पूरी तरह उपयोग में लाए जा चुके हों। अखिल भारतीय समन्वित फसल परीक्षणों में भी यह साबित हो चुका है कि उर्वरकों की अनुशंसित मात्रा का करीब आधा हिस्सा खाद, कंपोस्ट या बायोचार से बदला जा सकता है और इससे फसल उत्पादन पर कोई नकारात्मक असर भी नहीं पड़ता। पर, समस्या यह है कि सरकारी सिफारिशों और कृषि सलाहों में इन वैकल्पिक उपायों को पर्याप्त जगह नहीं मिल पाई है। नतीजतन, किसान रासायनिक उर्वरकों को ही आधार खुराक मानकर उनका अत्यधिक उपयोग करते हैं।

जरूरत इस बात की भी है कि अनाज और खाद्य फसलों से बनने वाले एथेनॉल को हतोत्साहित किया जाए और इसके उत्पादन के लिए केवल शीरा (मोलासेस) तथा अन्य बेकार बायोमास के इस्तेमाल की ही अनुमति दी जाए। नीति आयोग के अनुसार, दिल्ली, बंगलूरू और चेन्नई समेत भारत के 21 बड़े शहरों में वर्ष 2030 तक भूजल पूरी तरह समाप्त होने का खतरा है। फिर भी, एथेनॉल उत्पादन से जुड़ी डिस्टिलरी इकाइयों को 'शून्य-अपशिष्ट उत्सर्जन' (जीरो एफ्लुएंट डिस्चार्ज) के स्व-प्रमाणन के आधार पर ही अनुमति दी जा रही है। परिणामस्वरूप, कई डिस्टिलरी बिना पर्याप्त निगरानी के भूजल और सतही जल स्रोतों को प्रदूषित कर रही हैं।

फसलों में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और अन्य पोषक तत्वों के उपयोग की क्षमता बढ़ाने के लिए सरकार को अगले पांच वर्षों में अपना निवेश कम-से-कम दस गुना तक बढ़ाना चाहिए। आज कृषि में इस्तेमाल होने वाले कुल यूरिया का दो-तिहाई और फॉस्फेट का तीन-चौथाई से अधिक हिस्सा फसल तक पहुंच ही नहीं पाता और हवा तथा पानी में प्रदूषक तत्वों के रूप में फैल जाता है। इस बर्बाद होने वाली खाद की आर्थिक कीमत सालाना 1.5 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा बैठती है, जो भारत में होने वाले कुल सरकारी अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) खर्च के दोगुने से ज्यादा है। विशेषज्ञों के अनुसार, धान की जर्मप्लाज्म, यानी आनुवंशिक सामग्री में ही इतनी क्षमता मौजूद है कि प्रति इकाई यूरिया के उपयोग पर मिलने वाली फसल की पैदावार को दोगुना किया जा सकता है। भारत को इन समस्याओं का समाधान तुरंत और गंभीरता से करना होगा। तभी देश भोजन, ईंधन, स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़े उन बहुस्तरीय संकटों से बच सकेगा, जो लगातार गहराते जा रहे हैं।

केंद्र 'राष्ट्रीय नाइट्रोजन संचालन समिति' को दोबारा सक्रिय करने पर विचार कर सकता है, जिसकी स्थापना सतत नाइट्रोजन प्रबंधन पर भारत के नेतृत्व वाले पहले संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव को लागू करने के लिए की गई थी। समिति का कार्यकाल 2024 में खत्म हो गया, पर उसकी किसी भी प्रमुख सिफारिश पर अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी-जैसा कि अक्सर नीतिगत स्तर पर देखने को मिलता है।

## जीवन धारा



ईश्वर चंद्र विद्यासागर

मनुष्य चाहे कितनी ही पुस्तकें पढ़ ले, उसके जाने के बाद लोग उसके शब्दों को नहीं, बल्कि यह याद रखते हैं कि उसने कितनों के आंसू पोंछे, कितनों को सहारा दिया और कितनों के लिए अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाई।

# ऐसा ज्ञान बेकार है जो करुणा न जगाए

*जीवन का मूल्य इस बात में नहीं कि हमने कितना ज्ञान अर्जित किया है, बल्कि इस बात में है कि हमारे कारण कितने लोगों का दुख कम हुआ। मनुष्य इस संसार में जन्म केवल अपने लिए नहीं लेता। अगर उसका समस्त ज्ञान, सारी विद्वता और उपलब्धियां केवल उसके अहंकार की दीवारें ऊंची करने में लग जाएं, तो वह ज्ञान नहीं, सिर्फ बोझ है। मैं उस विद्या को अधूरी मानता हूं, जो मनुष्य के भीतर करुणा न जगाए। मैंने अपने जीवन में देखा है कि समाज विद्वानों का तो सम्मान करता है, मगर दुखियों की पीड़ा सुनने से बचता है। लोग शास्त्रों के पन्ने तो उलटते हैं, किंतु मनुष्य के हृदय को पढ़ने का प्रयास नहीं करते। मुझे सदैव यह लगा कि यदि शिक्षा हमें मनुष्य के दुख के प्रति संवेदनशील नहीं बनाती, तो वह केवल शब्दों का संग्रह है, प्रकाश नहीं।*



*जब मैं छोटा था, तब मैंने गरीबी को बहुत करीब से देखा। मैंने उन रातों को जिया है, जब दीपक जलाने के लिए हमारे यहां तेल भी नहीं हुआ करता था और सड़क की मद्धिम रोशनी में पढ़ना पड़ता था। उस समय मैंने जाना कि ज्ञान का वास्तविक मूल्य क्या है। समाज में मैंने अनेक लोगों को देखा, जो धर्म और परंपरा की बड़ी-बड़ी बातें तो करते थे, किंतु एक विधवा के आंसू उन्हें विचलित नहीं करते थे। वे शास्त्रों की रक्षा में इतने व्यस्त हो गए थे कि मनुष्यता की रक्षा करना तक भूल गए। तब मेरे भीतर यह प्रश्न बार-बार उठता था कि अगर किसी व्यवस्था के कारण मनुष्य का जीवन अपमान और पीड़ा में डूब जाए, तो उस व्यवस्था की पवित्रता का क्या अर्थ रह जाता है? धर्म वह नहीं हो सकता, जो करुणा को कुचल दे। मनुष्य का कर्तव्य केवल सत्य को जानना नहीं, बल्कि अन्याय के सामने खड़े होने का साहस रखना भी है।*

*मेरे लिए जीवन का उद्देश्य पीड़ित मनुष्य की पीड़ा को थोड़ा कम कर देना है। यदि आपके कारण किसी निराश व्यक्ति को आशा मिले, किसी भूखे को भोजन मिले, अशिक्षित को शिक्षा मिले, अपमानित को सम्मान मिले, तो समझिए आपका जीवन सार्थक हुआ। सच्चा ज्ञान वही है, जो सिखाए कि हर मनुष्य का दुख हमारे अपने दुख से अलग नहीं है। हम सब एक-दूसरे से जुड़े हैं। मनुष्य चाहे कितनी ही पुस्तकें पढ़ ले, उसके जाने के बाद लोग उसके शब्दों को नहीं, उसके व्यवहार को याद रखते हैं। वे यह याद रखते हैं कि उसने कितनों के आंसू पोंछे, कितनों को सहारा दिया और कितनों के लिए अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाई।*

*शिक्षा का अर्थ है-अपने भीतर ऐसी दृष्टि विकसित करना, जिससे हम हर मनुष्य में अपनी ही आत्मा का अंश देख सकें। यदि कभी तुम्हें यह निर्णय लेना पड़े कि अपनी प्रतिष्ठा या किसी पीड़ित की सहायता करने में से महत्वपूर्ण क्या है, तो सदैव मनुष्यता को चुनना। समाज की प्रशंसा क्षणिक होती है, किंतु किसी पीड़ित मनुष्य की आंखों में लौटती हुई आशा अमर होती है। वही तुम्हारे जीवन का सबसे बड़ा पुरस्कार होगा।*

### संवेदनशील बनें

सूत्र

*जीवन की सार्थकता ज्ञान के संचय में नहीं, बल्कि दूसरों के दुखों को दूर करने में है। सच्चा मनुष्य वही है, जो शास्त्रों के पन्ने पलटने के बजाय इन्सानी दिल को पढ़े और अन्याय के खिलाफ खड़े होने का साहस रखे। सदैव प्रतिष्ठा से ऊपर मानवता और सेवा को चुनें। आपके जाने के बाद लोग आपकी उपलब्धियों को नहीं, बल्कि आपकी संवेदनशीलता को याद रखेंगे।*

## दूसरा पहलू

अमेरिका के डेविल्स टॉवर को 1977 में आई एक मशहूर हॉलीवुड फिल्म ने दुनियाभर में 'एलियन पहाड़ी' की पहचान दिला दी।

# हॉलीवुड की 'एलियन पहाड़ी' और उसका रहस्य

**अमेरिकी** राज्य वायोमिंग के खुले घास के मैदानों के बीच अचानक आसमान की ओर उठती एक विशाल चट्टान दूर से किसी दूसरी दुनिया की वस्तु जैसी दिखाई देती है। 867 फीट ऊंचा यह डेविल्स टॉवर दशकों से लोगों को आकर्षित करता रहा है, पर 1977 में आई स्टीवन स्पीलबर्ग की मशहूर फिल्म *क्लोज एनकाउंटर्स ऑफ द थर्ड काइंड* ने इसे दुनियाभर में एलियन पहाड़ी की पहचान दिला दी। आज भी हजारों लोग सिर्फ उस रहस्यमयी एहसास को महसूस करने यहां पहुंचते हैं, जिसे हॉलीवुड ने परदे पर अमर कर दिया था।



कई आदिवासी समुदाय इस स्थान को बेयर लॉज या भालू का घर जैसे नामों से जानते रहे हैं। इसके पीछे एक मशहूर लोककथा है।



यहां के निवासी बताते हैं कि करीब 30 साल पहले देर रात उनके सामने सड़क पर एक उल्कापिंड गिरा था। यहां पर मोबाइल नेटवर्क भी ठीक से काम नहीं करता है। कई स्थानीय लोग उसका दोष एलियंस को ही देते हैं।

डेविल्स टॉवर को देखकर यह समझना मुश्किल होता है कि यह प्राकृतिक संरचना है या किसी बड़ी मशीन का हिस्सा। विशाल खंभों जैसी इसकी सतह इसे और भी विचित्र बनाती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह दुनिया में कॉलमनर जॉइंटिंग का सबसे बड़ा उदाहरण है, यानी चट्टान ठंडी होने के दौरान उसमें बनीं विशाल स्तंभनुमा दरारों का अनोखा स्वरूप। कुछ स्तंभ तो 10 फीट तक चौड़े हैं। इसे 1906 में तत्कालीन राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट ने अमेरिका का पहला राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया था। कई आदिवासी समुदाय इस स्थान को बेयर लॉज या भालू का घर जैसे नामों से जानते रहे हैं। एक लोककथा के अनुसार, दो छोटी लड़कियों को बचाने के लिए धरती ऊपर उठी और एक विशाल भालू ने उसे पंजों से नोचने की कोशिश की। टॉवर की सतह पर दिखाई देने वाली लंबी धारियों को उसी भालू के पंजों के निशान माना जाता है। लोगों का मानना है कि शायद भालू को दुष्ट शक्ति (डेविल्स) या अशुभ आत्मा के अर्थ में समझकर इसका यह नाम पड़ गया। इस सवाल पर स्थानीय लोग हंस पड़ते हैं कि क्या यहां सचमुच एलियंस दिखे हैं? यहां के निवासी ड्रिस्किल कहते हैं कि करीब 30 साल पहले देर रात उनके सामने सड़क पर एक उल्कापिंड गिरा था। यहां मोबाइल नेटवर्क ठीक से नहीं चलता, इसलिए कई लोग उसका दोष एलियंस को ही देते हैं।

डेविल्स टॉवर आज सिर्फ एक भूवैज्ञानिक संरचना नहीं रह गया है। यह उस दुर्लभ जगह का उदाहरण बन चुका है, जहां प्रकृति, आदिवासी इतिहास, हॉलीवुड कल्पना और आधुनिक पर्यटन एक साथ मिल जाते हैं। शायद यही वजह है कि पांच दशक बाद भी लोग यहां सिर्फ चट्टान देखने नहीं आते, बल्कि वे उस रहस्य को महसूस करने आते हैं, जिसने कभी पूरी दुनिया की कल्पना को झकझोर दिया था। *-अमर उजाला नेटवर्क*

## आंकड़े

### करों की उलझन

दुनियाभर में कर की जटिलताओं को समझने के लिए लोग टैक्स सलाहकार सेवाओं का सहारा लेते हैं। इस मामले में ऑस्ट्रेलिया सबसे आगे है।

| | |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 21 |
| स्पेन | 20 |
| कनाडा | 19 |
| जर्मनी | 18 |
| अमेरिका | 16 |

आंकड़े कर विशेषज्ञों की मदद लेने वाले लोगों के, प्रतिशत में। | स्रोत : स्टैटिस्टा कंज्यूमर इनसाइट्स

**घंटों की अथक मेहनत के बाद जब गोपियों को पता चला कि श्रीकृष्ण भोजन कर चुके हैं, तब दुखी होने के बजाय वे नाचने लगीं।**

# गोपियों का प्रेम

**पौराणिक** कथाओं के अनुसार, एक दिन वृंदावन की गोपियों ने अपने प्रिय कृष्ण के लिए विशेष भोजन बनाने का निश्चय किया। कई घंटों की अथक मेहनत के बाद उन्होंने भोजन को सुंदर पात्रों में सजाया और अत्यंत उत्साह के साथ नंद बाबा के घर की ओर चल पड़ीं। उनके हृदय में केवल एक ही आकांक्षा थी-कृष्ण अपने हाथों से उनके बनाए भोजन का स्वाद लें और प्रसन्न हों।

जब वे नंद बाबा के घर पहुंचीं, तो वहां का दृश्य देखकर सब क्षणभर के लिए ठिठक गईं। मां यशोदा कृष्ण के हाथ धुलवा रही थीं। स्पष्ट था कि भोजन अभी-अभी समाप्त हुआ था। गोपियों को लगा कि उनकी घंटों की मेहनत व्यर्थ हो गई और वे बेहद निराश हुईं। इसके बावजूद, गोपियों की दृष्टि केवल श्रीकृष्ण के मुखमंडल पर टिकी हुई थी। अगले ही क्षण उन्होंने अपने पात्र नीचे रख दिए व नृत्य करने लगीं।



अंतर्यात्रा
संकलित

यह देखकर वहां मौजूद सभी लोग आश्चर्यचकित रह गए। जब गोपियों से उनकी प्रसन्नता का कारण पूछा गया, तो वे बोलीं, 'हम तो केवल कृष्ण के मुख पर तृप्ति का वह दिव्य भाव देखने आई थीं। इससे क्या अंतर पड़ता है कि उन्होंने भोजन किसके हाथ का खाया? उनके मुख की प्रसन्नता ही हमारे जीवन का सबसे बड़ा पुरस्कार है।'

## अमर उजाला

पुराने पन्नों से —— 2 जून, 1956

### बंगाल और मुंबई में वर्षा व तूफान


बंगाल व बंबई में वर्षा व तूफान
नावें पलट गईं, यातायात ठप्प

**प. बंगाल, मुंबई व पूर्वी पाकिस्तान (या बांग्लादेश) में भयंकर तूफान आया और घनघोर वर्षा हुई, जिसके फलस्वरूप संचार व यातायात व्यवस्था ठप हो गई। समुद्र में कई नावें पलट गईं, पर राहत की बात है कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।**

# तकलीफ का वन स्टॉप सेंटर

**महानगरों या नगरों में तो 'वन स्टॉप सेंटर' मिल भी जाएंगे, लेकिन दूर-दराज के इलाकों में रहने वाली महिलाएं आखिर क्या करें?**



क्षमा शर्मा | मुद्दा

इन दिनों भोपाल की ट्विशा शर्मा, नोएडा की दीपिका नागर और जयपुर में हुई एक अन्य ऐसी घटना काफी चर्चा में रही हैं। इन लड़कियों ने जान गंवा दी है। यदि इनके परिवार वालों ने इनकी सुनी होती, किसी हेल्पलाइन तक ये पहुंच सकतीं, तो शायद आज जीवित होतीं।

2013 में उषा मेहरा आयोग ने एक रिपोर्ट में कहा था कि यौन उत्पीड़न तथा तमाम अपराधों की शिकार महिलाओं के लिए वन स्टॉप सेंटर की जरूरत है, जिसमें महिलाओं को इलाज के साथ-साथ दूसरी सुविधाएं भी मिल सकें। 2015 में इसी रिपोर्ट के आधार पर देशभर में महिलाओं के लिए वन स्टॉप सेंटर स्थापित किए गए। भारत में '181' टोल फ्री महिला हेल्पलाइन नंबर है। जैसे ही कोई परेशान महिला इस नंबर पर फोन करती है, जिस जगह से वह फोन कर रही होती है, यह नंबर अपने आप वहां के सखी वन




स्टॉप सेंटर पर चला जाता है। स्क्रीन पर महिला का नाम, नंबर, जगह आदि दिखाई देने लगते हैं। इन केंद्रों पर काम करने वाली स्त्रियां, फौरन महिला से संपर्क करती हैं। यहां महिलाओं को पुलिस सहायता, आवास, खाना, इलाज, कपड़े, तथा अन्य जरूरत का सामान दिया जाता है। एक ही स्थान पर इन सभी सुविधाओं को प्रदान इसलिए किया गया है कि परेशान स्त्रियों को अलग-अलग जगहों पर भटकना न पड़े।

यहां जिस तरह की महिलाएं आती हैं, उनकी कहानी सुनकर दिल दहल उठता है। इनमें से बहुत-सी महिलाएं पढ़ी-लिखी हैं, आत्मनिर्भर भी हैं। कई विदेश में रहकर भी तरह-तरह की हिंसा और अपराध झेलने के लिए मजबूर होती हैं। किसी के पूरे शरीर पर चोट के निशान हैं। किसी की हड्डी टूटी हुई है। मारपीट, घर से निकालना आम बात है। किसी को घर में खाना तो क्या, चाय और बिस्कुट खाने तक पर पाबंदी है, क्योंकि इन पर पैसे खर्च होते हैं। ये भिन्न-भिन्न आर्थिक स्थितियों से आती हैं, पर सबकी कहानी लगभग एक जैसी ही है। पति और सुसराल वालों की मारपीट, तरह-तरह की हिंसा, ब्लैकमेलिंग, या फिर यौन उत्पीड़न। ये जैसे समवेत स्वर में कहती हैं कि उन्होंने बहुत कोशिश की कि मारपीट सहकर, भूखी रहकर भी अपने संबंधों को बचा लिया जाए, पर जब बहुत मजबूर हुईं, तभी हेल्पलाइन पर फोन किया।

ऐसा क्यों है कि हर तरह के अपराध झेलने के बाद भी लांछन और बदनामी सिर्फ महिलाओं के सिर ही आती है। जिन्होंने अपराध किए, उनका अक्सर कुछ नहीं बिगड़ता। महिलाओं को ही घर से बाहर निकाला जाता है। जो घरवाले दिखावे के नाम पर लड़कियों की शादी में अनाप-शनाप पैसा खर्च करते हैं, वे क्यों नहीं उनके लिए सबसे पहले एक छत का इंतजाम करते, जिससे कि किसी आपदा के समय वे वहां रह सकें। लेकिन, उन गरीब स्त्रियों का क्या, जिनके माता-पिता के पास संसाधन नहीं, वे जैसे-तैसे लड़की का विवाह करते हैं, और विवाह के बाद अक्सर मान लिया जाता है कि अब लड़की के प्रति उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं रह गई। यह कथन कि 'जिस घर में डोली आई थी, वहां से अर्थी ही निकले', आज भी घरवालों के कानों में शायद गूंजता है, तभी तो, यदि लड़कियां अपने प्रति होते अत्याचारों को बताएं भी, तब भी घरवाले ध्यान नहीं देते। कहते हैं कि ऐसा तो होता ही है। एडजस्ट कर लो। धीरे-धीरे सब ठीक हो जाएगा। पर, क्या ऐसा होता है। कितनी ही स्त्रियों को बिना आर्थिक मदद के बाल-बच्चों समेत, घर से बाहर निकाल दिया जाता है। वे दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर होती हैं। अपने परिवार से भी शायद ही कोई सहायता मिलती है।

महानगरों या नगरों में तो वन स्टॉप सेंटर मिल भी जाएंगे, लेकिन दूर-दराज के इलाकों में रहने वाली स्त्रियां आखिर क्या करें? जिन्हें अपना माना, वे ही अगर दैत्य सरीखा व्यवहार करें, तो उनसे कैसे बचें। क्योंकि यौन अपराध के बानवे प्रतिशत मामले उन्हीं के द्वारा होते हैं, जिन्हें परिवार, परिचित या मित्र कहा जाता है। हाल ही के एनसीआरबी आंकड़े बताते हैं कि अपने देश में हर साल 4.5 लाख महिलाएं तरह-तरह के अपराधों का शिकार होती हैं। इनमें 31 प्रतिशत अपराध, पति या उसके परिवारजनों द्वारा किए जाते हैं।

इसलिए, इन महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर्स की जानकारी अवश्य होनी चाहिए, जिससे कि जब भी जरूरत पड़े, वे मदद ले सकें। स्कूल-कालेजों में भी इनकी जानकारी दी जाए, जिससे बच्चियां और बच्चे इन नंबरों के बारे में जान सकें और सुरक्षित रह सकें।

edit@amarujala.com

मलबे में जिंदगी की तलाश



हादसे को 50 घंटे से अधिक समय बीत गया है। घटनास्थल से 70 से अधिक ट्रक मलबा निकाला जा चुका है। भूपिंदर सिंह

# अफसरों की 11 साल तक अनदेखी की कीमत छह लोगों ने जान देकर चुकाई

## 2015 से अवैध घोषित थी इमारत, पुलिस की चेतावनियों के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई

पुरुषोत्तम वर्मा

नई दिल्ली। सैदुल्लाजाब में इमारत ढहने की घटना महज एक हादसा नहीं, बल्कि वर्षों की प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है। साकेत मेट्रो स्टेशन के निकट शनिवार शाम हुए हादसे ने पांच युवा डॉक्टरों और एक कैंटीन संचालिका समेत छह लोगों की जान ले ली। पुलिस के अनुसार अधिकांश मृतकों की मौत मलबे में दबने के बाद दम घुटने से हुई है।

दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार यह त्रासदी अचानक नहीं हुई। उपलब्ध दस्तावेज और प्रशासनिक रिकॉर्ड बताते हैं कि भवन को वर्ष 2015 में ही दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने अवैध निर्माण के रूप में चिह्नित कर लिया था। करीब 700 वर्ग गज में बने इस भवन के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया।

मामला 2021 में दिल्ली हाईकोर्ट तक पहुंचा। अदालत के निर्देशों के बाद एमसीडी ने भी स्वीकार किया कि भवन अवैध है और इसे ध्वस्त किया जाना चाहिए। बावजूद न तो भवन को गिराया गया और न ही उसे खाली कराया गया।



अधिकारियों ने कहा, इमारत के मलबे में सरिया व कंक्रीट के ढांचे शामिल हैं, इस वजह से काम धीरे हो पा रहा। संवाद

### स्थानीय पुलिस ने मार्च में भी भेजी थी चेतावनी

सूत्रों के अनुसार मार्च 2026 में स्थानीय पुलिस ने एमसीडी को दो अलग-अलग पत्र लिखकर सूचित किया था कि भवन में अतिरिक्त मंजिल का निर्माण किया जा रहा है। पुलिस ने आशंका जताई थी कि अतिरिक्त निर्माण से इमारत की संरचनात्मक मजबूती प्रभावित हो सकती है और किसी बड़े हादसे का खतरा पैदा हो सकता है। चेतावनियों के बाद निर्माण जारी रहा।

### इमारत मालिक कर्मवीर जेलदार गिरफ्तार बिल्डर-ठेकेदार की अब भी तलाश जारी

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के सैदुल्लाजाब इमारत हादसे में महरौली पुलिस ने मुख्य आरोपी और इमारत मालिक कर्मवीर जेलदार (71) को गिरफ्तार कर लिया है।

दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने गिरफ्तारी की पुष्टि की। पुलिस के अनुसार कर्मवीर को सोमवार शाम बसंतकुंज क्षेत्र से पकड़ा गया, जहां वह एक रिश्तेदार के घर छिपा हुआ था। इलाके का रसूखदार माने जाने वाले कर्मवीर के पास क्षेत्र में काफी संपत्ति है। पुलिस उसे मंगलवार को अदालत में पेश कर रिमांड मांग सकती है। वहीं, बिल्डर मनीष खत्री और ठेकेदार की तलाश जारी है। ब्यूरो

### कब-कब क्या हुआ

- 2015: एमसीडी ने भवन को अवैध निर्माण के रूप में चिह्नित किया।
- 2021: हाईकोर्ट के निर्देश के बाद एमसीडी ने भवन को ध्वस्त किए जाने योग्य माना।
- 2021-2026: कार्रवाई नहीं हुई, भवन का उपयोग जारी रहा।
- मार्च 2026: पुलिस ने अवैध निर्माण को लेकर एमसीडी को दो बार चेतावनी दी।
- 30 मई 2026: इमारत ढह गई, छह लोगों की मौत हुई।

### अधिकांश मौतें दम घुटने के कारण हुईं

दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार मृतकों के शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं, लेकिन शुरुआती चिकित्सकीय आकलन में अधिकांश की मौत का कारण दम घुटना सामने आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक पार्वती, आलोक और एकता की मौत दम घुटने से होने की पुष्टि लगभग हो चुकी है। ये सभी कैंटीन क्षेत्र में मौजूद थे, जहां इमारत का बड़ा हिस्सा आकर गिरा था।

### देखते ही देखते ढह गई सात मंजिला इमारत

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के सैदुल्लाजाब इमारत हादसे का वीडियो सामने आया है। इस दर्दनाक हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और बचाव व मलबा हटाने का अभियान जारी।

शनिवार (30 मई) की शाम हुए इस हादसे का वीडियो अब सोशल मीडिया और स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। वीडियो में साफ दिखाई देता है कि निर्माणाधीन सात मंजिला इमारत कुछ ही सेकंड में भरभराकर जमीन पर गिर जाती है। हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए।

**पहले ऊपरी हिस्से से मलबे के छोटे-छोटे टुकड़े गिरे :** वीडियो में साफ दिखता है कि इमारत ढहने से कुछ क्षण पहले उसके ऊपरी हिस्से से मलबे के छोटे-छोटे टुकड़े नीचे गिरने लगे थे। इसे देखकर बाहर मौजूद कुछ लोगों को खतरे का अंदेशा हो गया और वे तुरंत वहां से हट गए। हालांकि, पास स्थित टिन शेड कैंटीन में बैठे छात्रों और अन्य लोगों को संभलने का मौका नहीं मिल सका।

**भारी मात्रा में मलबा सीधे कैंटीन पर गिरा :** इमारत गिरते ही भारी मात्रा में मलबा सीधे कैंटीन पर आ गिरा, जिसमें वहां मौजूद कई लोग दब गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पूरी इमारत कुछ ही सेकंड में ध्वस्त हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों और राहत एजेंसियों ने बचाव अभियान शुरू किया।

### रास्ता साफ न होने से भी मलबा हटाने का काम धीमा

नई दिल्ली। सुबह से ही प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गईं और जेसीबी व अन्य उपकरणों की सहायता से मलबा हटाने का कार्य करती रहीं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, तीन दिनों से लगातार राहत और सफाई का काम चल रहा है, लेकिन अभी भी बड़ी मात्रा में मलबा हटाना बाकी है। कई स्थानों पर रास्ते पूरी तरह साफ नहीं हो सके हैं, जिससे लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। स्थानीय निवासी शबाना ने बताया कि लोगों को आशंका है कि मलबे के नीचे अभी भी कोई फंसा हो सकता है। इसलिए प्रशासन से उम्मीद है कि अभियान जल्द पूरा किया जाएगा ताकि जरूरत पड़ने पर समय रहते राहत पहुंचाई जा सके। वहीं, राजेश ने कहा कि प्रशासनिक टीमें पूरी मेहनत और मुस्तैदी से काम कर रही हैं, लेकिन कुछ हिस्सों में अब भी काफी मलबा मौजूद है। ब्यूरो

# एमसीडी ऑफिस 30 मीटर दूर फिर भी बन गई अवैध इमारत

धनंजय मिश्रा

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के सैदुल्लाजाब में सात मंजिला इमारत गिरने से छह लोगों की मौत ने राजधानी में अवैध निर्माण और प्रशासनिक लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि ढही हुई इमारत से करीब 30 मीटर की दूरी पर एमसीडी का क्षेत्रीय कार्यालय और लगभग 50 मीटर दूर पुलिस चौकी मौजूद है। रिकॉर्ड बताते हैं कि प्रशासन को इस निर्माण की जानकारी थी। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर किसकी शह पर इमारत खड़ी हुई?

हादसे के बाद सामने आई जानकारियां बताती हैं कि यह दुर्घटना अचानक नहीं हुई। इमारत में संचालित कैंटीन में काम करने वाली प्रीति का आरोप है कि भवन काफी समय से कमजोर स्थिति में था। दीवारों में सीलन थी और ढांचा बढ़ते भार को सहने की क्षमता खो चुका था। स्थानीय लोगों का कहना है कि इमारत मूल रूप से बेसमेंट समेत चार मंजिल के लिए बनाई गई थी, लेकिन बाद में उस पर दो अतिरिक्त मंजिलें जोड़ दी गईं। इतना ही नहीं, पिछले डेढ़ महीने से एक और मंजिल का निर्माण भी जारी था।

### इतनी खतरनाक इमारत बनने कैसे दी गई इस पर उठ रहे हैं सवाल

### 16 साल में 21 हादसे, 136 मौतें... फिर भी नहीं टूट रही लापरवाही

राजधानी में इमारत गिरने की घटनाएं अब चिंताजनक पैटर्न का रूप ले चुकी हैं। पिछले 16 वर्षों में भवन ढहने के 21 बड़े हादसों में 136 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 178 लोग घायल हुए हैं। इसके बावजूद अवैध निर्माण का सिलसिला थम नहीं रहा है। दिल्ली में 2000 से अधिक अनधिकृत कॉलोनियां हैं। कई इलाकों में बिना स्वीकृत नक्शे और सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए बहुमंजिला इमारतें खड़ी की जा रही हैं। संकरी गलियों के कारण आग लगने या भवन गिरने जैसी आपदाओं के दौरान राहत और बचाव कार्य भी प्रभावित होते हैं।

### आप की डीसी के निलंबन की मांग

नई दिल्ली। आप ने भाजपा शासित एमसीडी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी ने कहा कि हादसा निगम की लापरवाही और अवैध निर्माण को संरक्षण देने का परिणाम है। सोमवार को आप नेताओं और पार्षदों ने साउथ जोन कार्यालय का घेराव कर उपायुक्त (डीसी) के निलंबन की मांग की।

प्रदेश अध्यक्ष सौरभ ने दावा किया कि संबंधित इमारत को 2015 में एमसीडी ने अवैध निर्माण के रूप में बुक किया था। 2021 में हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद इसे ध्वस्त करने का निर्णय भी लिया, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इस दौरान इमारत का निर्माण पूरा हो गया और लोगों को किराये पर रहने के लिए दे दिया। भारद्वाज ने कहा कि मार्च 2026 में स्थानीय पुलिस ने अवैध निर्माण और अतिरिक्त मंजिलों के निर्माण को लेकर साउथ जोन डीसी को दो बार लिखित शिकायत भेजी थी। ब्यूरो

# इम्तिहान के 26 दिन पहले मलबे में दब गई छात्रों की सालभर की मेहनत

## जान तो बच गई...लेकिन लाइब्रेरी में फंसे नोट्स, लैपटॉप और दस्तावेज बढ़ा रहे भविष्य की चिंता

सचिन कुमार

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के सैदुल्लाजाब इलाके में इमारत ढहने की घटना ने केवल एक भवन को नहीं, बल्कि सैकड़ों छात्रों के सपनों और वर्षों की मेहनत को भी गहरी चोट पहुंचाई है।

इस हादसे के बाद मेडिकल और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के सामने पढ़ाई जारी रखने का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। विशेष रूप से फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन (एफएमजीई) की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए यह हादसा बेहद मुश्किल समय में सामने आया है, क्योंकि परीक्षा में अब केवल 26 दिन शेष हैं।

हादसे के समय इमारत से सटी एक लाइब्रेरी में 150 से अधिक छात्र सेल्फ स्टडी कर रहे थे। अचानक इमारत गिरने और अफरा-तफरी मचने के बीच छात्रों को अपनी जान बचाने के लिए भागना पड़ा। इस दौरान उनके नोट्स, किताबें, लैपटॉप, टैबलेट, मोबाइल फोन और अन्य अध्ययन सामग्री लाइब्रेरी में ही छूट गई, जो अब मलबे और क्षतिग्रस्त इमारतों के बीच फंसी हुई है। सैदुल्लाजाब और आसपास का क्षेत्र लंबे समय से मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां देश के विभिन्न राज्यों से आए हजारों छात्र किराये के कमरों और छात्रावासों में रहकर अपने भविष्य को संवारने का प्रयास करते हैं। लेकिन इस हादसे ने उनकी दिनचर्या, तैयारी और मानसिक संतुलन को झकझोर कर रख दिया है।

**रात में नींद नहीं आती :** छात्र सौरभ बताते हैं कि उस दिन क्लास देर से शुरू हुई थी, जिसके कारण बड़ी संख्या में छात्र हादसे के समय इमारत में मौजूद नहीं थे और एक बड़ी त्रासदी बच गई। बावजूद इसके, घटना का भयावह दृश्य और इमारत गिरने की आवाज अब भी छात्रों के मन में ताजा है। कई छात्रों ने बताया कि उन्हें रात में नींद नहीं आती और वे लगातार उस घटना को याद कर परेशान हो जाते हैं।

### नोट्स के लिए छात्र लगा रहे पुलिस से गुहार

एफएमजीई की तैयारी कर रहे छात्र मूसा बताते हैं कि इमारत गिरने का दुख तो है ही, लेकिन सबसे अधिक चिंता उन नोट्स की है जिन्हें तैयार करने में महीनों की मेहनत लगी थी। उनके अनुसार यदि प्रशासन मलबे से अध्ययन सामग्री और दस्तावेज निकालने में मदद कर दे तो तैयारी को फिर से पटरी पर लाया जा सकता है। कई अन्य छात्रों की भी यही चिंता है।

### इमारत गिरने की आवाज सुनते ही सब छोड़कर भागी

असम की रहने वाली छात्रा अटलांटा भी सोमवार दोपहर अपना सामान लेने मौके पर पहुंचीं। उन्होंने 2019 में रूस से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी और वर्तमान में एफएमजीई की तैयारी कर रही थीं। हादसे के समय वह लाइब्रेरी में पढ़ रही थीं। इमारत गिरने की आवाज सुनते ही वह अपना लैपटॉप, आईफोन, चार्जर, पर्स, किताबें और नोट्स वहीं छोड़कर बाहर भागीं। अब उनका पूरा अध्ययन सामग्री और निजी सामान अंदर है।

### हमारी तैयारी एक झटके में प्रभावित हो गई

एफएमजीई अभ्यर्थी फैजल के अनुसार इमारत का ढहना एक बड़ा नुकसान है, उससे भी बड़ा नुकसान उनकी पढ़ाई की सामग्री का है। साल भर की मेहनत और तैयारी एक झटके में प्रभावित हो गई है। हादसे के बाद बचाव दल को मलबे के बीच किताबें, नोट्स, पहचान पत्र, एडमिट कार्ड और अन्य दस्तावेज बिखरे मिले। छात्रों का कहना है कि इन दस्तावेजों और नोट्स को दोबारा तैयार करना लगभग असंभव है।

हालात — जवाबदेही तय करने के बजाय फौरी कार्रवाई को गर्दन तलाशे जाते हैं, ललिता पार्क से अब तक अवैध निर्माण पर यही हो रहा है

# मलबे में दबे सवाल, कुछ दिन में जिम्मेदार हो जाएंगे बहाल

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। सैदुल्लाजाब इमारत हादसे में कई लोगों की मौत के बाद एक बार फिर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की जवाबदेही पर सवाल खड़े हो गए हैं। हर बड़े भवन हादसे के बाद अधिकारियों के निलंबन और जांच के आदेश तो दिए जाते हैं, लेकिन जिम्मेदारी तय होने और स्थायी कार्रवाई के उदाहरण बेहद कम दिखाई देते हैं।

हालिया हादसे के बाद एमसीडी ने दो इंजीनियरों को निलंबित कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि दिल्ली में भवन ढहने की पिछली घटनाओं का रिकॉर्ड बताता है कि ऐसी कार्रवाई अक्सर प्रारंभिक प्रतिक्रिया तक सीमित रह जाती है। विभागीय जांच लंबी खिंचती है और अधिकांश मामलों में अधिकारी बाद में सेवा में बहाल हो जाते हैं।


मलबा निकालने के दौरान कुछ लोग हादसे की जगह देखने पहुंचे। संवाद

नवंबर 2010 में पूर्वी दिल्ली के ललिता पार्क में पांच मंजिला इमारत ढहने से करीब 70 लोगों की मौत हुई थी और दर्जनों लोग घायल हुए थे। जांच में सामने आया था कि भवन में वर्षों से अवैध रूप से अतिरिक्त मंजिलें जोड़ी जा रही थीं और उसकी संरचना कमजोर हो चुकी थी। इसके बावजूद संबंधित विभागों ने समय रहते कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। हादसे के बाद एमसीडी ने सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, लाइसेंसिंग निरीक्षक और हाउस टैक्स निरीक्षक समेत कई अधिकारियों को निलंबित किया था।

### मानवाधिकार आयोग ने भी तलब की थी रिपोर्ट

मानवाधिकार आयोग ने भी उस समय सवाल उठाया था कि अवैध निर्माण को बढ़ावा देने या उस पर आंखें मूंदने वाले अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। आयोग ने असुरक्षित इमारतों की पहचान और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी।

### कार्रवाई का दायरा सीमित जारी रहता है अवैध निर्माण

पूर्व अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली में आज भी बड़ी संख्या में इमारतें बिना स्वीकृत नक्शों, कमजोर नींव और अतिरिक्त मंजिलों के साथ खड़ी हैं। ऐसे में सैदुल्लाजाब हादसा केवल एक इमारत के ढहने की घटना नहीं, बल्कि उस व्यवस्था पर सवाल है जिसमें हादसों के बाद जवाबदेही अक्सर निलंबन तक सीमित रह जाती है।

## उद्योग जगत

### रामरेखा घाट पर मल्टीमीडिया शो का उद्घाटन

नई दिल्ली। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बक्सर स्थित ऐतिहासिक रामरेखा घाट पर मल्टीमीडिया, 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग और डायनेमिक लाइटिंग शो का उद्घाटन किया। यह परियोजना भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की असिस्टेंस टू सेंट्रल एजेंसिज फॉर टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट योजना के तहत विकसित की गई है। इसका क्रियान्वयन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के



अंतर्गत मिनी रत्न सीपीएसई बेसिल की ओर से किया गया है। यह परियोजना आधुनिक तकनीक के माध्यम से रामरेखा घाट की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को दर्शाने का कार्य करेगी। बेसिल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कमोडोर डीके मुरली (सेवानिवृत्त) ने कहा कि यह पहल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को नई तकनीक के माध्यम से संरक्षित और प्रस्तुत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री नंद किशोर राम, केदार प्रसाद गुप्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, विधायक आनंद मिश्रा, जिलाधिकारी साहिला (आईएएस) तथा बेसिल के उप-महाप्रबंधक बिपिन बी. पांडेय उपस्थित रहे।

### स्मार्ट डिजिटल क्लासरूम स्थापित करने के लिए सेल और एडसिल में समझौता

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत एडसिल (इंडिया) लिमिटेड ने समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समझौता



ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता 26 मई को सेल की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत किया गया। समझौते के अनुसार सेल के परिचालन क्षेत्रों के आसपास स्थित स्कूलों में स्मार्ट डिजिटल क्लासरूम स्थापित किए जाएंगे। समझौता हस्ताक्षर कार्यक्रम में सेल के निदेशक (कार्मिक) केके सिंह मौजूद रहे। इसमें सेल और एडसिल के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

### मेजा ऊर्जा निगम ने दर्ज किया मजबूत वित्तीय प्रदर्शन

नई दिल्ली। मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में मजबूत वित्तीय और परिचालन प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी ने वर्ष के दौरान 7,744 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया और उच्च उपलब्धता स्तर बनाए रखा। कंपनी की कुल आय 4,666 करोड़ रुपये से अधिक रही, जबकि कर पश्चात लाभ लगभग 728 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कंपनी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक विकास जैसी गतिविधियों पर 12 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मेजा परियोजना के दूसरे चरण को मंजूरी मिलने से उत्पादन क्षमता बढ़ने और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है

### एनटीपीसी ने वित्त वर्ष में दर्ज किया मजबूत वित्तीय प्रदर्शन

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए मजबूत वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। कंपनी के अनुसार स्टैंडअलोन आधार पर उसका कर पश्चात लाभ (पैट) 18 प्रतिशत बढ़कर 23,162 करोड़ रुपये पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष में 19,649 करोड़ रुपये था। चौथी तिमाही में कंपनी की कुल आय 44,030 करोड़ रुपये रही, जबकि (पैट) बढ़कर 8,747 करोड़ रुपये हो गया। समेकित आधार पर एनटीपीसी समूह का पैट 15 प्रतिशत बढ़कर 27,546 करोड़ रुपये रहा। संयुक्त उपक्रमों के लाभ में 29 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई और यह 2,864 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। वहीं सहायक कंपनियों ने 3,312 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया। कंपनी के कोयला आधारित बिजली संयंत्रों ने परिचालन दक्षता का नया मानक स्थापित किया। वित्त वर्ष 2025-26 में एनटीपीसी के संयंत्रों का प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) 72.04 प्रतिशत रहा, जबकि देश के अन्य कोयला आधारित संयंत्रों का औसत पीएलएफ 63.20 प्रतिशत था।

### बिहार के बिजली ढांचे को मजबूत करने के लिए आरईसीपीडीसीएल और बीएसपीटीसीएल में समझौता

नई दिल्ली। आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल) और बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड




(बीएसपीटीसीएल) ने राज्य के बिजली ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह परियोजना टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) मॉडल के तहत विकसित की जाएगी। समारोह में बिहार के ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार (उर्फ बुलो मंडल) मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर ऊर्जा सचिव एवं बीएसपीएचसीएल के सीएमडी अजय यादव (आईएएस), आरईसीपीडीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रिंस धवन (आईएएस) तथा बीएसपीटीसीएल के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार (आईएएस) सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### आईआईटी रोपड़ को मिला बेस्ट इंस्टीट्यूट अवॉर्ड

नई दिल्ली। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) रोपड़ को समागम 4.0 के दौरान बेस्ट इंस्टीट्यूट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान लुधियाना एंजल्स नेटवर्क (लैन) की ओर से आयोजित लीडर्स कॉन्क्लेव एंड स्टार्टअप अवॉर्ड्स कार्यक्रम में प्रदान किया गया। पंजाब के




राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने यह पुरस्कार आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो. राजीव आहूजा को दिया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम फैशन और टेक्सटाइल्स रही, जिसमें 300 से अधिक स्टार्टअप संस्थापक, निवेशक, शिक्षाविद् और नीति-निर्माताओं ने भाग लिया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद प्रो. राजीव आहूजा ने कहा कि यह सम्मान संस्थान के छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है।

### स्कोप एपीएसई ने सीपीएसई में नेतृत्व विकास कार्यक्रम

नई दिल्ली। स्कोप एकेडमी ऑफ पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज (एपीएसई) ने देशभर के केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के जूनियर और मिड-लेवल अधिकारियों के लिए एक सप्ताह का कार्यकारी विकास कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कोप के महानिदेशक अतुल सोबती ने किया। द




करियर जर्नी टू पर्सनल इफेक्टिवनेस एंड लीडरशिप' विषय पर आधारित इस कार्यक्रम में लगभग 20 सीपीएसई के 50 अधिकारियों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र में अतुल सोबती ने बदलते कार्य परिवेश में निरंतर सीखने, कौशल विकास और पुनः कौशल अर्जित करने के महत्व पर जोर दिया। समापन सत्र को गेल के निदेशक (मानव संसाधन) और स्कोप कार्यकारी बोर्ड के सदस्य आयुष गुप्ता ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

### 50 घंटे बाद भी मलबा हटाने का काम जारी 70 से अधिक ट्रक मलबा निकाला गया

नई दिल्ली। सैदुल्लाजाब इमारत हादसे के बाद राहत एवं बचाव कार्य सोमवार को भी जारी रहा। घटना के 50 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद सिविक एजेंसियां मलबा हटाने में जुटी रहीं। अब तक घटनास्थल से 70 से अधिक ट्रक मलबा निकाला जा चुका है। अधिकारियों के अनुसार मलबा हटाने का काम बेहद सावधानी से किया जा रहा है, ताकि यदि कोई व्यक्ति अब भी मलबे में दबा हो तो उसे नुकसान न पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि ढही हुई इमारत का मलबा काफी भारी है और उसमें बड़ी मात्रा में लोहे के सरिये व कंक्रीट के ढांचे शामिल हैं। इसी वजह से मलबा हटाने की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी गति से चल रही है। ब्यूरो

# दिल्ली एयरपोर्ट के लिए तैयार होगा 20 वर्षीय मास्टर प्लान

## प्रतिस्पर्धी माहौल को ध्यान में रखकर दिया जाएगा अंतिम रूप

अमर उजाला ब्यूरो




- वित्तीय वर्ष 2025-26 में डायल ने कमाया 476.9 करोड़ का मुनाफा
- एयरपोर्ट से किया करीब 7 करोड़ 87 लाख यात्रियों ने सफर
- रोज 1,300 से अधिक विमानों की आवाजाही को संभालता है एयरपोर्ट

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) का संचालन करने वाली कंपनी डायल जल्द अगले 20 वर्षों के लिए नया मास्टर प्लान फाइनल करने जा रही है। यह मास्टर प्लान अगले दो से ढाई महीने में तैयार हो जाएगा। उसे नागरिक उड्डयन मंत्रालय को सौंपा जाएगा। हर 10 साल में इस प्लान को अपडेट करना अनिवार्य होता है।

एक अधिकारी ने बताया कि नया प्लान परिवर्तनशील होगा। विमानन क्षेत्र के बदलते प्रतिस्पर्धी माहौल को ध्यान में रखकर इसे तैयार किया जा रहा, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में गोएयर और जेट एयरवेज जैसी बड़ी एयरलाइंस बंद हो चुकी हैं। संबंधित पक्षों के साथ सलाह-मशविरा करने के बाद इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरतों को ध्यान में रखकर इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। जीएमआर ग्रुप के नेतृत्व वाले इस कंसोर्टियम ने वित्तीय मोर्चे पर शानदार वापसी की है। वित्त वर्ष 2025-26 में डायल को 476.9 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है। इससे पिछले वित्त वर्ष में कंपनी को 976.2 करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ था। मार्च 2026 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में एयरपोर्ट से 7 करोड़ 87 लाख यात्रियों ने सफर किया, जो पिछले साल से थोड़ा कम है। घरेलू यात्रियों की संख्या 5.72 करोड़ व अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 2.15 करोड़ रही। वर्तमान में यह एयरपोर्ट रोज 1,300 से अधिक विमानों की आवाजाही को संभालता है। एजेंसी

### टर्मिनल-1 और 3 के बीच जल्द शुरू होगी एयरसाइड पैसेंजर ट्रांसफर सुविधा

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर टर्मिनल 1 और टर्मिनल 3 के बीच यात्रियों के सीधे ट्रांसफर (एयरसाइड ट्रांसफर) की तैयारी है। एयरपोर्ट ऑपरेटर डायल को इसके लिए विमानन सुरक्षा नियामक बीसीएएस की अंतिम मंजूरी का इंतजार है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि सीआईएसएफ ने इसके लिए एसओपी तैयार कर ली है। यह सुविधा शुरुआत में केवल एक ही पीएनआर पर कनेक्टिंग फ्लाइट (घरेलू से अंतरराष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय से घरेलू) वाले यात्रियों को मिलेगी, जिन्हें इलेक्ट्रिक बसों से भेजा जाएगा। इससे ट्रांसफर का औसत समय 25 मिनट रह जाएगा। अधिकारी के अनुसार, करीब डेढ़ महीने पहले सौंपे गए इस प्लान को सीआईएसएफ, बीसीएएस, सीमा शुल्क विभाग और आईबी की समिति ने अंतिम रूप दिया है। फिलहाल दोनों टर्मिनलों के बीच सड़क मार्ग से सफर करना पड़ता है। एजेंसी

# दिल्ली मास्टर प्लान 2041 और एनसीआर क्षेत्रीय योजना जल्द ही अधिसूचित होगी : मनोहर लाल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दिल्ली मास्टर प्लान (एमपीडी) 2041 और एनसीआर क्षेत्रीय योजना को जल्द ही अधिसूचित कर दिया जाएगा, क्योंकि सभी औपचारिकताएं अंतिम चरण में हैं।

मंत्री ने कहा कि दिल्ली 2041 के लिए मास्टर प्लान के मसौदे में कई स्तरों वाली मंजूरी प्रक्रिया शामिल है। इसमें नगरपालिका, दिल्ली सरकार, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) व भूमि एवं विकास कार्यालय शामिल हैं और अंत में यह मसौदा केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास जाता है। सभी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद अब बस एक आखिरी बैठक बाकी है, जो गृह मंत्री के स्तर पर होनी है। 2023 में, तत्कालीन उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मास्टर प्लान के मसौदे को मंजूरी दी थी। इसका मुख्य जोर विकास, स्थिरता व अभिनव उपायों पर बताया गया है। इन उपायों में ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट हब, लैंड पूलिंग, विरासत व यमुना का पुनरुद्धार तथा शहर का पुनर्निर्माण शामिल हैं। संबंधित मंत्रालय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय केंद्रीय गृह मंत्रालय के स्तर पर होने वाली बैठक के बाद एमपीडी 2041 को अपनी अंतिम मंजूरी देगा। डीडीए का तैयार किया गया एमपीडी एक वैधानिक दस्तावेज है, जो शहर की वर्तमान स्थिति का आकलन कर और वांछित विकास को हासिल करने के तरीके पर मार्गदर्शन देकर शहर के विकास को सुगम बनाता है। एजेंसी



**16 को बैठक :** एनसीआर क्षेत्रीय योजना के बारे में मनोहर लाल ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड ने 16 जून को एक बैठक बुलाई है। इसमें इस योजना पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि कहा कि चार राज्य दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश एनसीआर क्षेत्रीय योजना में शामिल हैं और सभी की सहमति आवश्यक है। उन्होंने कहा, राज्यों ने कुछ आपत्तियां उठाई हैं। अदालत की ओर से कई निर्देश दिए गए हैं। हम नहीं चाहते कि इनमें से किसी भी निर्देश का उल्लंघन हो। कई नए सुझाव भी आए हैं।

# सीबीआई ने गिरिबाला और समर्थ के सामने किया सीन रीक्रिएशन

## ट्विशा के पति समर्थ ने फंदे से उतारी 80 किलो वजनी डमी, सास गिरिबाला ने फंदा खोला

अमर उजाला ब्यूरो




भोपाल में सास गिरिबाला और पति समर्थ (लाल घेरे में) के सामने डमी को फंदे पर लटकाकर जांच करती सीबीआई की टीम। अमर उजाला

**भोपाल।** ग्रेटर नोएडा निवासी मॉडल एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की भोपाल स्थित ससुराल में संदिग्ध हालात में हुई मौत की जांच कर रहे सीबीआई अधिकारी सोमवार दोपहर करीब 12 बजे सास गिरिबाला सिंह और पति समर्थ सिंह को लेकर बागमुगालिया एक्सटेंशन स्थित घर पहुंचे। दोनों को लेकर सीबीआई के अधिकारी घर के छत पर बने उस एंगल के पास ले गए। जहां ट्विशा कथित तौर पर फंदे पर लटकी हुई मिली थी।

ट्विशा का वजन करीब 80 किलो बताया गया। इसे देखते हुए सीबीआई टीम उतने ही वजन की डमी लेकर मौके पर पहुंची थी। डमी शव को समर्थ के बताए एंगल पर उसी जगह फंदे से लटकाया इसके बाद गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह ने भोपाल पुलिस, सीबीआई को बयान में घटनाक्रम बताया था, उसी आधार पर रीक्रिएशन कराया गया। पुलिस और सीबीआई की रिमांड के दौरान गिरिबाला और समर्थ ने बताया कि किसने फंदे से उतारा, किसने फंदा खोला था। इसी आधार पर समर्थ से सीबीआई ने ट्विशा के डमी शव को फंदे से नीचे उतरवाया और गिरिबाला से गले में लटका फंदा खुलवाया। इस दौरान समर्थ का मौसेरा भाई स्वराज बघेल भी मौजूद था। उसकी उपस्थिति को लेकर भी घटनाक्रम दोहराया गया। उसकी क्या मदद ली गई थी यह भी रूपांतरण में दर्शाया गया। सोमवार को किया गया रीक्रिएशन गिरिबाला सिंह के साथ फाइनल रीक्रिएशन था। जांच टीम फिलहाल ट्विशा को लगी चोट के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

### सीबीआई जांच से संतुष्ट दिखे ट्विशा के पिता



ट्विशा (फाइल)

**ग्रेटर नोएडा।** सीबीआई अपना काम कर रही है। अभी तक की जांच से संतुष्ट हूं। अगर कमी दिखी तो फिर सड़क पर आवाज बुलंद करेंगे। यह बातें 16 एवेन्यू सोसाइटी निवासी ट्विशा शर्मा के पिता नवनिधि शर्मा ने सीन रिक्रिएशन पर कही। सीबीआई जांच का मुख्य फोकस क्राइम सीन से छेड़छाड़, सीसीटीवी फुटेज और डिजिटल सबूतों की सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर है। जांच एजेंसी वाट्सएप चैट और दूसरे डिजिटल सबूतों को पूछताछ का प्रमुख आधार बनाया है। ब्यूरो

### डमी में भरे रेत व पत्थर

- डमी का वजन ट्विशा के 80 किलो वजन के बराबर करने के लिए डमी के अंदर रेत भरी गई। दोनों पैरों में पत्थर लटकाकर वजन बराबर किया गया। वजन करने के लिए सीबीआई तौल कांटा लेकर घटना स्थल पर पहुंची थी।

### घरेलू सहायक से पूछताछ बयानों में विरोधाभास

- सीबीआई करीब चार घंटे तक गिरिबाला के घर रही। रीक्रिएशन में टीम को करीब दो घंटे का समय लगा। इसके बाद गिरिबाला, समर्थ, स्वराज सिंह और घरेलू सहायक से उस दिन के घटनाक्रम को लेकर अलग-अलग पूछताछ की गई। बाद में सभी के बयानों का मिलान किया गया। इन लोगों के बयानों में फिर विरोधाभास मिला। इधर समर्थ के बड़े भाई सिद्धार्थ ने सोमवार सुबह सीबीआई कार्यालय पहुंचकर मां और भाई से सीबीआई के अधिकारियों की मौजूदगी में मुलाकात की है।

### नोएडा में हड़ताल पर गए सफाई कर्मी

**नोएडा।** शहर की सफाई व्यवस्था में लगे सफाई कर्मचारियों के दो बड़े समूह सोमवार से हड़ताल पर चले गए। इस वजह से घरों से कचरा नहीं उठा। हालांकि दोनों गुटों के नेताओं से प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बातचीत की लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। अब अगर हड़ताल आगे भी जारी रहती है तो शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होना तय है।

हड़ताल पर गए कर्मचारियों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में लगे करीब 1100 कर्मचारी और 2.5 प्रतिशत ठेकेदारी व्यवस्था के तहत लगे सफाई कर्मचारी शामिल हैं। हड़ताल में शामिल अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के नगर अध्यक्ष साधू मकवाना ने बताया कि प्राधिकरण के अधिकारियों ने पूर्व में 1500 रुपये वेतन बढ़ाने का वादा किया था, जो अब तक पूरा नहीं हो सका। अधिकारी संतोषजनक जवाब भी नहीं देते। ब्यूरो

# राजस्व टीम के साथ पुलिस खंगालेगी खोड़ा के 600 अपराधियों की कुंडली

## सूर्या हत्याकांड : ड्रोन, डॉग स्क्वाड व मेटल डिटेक्टर से घरों की तलाशी

**खोड़ा (गाजियाबाद)।** सूर्या हत्याकांड के बाद पुलिस-प्रशासन ने खोड़ा में तीन दिवसीय सत्यापन अभियान शुरू किया है। इसमें 600 अपराधियों और 14 हिस्ट्रीशीटरों को चिह्नित कर उनकी कुंडली खंगाली जाएगी। अभियान में पुलिस के साथ राजस्व विभाग की टीम, डॉग स्क्वायड व मेटल डिटेक्टर भी रहेंगे। पूरे अभियान की ड्रोन से निगरानी भी की जाएगी। नक्शे के आधार पर ड्रोन की मदद से क्षेत्र में स्थित मकानों का भौतिक सर्वे भी होगा। सोमवार से यह अभियान शुरू हो गया है।

राज करण नैय्यर और डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ खोड़ा पहुंचे। एडिशन सीपी ने बताया कि खोड़ा क्षेत्र में सत्यापन अभियान शुरू किया गया है। तीन एसीपी और पांच थाना प्रभारियों को सत्यापन की जिम्मेदारी दी है। प्रत्येक एसीपी की एक टीम बनाई गई है जो अलग-अलग चौकी क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाएगी। जिन अपराधियों का चिह्निकरण किया गया है वह हत्या, चोरी, लूट, छिनैती, मादक पदार्थों की तस्करी और आर्म्स एक्ट के मामलों में संलिप्त हैं। उन्होंने बताया कि इंदिरापुरम, साहिबाबाद, कौशांबी, शालीमार गार्डन, लिंकरोड और टीलामोड़ क्षेत्र में भी अभियान चलाया जाएगा। देहात क्षेत्र में करीब 17,174 अपराधी हैं। ब्यूरो



खोड़ा में सत्यापन अभियान के दौरान तैनात पुलिस फोर्स। अमर उजाला



नोटिस चस्पा करते अधिकारी।

### असद के मकान पर चलेगा बुलडोजर, नोटिस चस्पा

**गाजियाबाद।** सूर्या हत्याकांड में मुख्य आरोपी असद के घर पर अब बुलडोजर चलाने की तैयारी है। जिला प्रशासन का दावा है कि नवनीत विहार स्थित असद का मकान बंजर भूमि पर अवैध रूप से बना हुआ है। प्रशासन ने सोमवार को मुनादी करा मकान पर नोटिस चस्पा कर दिया। नोटिस में 15 जून तक मकान खाली करने का निर्देश दिया गया है। उसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# एशियन गेम्स में चिराग के चयन से बौखला गया था यश, गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट चिराग त्यागी को लगातार मिल रहीं सफलताएं यश खटीक बर्दाश्त नहीं कर पा रहा था। अक्तूबर 2026 में जापान के नागोया में होने वाले एशियन पैरा गेम्स में दोस्त का चयन हो जाने के बाद तो वह और भी बौखला गया। खुद को अयोग्य घोषित किए जाने की कुंठा में यश ने साजिश रचकर चिराग की हत्या कर दी। यह खुलासा पुलिस की जांच में हुआ है।



यश खटीक व गगन त्यागी। स्रोत: पुलिस

पुलिस के मुताबिक, रावली रोड मुरादनगर निवासी यश ने एक सप्ताह पहले ही अभिनव से अपने साथी गगन त्यागी के माध्यम से पिस्टल खरीदी थी। हत्या के बाद यश ने गांव पहुंचकर चिराग के बैंक खाते से 3.25 लाख रुपये निकाले थे। वह विदेश भागने की तैयारी में था, लेकिन पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने हत्यारोपी को हथियार उपलब्ध कराने वाले मुरादनगर निवासी गगन त्यागी को भी गिरफ्तार कर लिया है। तीसरा आरोपी मुरादनगर निवासी अभिनव फरार है। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल के अनुसार, आरोपी यश ने बताया कि वह व चिराग दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 400 मीटर दौड़ का अभ्यास करते थे। दिसंबर 2025 में यूथ एशियन पैरा गेम्स के लिए यश के दस्तावेज तैयार कराने में चिराग ने मदद की थी, लेकिन मेडिकल टेस्ट में यश अयोग्य घोषित कर दिया गया था। संवाद


## अमर उजाला क्लासीफाइड

आवश्यकताएं · नौकरियां · बिक्री · प्रॉपर्टी · किराया · शिक्षा · सर्विसेज · लोन · वाहन

विज्ञापन बुक करने के लिए कॉल करें **1800-121-1166**
बुकिंग टाइम : सुबह 9 बजे से सांय 5:30 बजे तक
www.easyconnect.amarujala.com/classifiedonline

Objectionable ads? Complain to ASCI 7710012345 www.ascionline.in

### आवश्यकता है

#### पार्ट टाइम

TELECOM 5G कंपनी (SMS SENDING JOB) करके लड़के, लड़कियां, ग्रहणियां कमाए घरबैठे (21,500-48,500) कमाए लैपटॉप, मोबाइल मुफ्त NAME ADDRESS QUALIFICATION, WHATSAPP करें:- 9508843530

#### टीचर्स/शिक्षक

**CPC SR. SEC. SCHOOL**
(Affiliated to CBSE)
Pavi Sadakpur, Loni, Ghaziabad
**TEACHERS REQUIRED**
PGT • English • Physical Education
TGT • Social Science • English
PRT • Female Teachers
SWEEPERS
Interview: 1st to 3rd June 2026
Time: 9:00 AM to 1:00 PM
Ph: 9873204075, 9911971143
Em: cpcschool1268@gmail.com

### सर्विसेज

#### ज्योतिष/वास्तु

✔बाबा पठान जी 11 घंटों में घर बैठे समाधान लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण, पति-पत्नी अनबन, सौतन दुश्मन छुटकारा 7088752070 हम कहते नही करके दिखाते है।

### सूचना

#### व्यक्तिगत

मैं अपने पुत्र लक्ष्य उर्फ पुष्कर व अपनी पुत्रवधू ज्योति उर्फ जहानवी को गलत आचरण के चलते अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। होरीलाल पुत्र गजराज निवासी ग्राम बरौली वासुदेवपुर थाना व तहसील स्याना जिला बुलंदशहर

मैं अपने पुत्र सोनू को उसके गलत आचरण एवं कृत्यों से तंग व परेशान होकर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूं लखमी सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह ग्राम मुरली नगला माजरा सरावा जिला बुलंदशहर

मैं, पूर्व में जुल्फकार (Zulafkar), पिता स्वर्गीय अब्दुल हमीद एवं माता स्वर्गीय तौहीदा, निवासी स्याना, जनपद बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश, यह घोषित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर /संशोधित कर जुल्फिकार अहमद (Zulfiqar Ahmed) कर लिया है, जिसका प्रयोग मैं भविष्य में सभी सरकारी, शैक्षिक एवं अन्य अभिलेखों में करूँगा।

मेरे पुत्र के No-14682981M रैंक हवलदार पवन कुमार शर्मा की सर्विस रिकार्ड बुक में मेरा नाम निर्देश देवी (Nirdesh Devi) गलत दर्ज है। मेरे पुत्र की सर्विस बुक में मेरा सही व शुद्ध नाम निर्देश शर्मा (Nirdesh Sharma) दर्ज किया जावे। निर्देश शर्मा पत्नी सतीश चन्द शर्मा गांव काधे तहसील शिकारपुर जिला बुलन्दशहर

Harvendra Singh S/o Devlal Singh Village Kararmai, Po-Nagariya Pari Devari, Tehsil Sikandrarao, District Hathras, Pin code-204214, Declared vide an affidavit dated 23-03-2026 before the notary public at 24-03-2026 that's my father's name has been recorded as Devlal instead of Devlal Singh that Devlal and Devlal Singh are the same person, i.e my father

मैं अपने पुत्र सन्दीप कुमार सिंह व पुत्रवधु भावना को उनके गलत आचरण के कारण चल-अचल सम्पत्ति से बेदखलकर समस्त पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। वेद प्रकाश पुत्र गोपी चन्द, निवासी- जे-123, आनन्द विहार, हापुड़

मैं कु0 गुंजन कुमारी पत्नी श्री रोहित सोम, निवासी ग्राम डूहरी, पिलखुवा, तहसील धौलाना जनपद हापुड़ उत्तर प्रदेश ने अपना नाम कु0 गुंजन कुमारी से बदलकर गौरी सोम कर लिया है, अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्य के लिए गौरी सोम के नाम से जाना जाएगा।

मेरी यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 0508178, वर्ष 2014 की अंकतालिका एवं सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गए हैं। अरुण कुमार पुत्र रमेश चंद्र शर्मा, ग्राम देवली, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़

मेरी यूपीबोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1230341560 की मार्कशीट गुम हो गई है। तुषार कुमार पुत्र जगपाल सिंह, निवासी मोहल्ला अजीजाबाद, औरंगाबाद जिला बुलंदशहर

मैं छोटे पुत्र राजीव उर्फ राजू को गलत संगति के चलते अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब अपने कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। जीता सिंह पुत्र रामचंद, निवासी मोहल्ला अजीजाबाद, थाना औरंगाबाद, जिला बुलंदशहर

मैं अपनी पुत्री संध्या को गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद करती हूं भविष्य में अपने कृत्यों की स्वयं जिम्मेदार होगी ऊषा देवी पत्नी दुलीचंद ग्राम व पोस्ट सैदपुर थाना बीबीनगर जिला बुलंदशहर

मैं अपने पुत्र विनित कुमार को गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद करता हूं भविष्य में अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा शीलचन्द्र पुत्र डालू मौहल्ला चौक पोस्ट सैदपुर थाना बीबीनगर जिला बुलंदशहर

मेरा नाम सलामुद्दीन जबकि मेरे आधारकार्ड में इसलामुद्दीन है यह ही दोनों नाम मेरे ही है मुझे इन दोनों नामो से जाना व पहचाना जाता है इसलामुद्दीन पुत्र अल्लानूर ग्राम भन्डोली पोस्ट गुठावली जिला बुलंदशहर

मैं अपने पुत्र फिरोज, पुत्रवधु गुलशन को उनके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद करती हूं भविष्य में अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा व मेरे परिवार का इनसे कोई वास्ता नहीं है. समीना पत्नी फारूक ग्राम ढकौली थाना अगौता जिला बुलंदशहर

मैं अपने पुत्र चमनलाल पुत्रवधु रोशनी को दुर्व्यवहार के चलते अपनी समस्त सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। डालचंद पुत्र खानचंद गडावली गढ़मुक्तेश्वर हापुड़

मैं अपनी पुत्रवधू तनु पत्नी गौरव को गलत आचरण के कारण समस्त सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में इसके कृत्यों के हम जिम्मेदार नहीं होंगे। राजवीर पुत्र मोहरसिंह कलछीना मोदीनगर

मैं, यश छाछिया (Yash Chachiya) पुत्र उदय भान निवासी म.नं. 152, गाँव सुखराली एम.जी. रोड, गुडंगांव ने अपना नाम यश (Yash) से बदलकर यश छाछिया (Yash Chachiya) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाय।

Ranjeet Kaur W/o Shri Rajinder Singh, residing at 31, Panchwati Extn, Ghaziabad, have changed my name from Ranjeet Kaur Virdi to Ranjeet Kaur for all future purposes

Rajinder Singh S/o Shri Labh Singh, residing at 31, GT Road, Panchwati Extn, Ghaziabad, UP, have changed my name from Rajinder Singh Virdi to Rajinder Singh for all future purposes.

मैं माधुरी शर्मा पत्नि अरविन्द मोहन शर्मा एच.आई.जी. सी-6, ब्लॉक- सी, लोहिया नगर गाजियाबाद 201001 उ.प्र. भारत ने अपना नाम माधुरी शर्मा से बदलकर माधवी शर्मा कर लिया है। अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्य के लिए माधवी शर्मा के नाम से जाना जायेगा।

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र में उसका नाम भूलवश अन्वी दर्ज है। उसका पूरा नाम अन्वी मथुरिया है। अभिषेक कुमार पुत्र रामगोपाल निवासी ई-22, मदनपुरा, मोदीनगर, गायिजाबाद

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र में उसका नाम भूलवश निल्या दर्ज है। उसका पूरा नाम निल्या मथुरिया है। अभिषेक कुमार पुत्र रामगोपाल निवासी ई-22, मदनपुरा, मोदीनगर, गाजियाबाद

I Dharamvir Shakya S/o Shri Ramdas Shakya R/o House Plot No. 112, KN. 3036 Mansarover Park, Lalkuan, Ghaziabad Have changed my son (Ayush Shakya) DOB 14.08.2012 to 25.08.2012 for all future purposes.

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र में उसका नाम मौहम्मद आबिद दर्ज है तथा मेरा नाम (पिता) मौहम्मद इमरान दर्ज है, जबकि पुत्र का सही नाम आबिद और मेरा सही नाम इमरान सैफी है। अब हमें इन्हीं नाम से जाना जाए। इमरान सैफी पुत्र इकरामुद्दीन, निवासी 25, ब्लॉक-107, वार्ड-22, कच्ची सराय, मुरादनगर, गाजियाबाद

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र में भूलवश उसका नाम पारस दर्ज है, जबकि उसका सही नाम अरनव त्यागी है। अनुज कुमार पुत्र ओमकार सिंह त्यागी निवासी 56, सीमा एंक्लेव, पारस अस्पताल, श्रीनगर कॉलोनी मोदीनगर गाजियाबाद

#### आम सूचना

Rfq/ Tender Invited For Housekeeping And Security Services For Residential Society Send Quotation in Sealed Envelope to Egaoa, Express Greens, Sector-1 Vaishali Ghaziabad Latest by 07/06/26 or call 092110 51983.

**IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI**
Notice Under Order V Rule 20 Code of Civil Procedure
**Case: FAO 229/2021 & CM APPL. 34575/2021**
Appeal Against order dated 14.12.2020 Passed by Sh. K.M. Singh, Commissioner, Employee's Compensation, Labour Department East & North East District, Vishwakarma Nagar, Jhilmil Colony, Delhi-110095 In Case No. CEC-I/NE/35/2017/72/2019/3326 & Order dt.15.03.2021 passed by Sh. S.C. Yadav, Commissioner, Employees' Compensation, Labour Department Govt. of N.C.T. of Delhi, 5, Sham Nath Marg, Delhi-110054 in Case No. CEC-I/NE/35/2017/72/2019/434.
**United India Insurance Co. Ltd** ......Appellant/s
versus
**Devender Sharma & Ors.** ..........Respondent/s
Notice to: Respondent 3
Karambir Singh, S/o Chander Singh R/o 1667/1, Komal Park, Karampura Road, Delhi-110010
Whereas the above noted appellant has presented an appeal **U/O XLIII Rule 1 of CPC R/w Section 151 of the CPC** which was listed before the Court on **01.10.2021** and the Court ordered issuance of notice to you. And whereas it has been proved to the satisfaction of the Court that you cannot be served in the ordinary manner. Notice is hereby issued that if you wish to defend the above mentioned appeal & application you may cause an appearance to be entered on your behalf either in person or through an advocate duly appointed by you for the purpose before the **Joint Registrar Judicial on 03.07.2026 at 11:00 A.M.**
If no appearance is made on your behalf by yourself, your pleader or someone by law authorized to act for you in the said appeal & application on the aforementioned date, no further notice of the subsequent date of hearing of the said appeal & application will be given and the same will be heard and determined exparte in your absence.
Given under my hand and seal of this Court, this the 21.04.2026.
Seal
Assistant Registrar
For Registrar General

#### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जाँच पडताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापन दाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन **जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य** किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठको को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़ें। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

YEIDA FUTURE IS HERE
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा–1 (पी–2), ग्रेटर नौएडा
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांकः वाई.ई.ए / नियोजन / 02 / 2026 दिनांकः 01.06.2026

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती हैः–

1. (क) यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत सैक्टर–22E के तलपट मानचित्र को पुनरीक्षित किया गया है।
(ख) निरीक्षण के लिए तलपट मानचित्र की एक प्रति यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के कार्यालय, प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, सैक्टर–पी 2, ओमेगा, ग्रेटर नोएडा, जनपद–गौतमबुद्धनगर में सभी कार्यालय दिवसों में एतद्द्वारा पैरा 3 में से उल्लिखित अवधि में उपलब्ध रहेगी।
2. एतद्द्वारा इस योजना के प्रारूप के सम्बन्ध में आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं।
3. आपत्तियां और सुझाव मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को लिखित रूप में समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवसों तक भेजे जा सकते हैं।
4. आपत्तियां और सुझाव देने वाले व्यक्ति को नाम, पता एवं दूरभाष संख्या देना अनिवार्य हैं।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लॉन के अतिरिक्त प्लॉटिंग / हाउसिंग / कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीदफरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com देखें।

## नगर निगम चंडीगढ़

ई - निविदा सूचना

| क्र. सं. | कार्य का नाम | बोली प्रस्तुतिकरण अनुसूची (ऑनलाईन) | तकनीकी बोली खोलना (ऑनलाईन) |
|---|---|---|---|
| | **अधिशासी अभियंता - एसडब्ल्यूएम मंडल एमसी** | | |
| 1. | डड्डूमाजरा, चंडीगढ़ में 300 टीपीडी वेट वेस्ट प्लांट पर शैड का विस्तार (पुनः आमंत्रण)<br>**अनुमानित लागत : 2,42,31,884/- रु.**<br>**धरोहर राशि : 4,84,640/- रु.**<br>**समय सीमा : 09 माह**<br>**निविदा शुल्क : 5,000/- रु.** | 02.06.2026 को पूर्वा. 9:00 बजे से 12.06.2026 को पूर्वा. 11:00 बजे | 12.06.2026 को पूर्वा. 11:30 बजे |
| 2. | डड्डूमाजरा, चंडीगढ़ में 10 टीपीडी सेग्रीगेशन प्लांट का शैड विस्तार (पुनः आमंत्रण)<br>**अनुमानित लागत : 1,27,36,826/- रु.**<br>**धरोहर राशि : 2,54,740/- रु.**<br>**समय सीमा : 06 माह**<br>**निविदा शुल्क : 3,000/- रु.** | 02.06.2026 को पूर्वा. 09:00 बजे से 09.06.2026 को पूर्वा. 11:00 बजे | 09.06.2026 को पूर्वा. 11:30 बजे |
| | **अधिशासी अभियंता - सड़क मंडल सं. 1** | | |
| 3. | सड़क उप मंडल सं. 12, एम.सी. चंडीगढ़ (2026-2027) में विभिन्न सड़कों व पार्किंग की पुनः कारपेटिंग (सामुदायिक केन्द्र पार्किंग सेक्टर 49, वी-6 रोड सेक्टर 49-सी, वी-5 रोड सेक्टर 49ए एंड बी तथा सी एण्ड डी, एसटीपी प्लांट व औद्यो. क्षेत्र फेज-II का भीतरी रोड) (पुनः आमंत्रण)<br>कैपिटल हैड : सड़कों/पार्किंग स्थलों तथा आधारभूत सुविधाओं का सुधार।<br>अनुमानित लागत : 419.37 लाख रु. ईएमडी : 8,38,745/- रु.<br>समय सीमा : 06 माह | 03.06.2026 से 10.06.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक | 10.06.2026 को दोपहर 12.00 बजे |
| 4. | चंडीगढ़ में वी-5 रोड सेक्टर 38 सी व डी तथा वी6 रोड एस/37वी व डी, सेक्टर 38-बी व डी सेक्टर 39-सी तथा डी और सेक्टर 38 वेस्ट पॉकिट बी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी एस/55 तथा मार्केट पार्किंग सेक्टर 38 व एस/40 सी की पुनः कारपेटिंग (पुनःआमंत्रण)<br>कैपिटल हैड : सड़कों/पार्किंग स्थलों तथा आधारभूत सुविधाओं का सुधार।<br>अनुमानित लागत : 543.71 लाख रु. ईएमडी : 10,87,421/- रु.<br>समय सीमा : 06 माह | 03.06.2026 से 17.06.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक | 17.06.2026 को दोपहर 12.00 बजे |
| | **अधिशासी अभियंता - सड़क मंडल सं. 3** | | |
| 5. | पुनर्वास कॉलोनी, धनास, चंडीगढ़ में आंतरिक ब्लॉक्स में 60 एमएम पेवर ब्लॉकस का प्रावधान व संस्थापन<br>कैपिटल हैड : पुनर्वास कॉलोनियों (ईडब्ल्यूएस) में आधारभूत सुविधाएं/सेवाएं।<br>अनुमानित लागत : 220.23 लाख रु. धरोहर राशि : 4,41,856/- रु.<br>समय सीमा : 06 माह | 01.06.2026 से 09.06.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक | 09.06.2026 को अप. 15.00 बजे |
| 6. | 8448 फ्लैटों की पुनर्वास ईडब्ल्यूएस कॉलोनी, जोन 3 व 4 धनास चंडीगढ़ के भीतरी सड़कों की पीसीसी टाईलों के साथ पगडंडी का निर्माण।<br>कैपिटल हैड : पुनर्वास कॉलोनियों में आधारभूत सुविधाएं/सेवाएं।<br>अनुमानित लागत : 166.79 लाख रु. ईएमडी : 3,33,579/- रु.<br>समय सीमा : 06 माह | 01.06.2026 से 09.06.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक | 09.06.2026 को अप. 15.00 बजे |

नोटः 1) विस्तृत शर्तों व नियमों के साथ निविदा सूचना को वेबसाईट **www.chandigarh.gov.in or etenders.chd.nic.in** पर उपलब्ध/अपलोड किया गया है।

अधिशासी अभियंता

एसडब्ल्यूएम मंडल कमरा नं. 612, छठा तल, न्यू डीलक्स बिल्डिंग, एमसी सेक्टर-17 चंडीगढ़ ई-मेल आईडी : mcc.swm2020@gmail.com
सड़क मंडल सं. 1, कमरा नं. 304, एमसी चंडीगढ़ (कार्या.) 0172-5021626, और
सड़क मंडल सं. 3, कमरा सं. 311, फोन 0172-5021482, xenroad3.mcc@chd.nic.in

# यूपी समेत कुछ अन्य राज्यों में समय से पहले हो सकते हैं विधानसभा चुनाव, जनगणना से बढ़ी प्रशासनिक चुनौती

## चुनाव और जनगणना की दोहरी जिम्मेदारी को लेकर मंथन, आयोग और सरकार के स्तर पर विकल्पों पर चर्चा

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश और अगले वर्ष विधानसभा चुनाव वाले अन्य राज्यों में चुनाव तय समय से पहले हो सकते हैं। इसकी संभावनाओं को लेकर सियासी और प्रशासनिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

सूत्रों का कहना है कि आगामी जनगणना और उससे जुड़ी प्रशासनिक तैयारियों के कारण सरकारी मशीनरी पर बढ़ने वाले दबाव को देखते हुए विभिन्न विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक निर्णय या घोषणा नहीं हुई है। उत्तर प्रदेश के अलावा पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर जैसे राज्यों में भी चुनावी कार्यक्रम और जनगणना संबंधी गतिविधियों के बीच तालमेल को लेकर प्रशासनिक स्तर पर चर्चा चल रही है।

माना जा रहा है कि यदि दोनों प्रक्रियाएं एक ही समयावधि में संचालित होती हैं तो अधिकारियों और कर्मचारियों पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि जिलाधिकारी स्तर से लेकर निचले स्तर तक बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी चुनाव और जनगणना दोनों प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जनगणना के दौरान जिला प्रशासन को व्यापक स्तर पर संसाधन और मानवबल जुटाना पड़ता है, जबकि चुनाव के समय भी यही मशीनरी निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन करती है। सूत्रों के मुताबिक, इसी वजह से दोनों कार्यक्रमों के संभावित टकराव को देखते हुए प्रशासनिक विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। हालांकि इस विषय पर अभी तक चुनाव आयोग या गृह मंत्रालय की ओर से कोई औपचारिक टिप्पणी सामने नहीं आई है। ब्यूरो



**परिसीमन की संभावनाओं पर भी नजर :** जानकारों का मानना है कि जनगणना के बाद भविष्य में लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन की प्रक्रिया भी शुरू हो सकती है। हालांकि परिसीमन एक अलग और लंबी प्रक्रिया है, फिर भी इससे जुड़ी संभावित तैयारियों को लेकर भी चर्चाएं जारी हैं। प्रशासनिक हलकों में माना जा रहा है कि आने वाले समय में चुनावी और जनगणना संबंधी का क्रमों के समन्वय को लेकर केंद्र और राज्यों के बीच व्यापक विचार-विमर्श हो सकता है।

### राजनीतिक दलों में हलचल

*समय से पहले चुनाव की चर्चाओं ने राजनीतिक दलों की गतिविधियों को भी तेज कर दिया है। भाजपा जहां पहले से संगठनात्मक स्तर पर सक्रिय दिखाई दे रही है, वहीं विपक्षी दल भी संभावित चुनावी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अपनी रणनीतियों को धार देने में जुटे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भले ही अभी कोई आधिकारिक घोषणा न हुई हो, लेकिन चुनाव पूर्व तैयारियों के लिहाज से सभी दल सतर्क नजर आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, चुनाव आयोग फिलहाल विभिन्न राज्यों की परिस्थितियों और प्रशासनिक आवश्यकताओं का अध्ययन कर रहा है।*

# वाराणसी में 4-5 जून को ब्रिक्स संस्कृति कार्यसमूह की होगी बैठक, सभी सदस्य देश होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** भारत की अध्यक्षता में वाराणसी में 4 और 5 जून को ब्रिक्स संस्कृति कार्यसमूह (सीडब्ल्यूजी) की दूसरी बैठक में सभी सदस्य देश शामिल होंगे।

केंद्रीय संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उम्मीद जताई कि 7-8 अगस्त को भोपाल के ऐतिहासिक मिंटो हॉल में होने वाली ब्रिक्स संस्कृति मंत्रियों की बैठक (सीएमएम) में भी सभी देशों के संस्कृति मंत्री शामिल होंगे। इससे पहले भोपाल में ही 5-6 अगस्त को तीसरी सीडब्ल्यूजी बैठक और 6-7 अगस्त को ब्रिक्स सांस्कृतिक उत्सव होगा। जब विवेक अग्रवाल से पूछा गया कि क्या हालिया मतभेदों को देखते हुए संस्कृति मंत्रियों की बैठक के बाद कोई संयुक्त विज्ञप्ति जारी होगी तो उन्होंने कहा कि हम संयुक्त विज्ञप्ति तक पहुंचने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। हम एक साझा एजेंडे और आम सहमति पर आने की कोशिश करेंगे। हालांकि, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि चर्चा कैसे आगे बढ़ती है। हम सदस्यों के बीच कितनी सहमति बना पाते हैं। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत इस बैठक का नेतृत्व करेंगे।



केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत करेंगे बैठक का नेतृत्व

**पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच मतभेद सुलझाने पर जोर**

यह बैठक ऐसे समय में हो रही, जब पश्चिम एशिया संघर्ष के चलते हाल में नई दिल्ली में हुई ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में संयुक्त बयान जारी नहीं हो सका था। संस्कृति सचिव के अनुसार वाराणसी बैठक के लिए सभी सदस्यों ने भागीदारी की पुष्टि की है। ऑनलाइन हुई पहली बैठक के एजेंडे पर सदस्यों ने एआई के जिम्मेदार उपयोग जैसे विषयों पर लिखित सुझाव दिए हैं। इस पूरी प्रक्रिया में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) ज्ञान भागीदार के रूप में भूमिका निभा रहा है।

# पाकिस्तानी गैंगस्टर्स और आईएसआई से जुड़ा आतंकी आजमगढ़ से गिरफ्तार

## एटीएस ने आतंकी मोहम्मद शेख को पिस्टल संग दबोचा, युवाओं को भी जोड़ रहा था

**लखनऊ।** पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी और आईएसआई के देश भर में सक्रिय स्लीपर सेल की धरपकड़ के तहत यूपी एटीएस ने आजमगढ़ से आतंकी मोहम्मद शेख को रविवार को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक नाइन एमएम की पिस्टल और कारतूस बरामद हुए हैं। वह शहजाद भट्टी के इशारे पर एक अन्य राज्य की महिला नेता को निशाना बनाने की फिराक में था।

एडीजी कानून-व्यवस्था एवं एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि खुफिया सूचना मिली थी कि भारत में आतंक फैलाने के लिए पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई कई आतंकवादी संगठनों और गैंगस्टर के साथ मिलकर बड़ी घटनाएं अंजाम देने की फिराक में है। शहजाद भट्टी नामक पाकिस्तानी गैंगस्टर के आतंकी नेटवर्क का सहयोग लेकर भारतीय युवकों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये जोड़ने के बाद पैसे का लालच देकर और उनकी धार्मिक भावनाओं को भड़काकर स्लीपर सेल के रूप में आतंकी गतिविधियां अंजाम देने के लिए उकसाता है। ब्यूरो



आतंकी मोहम्मद शेख

**महिला नेता को मारने की रच रहा था साजिश**

शहजाद भट्टी के आतंकी नेटवर्क द्वारा मोहम्मद शेख को ट्रायल के तौर पर एक अन्य राज्य की एक राजनीतिक पार्टी की महिला नेता को धमकाने और हत्या करने का काम सौंपा गया था। इसके लिए मोहम्मद शेख ने खुद 9 एमएम की पिस्टल और कारतूसों का इंतजाम भी कर लिया था। एटीएस ने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जल्द उसे रिमांड पर लेकर उसके बाकी मंसूबों, आईएसआई के हैंडलर्स और अन्य साथियों के बारे में पूछताछ की जाएगी।

**सोशल मीडिया अकाउंट से भी जुड़कर जिहाद की बातें कर रहा था**

खुफिया जानकारी और इलेक्ट्रानिक सर्विलांस के जरिये एटीएस को आजमगढ़ के निजामाबाद स्थित खुदादादपुर निवासी मोहम्मद शेख के बारे में जानकारी मिली जो शहजाद भट्टी के आतंकी गैंग से पाकिस्तान और दुबई के मोबाइल नंबरों पर व्हाट्सएप के जरिये जुड़ा था। शहजाद भट्टी ने कई टास्क दिए थे।

**अजमल गुर्जर-रजा पाकिस्तानी भी रहे थे निर्देश**

- वह उनके सोशल मीडिया अकाउंट से भी जुड़कर जिहाद की बातें कर रहा था तथा अपने साथियों एवं अन्य लोगों को भी इस आतंकी गैंग में शामिल होने के लिए उकसा रहा था। उसको शहजाद भट्टी के अलावा उसके गैंग के अजमल गुर्जर और रजा पाकिस्तानी द्वारा भी निर्देश दिए जा रहे थे।

**फिदायीन हमले को तैयार था शहबाज, बस पाकिस्तानी आतंकी के इशारे का इंतजार था :** जैश के आतंकी से कनेक्शन में गिरफ्तार किया गया आतंकी शहबाज सिद्धीकी पूछताछ में बड़े खुलासे कर रहा है। उसने दावा किया है कि वह खुद देश में फिदायीन हमला करने को तैयार था। बस उसको पाकिस्तानी जैश के आतंकी के इशारे का इंतजार था। इससे संबंधित एटीएस को आरोपी के मोबाइल से भी अहम सुबूत मिले हैं। वह पुलवामा हमले से जुड़े जैश के आतंकियों के संपर्क में था।

# सीएम योगी बोले-दोस्ती के नाम पर छुरेबाजी मंजूर नहीं

**बिजनौर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद में बकरीद पर सूर्या चौहान की हत्या के मामले में दो-टूक कहा कि दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी स्वीकार नहीं होगी। यदि कोई अपनी नालायक औलाद को समझा नहीं पा रहा, तो गलती कर रहा है। उसका अंजाम बुरा होगा।

सीएम ने कहा, यह कैसी दोस्ती है, गाजियाबाद में आपने देखा होगा। ईद की दावत पर बुलाकर दोस्त को छुरा घोंप दिया। बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदुओं का कत्लेआम हो रहा है, पर एक भी मौलवी-मौलाना ने निंदा नहीं की। ध्यान में रखना होगा कि अहिंसा-करुणा मानवता के भूषण हैं, पर सामने खरदूषण हैं, तो शस्त्र उठाना होगा। सज्जनों के लिए ही हम सज्जन बनें, दुर्जनों के लिए नहीं। देश के प्रति द्रोह करने वालों के खिलाफ लड़ना होगा। संवाद

**कहा...जो नालायक औलादों को समझा नहीं पा रहा वह गलती कर रहा**



***चेले चपाटों को समझा लें वरना अंजाम बुरा :*** *योगी ने कहा, हम गंगा की तरह गाय को भी माता मानते हैं। गाय हमारे लिए पशु नहीं है, पर मौलाना-मौलवी गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए ज्ञापन दे रहे हैं। गोकशी करने वालों को आश्रय देते हैं। बकरा ईद की बधाई के संदेश में सोशल मीडिया पर गाय का फोटो लगाया जाता है। उन्होंने कहा, अपने चेले चपाटों को समझा लें वरना, अंजाम बुरा होगा। सभी को पता है, गोहत्या पर यूपी में क्या होता है।*

## छग : शराब घोटाले में 1,000 करोड़ की संपत्ति अटैच

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की जांच के सिलसिले में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां अटैच की है। साथ ही चार अतिरिक्त आरोपियों के खिलाफ एक नई अभियोग शिकायत दर्ज की है, जिससे धन शोधन मामले में आरोपियों की कुल संख्या 85 हो गई है। केंद्रीय एजेंसी ने बताया कि उसने 28 मई को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत तीन अस्थायी कुर्की आदेश जारी किए, जिनमें लगभग 200 करोड़ रुपये के विलेख मूल्य और 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के संयुक्त बाजार मूल्य वाली संपत्तियों को अटैच किया गया है। एजेंसी

## धरती मां की रक्षा का राष्ट्रीय संकल्प है खेत बचाओ अभियान

**रायसेन।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के रमसिया गांव से देशव्यापी खेत बचाओ अभियान (1 जून से 30 जून) की शुरुआत की।



इस दौरान एक जनसभा में मंत्री ने कहा कि यह अभियान धरती मां की रक्षा का एक राष्ट्रीय संकल्प है। मिट्टी की सुरक्षा से ही खेती फलेगी-फूलेगी और किसान मजबूत होंगे। उन्होंने किसानों से रासायनिक खादों और कीटनाशकों के अंधाधुंध इस्तेमाल से बचने की अपील की। केंद्रीय मंत्री ने बताया ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर संतुलित खाद उपयोग, प्राकृतिक खेती और जल संरक्षण को अपनाने की बात कही। ब्यूरो

## ऑरोविले में प्रगति, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था कानूनी मसलों को लेकर हुई अहम बैठक

**ऑरोविले।** ऑरोविले फाउंडेशन की टाउनशिप में मई महीने में एक अहम बैठक हुई। इसमें ऑरोविले की प्रगति, अर्थव्यवस्था, कानूनी मसलों तथा सुरक्षा को लेकर चर्चा हुई। बैठक में विकास को गति देने वाले प्रमुख कार्य समूहों और अधिकारियों की ओर से अपडेट्स दिए गए।

इस बैठक में वर्किंग कमिटी, एफएएमसी, एटीडीसी और ऑरोविले सुरक्षा सेवा से मिली जानकारियों के साथ-साथ ऑरोविले के ओएसडी डॉ. जी. सीतारामन, ओएसडी डीके गोयल और वरिष्ठ सलाहकार डॉ. वेणुगोपाल ने भी अपने विचार रखे। इसमें ऑरोविले के भविष्य के लिए उत्साहवर्धक मुख्य बिंदु और सकारात्मक बातें साझा की गईं। बैठक में बताया गया कि निर्माण परियोजनाओं को विभागीय स्तर पर संभालने के लिए ऑरोविले भवन विकास सेवा (एबीडीएस) को सफलतापूर्वक शुरू किया गया है। यह सेवा ऑरोविले निवासियों को अपने शहर का निर्माण स्वयं करने में सक्षम बनाती है और साथ ही लाभ-मार्जिन को खत्म करके लागत को कम करने में भी मदद करती है। साथ ही जानकारी दी गई कि मदर्स फ्लावर गार्डन और बहुप्रतीक्षित पीटीडीसी की पहली मंजिल के विस्तार जैसी परियोजनाओं पर निर्माण कार्य पहले ही शुरू हो चुका है। ब्यूरो

**विकास को गति देने वाले प्रमुख कार्य समूहों और अधिकारियों ने दिए अपडेट**



## मासूम को सिगरेट से दागा, फिर पीट-पीटकर मार डाला

**कोच्चि।** केरलम के नेडुमंगड में डेढ़ साल के मासूम अर्शित को मां और उसके प्रेमी ने खौफनाक यातना देकर मार डाला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्चे के शरीर पर आंतरिक रक्तस्राव समेत 51 चोटों के निशान, निजी अंगों पर चोट एवं सिगरेट से जलाने के जख्म मिले हैं। पुलिस ने बच्चे की मां अखिला और उसके लिव-इन पार्टनर अश्कर को गिरफ्तार कर लिया है। अश्कर ही बच्चे को गंभीर हालत में अस्पताल ले गया था। उसने डॉक्टरों को बताया था कि बच्चे के गले में खाना फंस गया है। जांच के अनुसार, अखिला पति की मौत के बाद अश्कर के साथ रह रही थी। अश्कर बच्चे को बर्बरता से पीटता था। दो हफ्ते पहले एक ब्लॉगर के वीडियो में बच्चे के हाथ टूटे दिखे थे, जिसे मां ने साइकिल से गिरना बताया था। केरलम की मंत्री बिंदु कृष्णा ने कहा, घटना बेहद हृदयविदारक है। बाल शोषण के खिलाफ सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की है। एजेंसी



मां की गोद में अर्शित


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | आरंभिक तिथि अंतिम तिथि | राशि/ईएमडी (अनुमानित) रु. में | बोर्ड/निगम प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क जानकारी/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा मेडिकल सर्विसिज कार्पोरेशन लिमिटेड, पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची के मद के सामने निर्दिष्ट अनुसार 2 वर्ष के दर अनुबंध पर इम्यूनोएस्सी एनालाइजर की आपूर्ति, संस्थापन एवं कमीशनिंग। | 01.06.2026 22.06.2026 | Rs. 2,55,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |

अग्रिम जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in पर जाएं।
PRDH:- 13/2027/40/45758/I/1/7 Dt. 01/06/2026

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | आरंभिक तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (अनुमानित) रु. में | बोर्ड/निगम प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क जानकारी/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि सोनीपत सहकारी शुगर मिल्स लि. | ए) दोनों बॉयलर्स (एचए-111, 112) वेट स्क्रबर इत्यादि की आंतरिक सफाई, बी) मिल हाउस, पिट्स गैलरी, केन कैरियर रैक केरियर एवं फिक्राइजर की संपूर्ण सफाई, धुलाई एवं पेंटिंग + 22 अन्य कार्य। | OPENING CLOSING DATE 05.06.2026 | 8,00,00,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996250570 sonipatsugar@gmail.com |

अग्रिम जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in पर जाएं।
PRDH:- 13/2027/40/45774/I/1/7 Dt. 01/06/2026

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | आरंभिक तिथि अंतिम तिथि | राशि/ईएमडी (अनुमानित) रु. में | बोर्ड/निगम प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क जानकारी/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम फरीदाबाद | वार्ड सं. 7, निआसू फरीदाबाद में ट्यूबवैल सं. 4 एमसीएफ भूमि, नगला गजरां कुरेसीपुर रोड पर रिवर्स रोटरी मशीन द्वारा एक अदद नए ट्यूबवैल बोर का प्रावधान + 3 कार्य। | 30.05.2026 06.06.2026 | ESTIMATED COST Rs. 38.14 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01292411649 xen1mcf@gmail.com |

अग्रिम जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in पर जाएं।
PRDH:-13/2027/40/45768/I/1/7 Dt.01/06/2026

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | आरंभिक तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (अनुमानित) रु. में | बोर्ड/निगम प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क जानकारी/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | बरवाला में मॉडर्न मंडी में 2 अदद कंट्रोल रूम 15' ×18' का निर्माण एवं हाई मस्त लाइटिंग, संस्थापन, सर्विस लाइन, स्ट्रीट लाइट का प्रावधान। | 30.05.2026 08.06.2026 | 76,25,008/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 xenelectrohtak2025.hsamb@gmail.com |

अग्रिम जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in पर जाएं।
PRDH:- 13/2027/40/45773/I/1/7 Dt. 01/06/2026

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | आरंभिक तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (अनुमानित) रु. में | बोर्ड/निगम प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क जानकारी/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | आरजीटीपीपी खेदर, हिसार पर आरजीटीपीपी की विभिन्न बिल्डिंगों की संपूर्ण स्वच्छता पूर्ण सफाई हेतु एआरसी एवं अन्य संबद्ध कार्य। | 27.05.2026 11.06.2026 | 1,98,79,870/- | https://etenders.hry.nic.in | 9355869232 xenlre2.rgtpp@hpgcl.org.in |

अग्रिम जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in पर जाएं।
PRDH:- 13/2027/40/45776/I/1/7 Dt. 01/06/2026

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | आरंभिक तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (अनुमानित) रु. में | बोर्ड/निगम प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क जानकारी/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा मेडिकल सर्विसिज कार्पोरेशन, लिमिटेड पंचकूला | एनसीआर हरियाणा हेतु जिलों के लिए 28 मोबाइल फूड टेस्टिंग वेन्स (फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स) की प्राप्ति हेतु निविदा। | 01.06.2026 15.06.2026 | 25,20,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |

अग्रिम जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in पर जाएं।
PRDH:- 13/2027/40/45777/I/1/7 Dt. 01/06/2026

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | आरंभिक तिथि अंतिम तिथि | राशि/ईएमडी (अनुमानित) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी /संपर्क जानकारी/ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीडब्ल्यूडी बी एंड आर, गुरुग्राम | सरकारी कॉलेज रिथोज, जिला गुरुग्राम में विशेष मरम्मत और शेष कार्य (मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 9687 दिनांक 29.11.2014)। | CLOSING DATE 06.06.2026 | 49.48 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | पीडब्ल्यूडी बी एंड आर, गुरुग्राम | गुरुग्राम स्थित स्वर्ण जयंती राज्य पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के लिए विशेष मरम्मत कार्य (फर्श का कार्य) | CLOSING DATE 06.06.2026 | 37.58 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | पीडब्ल्यूडी बी एंड आर, चंडीगढ़ | हरियाणा न्यू सेक्ट बिल्डिंग, सेक्टर-17, चंडीगढ़ के बाहरी क्षेत्र का नवीनीकरण। | CLOSING DATE 08.06.2026 | 124.72 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01724585654 pwd-eecd-chandigarh@hry.nic.in |
| 4 | पीडब्ल्यूडी बी एंड आर, हिसार | हिसार जिले में स्लिप रोड (रोड आईडी 4826) के निर्माण द्वारा डबरा चौक जंक्शन का सुधार। | CLOSING DATE 03.06.2026 | 38.51 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 5 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान, पंचकुला, हरियाणा | आईएसआई चिह्नयुक्त पॉली एल्युमिनियम क्लोराइड का पाउडर रूप में खरीदना। | 02.06.2026 02.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज, पानीपत | पशु चिकित्सालय के पास बीसी चौपाल से कुरार रोड तक, सींक ब्लॉक गांव में, आईपीबी, साइड नाला और टो-वॉल के साथ फिरनी का निर्माण। इसराना:- पानीपत | 29.05.2026 05.06.2026 | 77.40 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9068676922 prexeeng.pnp@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज, अंबाला | ग्राम कंबासी, ब्लॉक बरारा में जागीर चंद के घर से संजीव कुमार पुत्र बादामा राम के घर तक नाले का एसडीए निर्माण कार्य, + 2 कार्य। | 30.05.2026 05.06.2026 | 15.74 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज, सोनीपत | काकरोई गांव में पीडब्ल्यूडी सड़क से श्री किरदार सिंह के पुत्र राम जीवन के खेत (एसटीपी संयंत्र के पास) तक बोई पथ का निर्माण। | CLOSING DATE 08.06.2026 | 7.23 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा, रोहतक | न्यू कलानौर माइनर के रोड नंबर 17550/आर पर एक सम्पवेल का निर्माण। + 19 कार्य। | CLOSING DATE 04.06.2026 | 20.72 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा, पंचकुला | सिंचाई विभाग के मैकेनिकल डिवीजन फरीदाबाद के लिए मौजूदा मैनुअल हॉट को इलेक्ट्रिक ऑपरेटेड ट्रैवलिंग क्रेन में परिवर्तित करके 5.टन क्षमता के 02 अदद06 डायरेक्शनल ईओटी क्रेन अनुमोदित मेक की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग। | 30.05.2026 11.06.2026 | 14 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0172582542 xenproc@gmail.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा चरखी दादरी | वर्ष 2026-27 के लिए बाढ़ के पानी की निकासी हेतु 15/20 एचपी इलेक्ट्रिक स्टार डेल्टा स्टार्टर्स की विशेष मरम्मत और 01 अन्य कार्य। | CLOSING DATE 05.06.2026 | 17.80 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा, सिरसा | खरीफ 2026 के लिए रोरी ब्रांच रोड 47000-109500-टेल (पंजुआना सेक्शन) की आंतरिक और बाहरी क्लीयरेंस +12 कार्य। | CLOSING DATE 04.06.2026 | 126.55 LACS | hid.gov.in | 9996665761 xensrs.swd1925@yahoo.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा, पंचकुला | 1. एम. गढ़ डब्ल्यूएस मैकेनिकल डिवीजन, नारनौल से संबंधित हार्डवेयर और विद्युत सामग्री की आपूर्ति। 2. वर्कशॉप डिवीजन, चरखी दादरी से संबंधित विद्युत सामग्री की आपूर्ति। | 30.05.2026 11.06.2026 | 69 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01722582542 xenproc@gmail.com |

अग्रिम जानकारी हेतु कृपया www.etenders.hry.nic.in पर जाएं।
PRDH: 11/2027/260/45794/I/1/7 Dt: 01/06/2026

**कार्यालय नगर पालिका परिषद पिलखुवा, जनपद-हापुड़**

पत्रांक :- 256/ निर्माण अनु0 / 2026-27 — दिनांक 01/06/2026

**ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद पिलखुवा द्वारा शासन से राज्य वित्त / पालिका निधि / अंत्येष्टि स्थल / 15वां वित्त आयोग / सीवरेज एवं जलनिकासी योजना मद से प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 255/ निर्माण अनु0/2026-27 दिनांक 01/06/26 में वर्णित कार्य हेतु समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय संस्थाओं में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदार/ फर्म से ई-निविदा पोर्टल के माध्यम से प्रतिशत दरो के आधार पर ई-निविदाएं आंमत्रित की जाती है। ठेकेदार/फर्म किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिये निविदा दे सकता है। ई-निविदा से संबंधित समस्त विवरण व शर्तें शासन की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। संबंधित ई-निविदा को निम्नलिखित तिथियों तक अपलोड किया जायेगा एवं प्राप्त ई-निविदा को उनके सम्मुख दर्शायी गयी तिथियो पर खोला जायेगा।

टेण्डर शेडयूल (www.etender.up.nic.in )

| क्रम सं० | कार्यालय का नाम | | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद पिलखुवा । | Tender Release | 04-06-2026 16:00PM | 25-06-2026 16:00PM |
| | | Tender Release | 04-06-2026 16:00PM | 25-06-2026 16:00PM |
| | | Bid Opening | 26-06-2026 01:00 PM | |

नोट:- निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज 9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल का अवलोकन करते रहें तथा समस्त नियम व शर्तों का भली भांति अध्यन्न करके ही निविदा प्रक्रिया में भाग लें। किसी भी त्रुटि के लिए नगर पालिका परिषद जिम्मेदार नही होगा। अधिक जानकारी के लिये कृपया वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद पिलखुवा, जनपद हापुड़ — अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद पिलखुवा, जनपद हापुड

**Section 1**

**Office of the Executive Officer, Nagar Palika Parishad Modinagar**

**Address:- Hapur Road Modinagar**

Letter NO :329 /NPP Modinagar/2026 — Dated: 30-05-2026

**Press Notice for Short Term Manual Tender**

The Nagar Palika Parishad Modinagar invites the percentage rate bids through Manual system from the eligible and approved Contractors registered with autonomous body/Public Sector Department/ State Government/Central Government or any government department in appropriate class as the case may be.
**The Bidder may submit bids for any or all of the works**

| S.No. | Name of District | Name of work | Total estimated cost (in Lakh) | Bid security (EMD) | Cost of Bid document including GST (if any) (in Rupees) | Period of completion including rainy season |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | गाजियाबाद | Connect to the newly Constructed Mid Day Meal Plant's STP/ETP Opening to the Existing NPP Manhole. | 1,76,324-00 | 17,700-00 | 200 + 36 = 236 | 01 माह |

1. Date of availability of Bid documents in the offices as mentioned in NIT:- **30-05-2026 to 05-06-2026 Between 10:00 AM to 02:00 PM.**
2. **Last Date/Time for receipt of bids 05-06-2026** upto 02:00 PM in the office of the Nagar Palika Parishad Modinagar and District Magistrate office Ghaziabad
3. Date of opening of bids: **05-06-2026** at 03:00 PM

Bid documents and other details consisting of eligibility criteria of bidders, plans, specifications, drawings, the schedule of quantities of the various classes of work to be done and the set of terms & conditions of contract to be complied with by the Contractor can be down loaded from the website: www.nppmodinagar.com For further details please contact office Nagar Palika Parishad Modinagar.

**Executive Officer, Nagar Palika Parishad Modinagar — Chairman, Nagar Palika Parishad Modinagar**

# राहुल के हमले के बीच दिग्विजय ने सराहा मोदी का जिम्मेदारी मॉडल

## एनटीए, शिक्षा, स्वास्थ्य मंत्रालय के अफसर संसदीय समिति के सामने पेश

**नई दिल्ली।** नीट विवाद को लेकर राहुल गांधी जहां प्रधानमंत्री के साथ आर-पार के मूड में है, वहीं पार्टी के सबसे मुखर चेहरों में से एक दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री की नीयत और देश की संस्थागत व्यवस्था पर खुलकर भरोसा जताया है। शिक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह सोमवार को हुए बैठक में साफ कहा कि जब देश का शीर्ष नेतृत्व सुप्रीम कोर्ट के समक्ष परीक्षा प्रणाली को सुधारने की जवाबदेही ले रहा है, तो इस सकारात्मक रुख की सराहना की जानी चाहिए।

सूत्रों ने बताया, बैठक में परीक्षा सुधार, एनटीए की कार्यप्रणाली और नीट से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के दौरान दिग्विजय ने कहा कि जब सरकार जवाबदेही स्वीकार रही है तो इसे सकारात्मक रूप से लेना चाहिए। हालांकि, उनकी टिप्पणी का आधिकारिक ब्योरा सार्वजनिक नहीं किया गया है। वैसे यह पहला अवसर नहीं है जब दिग्विजय सिंह ने सार्वजनिक रूप से मोदी की किसी विशेषता का उल्लेख किया हो। पिछले वर्ष उन्होंने भाजपा-आरएसएस की संगठनात्मक क्षमता की सराहना करते हुए कहा था कि एक साधारण कार्यकर्ता का प्रधानमंत्री पद तक पहुंचना संगठन की ताकत को दर्शाता है। ब्यूरो



### पीएम छात्रों के नाम खुला पत्र लिखें

अध्यक्ष ने कहा, 21 जून की दोबारा परीक्षा के लिए छात्रों और अभिभावकों में विश्वास जगाना बेहद जरूरी है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान छात्रों के नाम खुला पत्र या फिर संदेश लिखें जिसमें छात्रों को लगे कि वो अकेले नहीं हैं।

### राजनीतिकरण पर सवाल तो सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी

सूत्रों के मुताबिक, भाजपा से जुड़े सदस्यों ने समिति में शामिल विपक्ष के सदस्यों से पूछा कि नीट यूजी की दोबारा परीक्षा पर राजनीति क्यों हो रही है। परीक्षा के बीच जांच के नाम पर ऐसी बैठकें क्योंकि की जा रही हैं। दिग्विजय सिंह ने कहा, राजनीति का तो कोई सवाल ही नहीं है। अध्यक्ष ने मंत्रालय और अधिकारियों को 21 जून को होने वाली दोबारा नीट के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं।

## पुनर्मूल्यांकन फीस पर राहुल बोले- सीबीएसई के जेबकतरों से सावधान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को सीबीएसई की पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया और उसकी फीस को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब शिक्षा को एक सेवा के बजाय एक व्यापार के तौर पर देखा जाता है, तो गलतियां सुधारी नहीं जातीं, बल्कि और बढ़ जाती हैं और इसकी सबसे बड़ी कीमत हमारे बच्चे अपने वक्त,अपने आत्मविश्वास खोने और अपने भविष्य के रूप में चुका रहे हैं। इसके साथ उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली की वजह से दिक्कतों का सामना कर रहे सीबीएसई छात्रों संग अपनी बातचीत का वीडियो क्लिप भी साझा किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, जेबकतरों से सावधान रहें। आज वे सीधे सीबीएसई के अंदर ही बैठे हैं। सीबीएसई की वजह से गलत नंबर आने पर आपको डिजिटल स्कैन कॉपी पाने के लिए 100 रुपये प्रति विषय, नंबरों की दोबारा गिनती के लिए 100 रुपये प्रति पेपर और पुनर्मूल्यांकन के लिए 25 प्रति सवाल शुल्क देना पड़ता है। अपनी ही आंसर सीट की सही जांच के लिए एक छात्र को 2000 रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, जरा सोचिए कि जब करीब 4 लाख चार लाख छात्रों ने ऐसे आवेदन दिए हैं, तो सीबीएसई कितनी कमाई कर रहा होगा। ब्यूरो

# मोदी सरकार की 12 साल की उपलब्धियां गिनाएगी पार्टी, देशव्यापी अभियान 9 से

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल पर सरकार की उपलब्धियां गिनाने के लिए भाजपा आगामी 9 जून को देशव्यापी अभियान चलाएगी। इसके तहत 12 साल 12 शीर्ष उपलब्धियां गिनाने पर जोर होगा और 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के को इसकी थीम बनाया गया है।

पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को राष्ट्रीय पदाधिकारियों, प्रदेश अध्यक्षों, संगठन मंत्रियों के साथ छह घंटे तक चली मैराथन बैठक में इस अभियान का रोडमैप तैयार किया गया। पार्टी की योजना 5 जून से 21 जून तक प्रेस कांफ्रेंस, घर-घर संपर्क, कार्यशाला, सेमिनार तथा अन्य माध्यमों से देशभर में सरकार की उपलब्धियां गिनाने की है। अभियान में मुख्य जोर महिला, युवा और एससी-एसटी वर्ग से जुड़ी उपलब्धियां को गिनाने का होगा। उपलब्धियां गिनाने के लिए राज्य इकाईयों, सांसदों, विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई है। पार्टी के सूत्रों ने बताया कि इस दौरान उपलब्धियां गिनाने के साथ लोगों में पैठ बनाने के लिए जनकल्याण शिविरों और मीडिया संवाद का भी सहारा लिया जाएगा। ब्यूरो

**इन 22 उपलब्धियों पर भी जोर :** 12 साल 22 उपलब्धियों में पार्टी राष्ट्रीय सुरक्षा एवं ऐतिहासिक निर्णयों की याद ताजा कराएगी। इसमें अनुच्छेद 370 का खात्मा, राम मंदिर निर्माण, सीएए, डिजिटल क्रांति, पांचवीं अर्थव्यवस्था तक का सफर, 12 करोड़ को उज्जवला योजना का लाभ, तीन करोड़ से अधिक पक्का आवास निर्माण, 12 करोड़ शौचालय, आयुष्मान योजना, 25 करोड़ लोगों को गरीबी के अभिशाप से मुक्ति जैसे मुद्दों पर जनता के समक्ष रिपोर्ट कार्ड देगी।

## न्यूज डायरी

### वाइस एडमिरल विनीत ने संभाली अंडमान और निकोबार की कमान

**श्री विजय पुरम।** वाइस एडमिरल विनीत मैककार्टी ने सोमवार को देश की एकमात्र त्रि-सेवा कमान अंडमान और निकोबार कमान (एएनसी) के 20वें कमांडर-इन-चीफ के रूप में कार्यभार संभाल लिया। 1 जुलाई 1989 को नौसेना में शामिल हुए मैककार्टी गनरी और मिसाइल युद्ध विशेषज्ञ हैं। उनके पास परिचालन, प्रशिक्षण और त्रि-सेवा नियुक्तियों का 36 वर्षों का अनुभव है। वे आईएनएस अजय, आईएनएस खंजर व आईएनएस शिवालिक की कमान संभाली है। ब्यूरो

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक गबन मामले में रियल स्टेट कारोबारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा सरकार, चंडीगढ़ प्रशासन और दो निजी स्कूलों के बैंक खातों से 645 करोड़ रुपये के गबन मामले में तीसरी बड़ी गिरफ्तारी की है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत रियल एस्टेट कारोबारी विक्रम बाधवा को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया है। विशेष पीएमएलए अदालत ने आरोपी को चार दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया है। ब्यूरो

### युद्ध प्रभावित उद्योगों को राहत, 35 हजार करोड़ के ऋण मंजूर

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को राहत देने के लिए बैंकों ने आपातकालीन ऋण गारंटी योजना के तहत 35,194 करोड़ के ऋण मंजूर किए हैं। वित्तीय सेवा विभाग के संयुक्त सचिव मनोज मुत्तथिल अय्यप्पन के मुताबिक, 29 मई तक बैंकों ने करीब 80 हजार आवेदनों को मंजूरी दी, जबकि 15,720 करोड़ की गारंटी जारी की जा चुकी है। योजना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल रखी गई है। आवेदन से लेकर स्वीकृति तक का काम पांच से सात दिनों में पूरा हो रहा है। एजेंसी

### मप्र : कीटनाशक पीने से तीन बेटियों समेत महिला की मौत

**शहडोल।** मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में एक महिला और उसकी तीन बेटियों की कीटनाशक पीने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार रात पपौंध थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस जांच में सामने आया है कि अनीता सिंह (32) ने पहले अपनी तीनों बेटियों को कीटनाशक पिलाया और बाद में खुद भी पी लिया। घटना के बाद चार वर्षीय रितिका और दो वर्षीय कृष्णाकुमारी की मौत हो गई, जबकि सात वर्षीय अर्पिता ने पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। ब्यूरो

# अस्थायी कर्मचारी नियमित के समान काम करता है तो लाभों से वंचित नहीं रख सकते

## असमानता पर सख्त : सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट का आदेश रद्द किया, पेंशन देने के आदेश

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार एक नियोक्ता के रूप में अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी कर्मचारियों के समान कार्य करने के बावजूद उन्हें समान लाभ से वंचित नहीं कर सकती। शीर्ष न्यायालय ने अस्थायी और नियमित कर्मचारियों के भत्तों और सेवानिवृत्ति लाभों में भारी असमानता का संज्ञान लेते हुए यह बात कही।

जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने पटना हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें डाक विभाग में दशकों से सेवा दे रहे अस्थायी कर्मचारियों को पेंशन लाभ देने से इनकार किया गया था। पीठ ने कहा कि किसी भी प्रकार का वर्गीकरण जिसके परिणामस्वरूप कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के मामले में समान स्थिति वाले कर्मचारियों के एक वर्ग को किसी भी लाभ से वंचित किया जाता है, सांविधानिक मूल्यों का उल्लंघन होगा।

**मामला 1**

पीठ ने कहा कि इस न्यायालय ने एक सुसंगत न्यायिक दृष्टिकोण अपनाया है कि लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों, चाहे वे आकस्मिक हों या अस्थायी, विशेष रूप से जिन्हें मान्यता प्राप्त दर्जा दिया गया है, उन्हें सामाजिक सुरक्षा और पेंशन लाभ सहित संबंधित लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता है। न्यायालय ने केंद्र को आदेश दिया है कि तीन महीने के भीतर इन सभी पूर्व अस्थायी कर्मचारियों (या जो दुनिया में नहीं हैं, उनके परिवारों) को उनकी पेंशन और सेवानिवृत्ति के सभी बकाए पैसे दिए जाएं।



### छुट्टियों के दौरान मेरी अदालत में किसी भी वरिष्ठ वकील को दलीलें पेश करने की इजाजत नहीं

**मामला 2**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस विक्रम नाथ ने स्पष्ट कहा कि वह छुट्टियों के दौरान आंशिक न्यायालय कार्य दिवसों में वरिष्ठ वकीलों को न तो मामलों को तत्काल सूचीबद्ध कराने के लिए उल्लेख करने देंगे और न ही सूचीबद्ध मामलों में दलीलें रखने की अनुमति देंगे। यह कदम सोमवार से 12 जुलाई तक आंशिक न्यायालय कार्य दिवसों के दौरान युवा वकीलों को अपने मामलों में दलीलें रखने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उठाया गया है शीर्ष अदालत में ग्रीष्मावकाश को अब आंशिक न्यायालय कार्य दिवस कहा जाता है। इस साल इस अवधि के दौरान प्रत्येक सप्ताह तीन से चार पीठ सुनवाई करेंगी। जस्टिस विक्रम नाथ ने सोमवार को सुनवाई शुरू होते ही कहा, मेरी अदालत में किसी वरिष्ठ वकील को अनुमति नहीं दी जाएगी। ब्यूरो

### एम्बेसी ईस्ट बिजनेस पार्क मामले में सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप से इन्कार

**मामला 3**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एम्बेसी ईस्ट बिजनेस पार्क प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े मामले में फिलहाल हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट से लंबित याचिकाओं का जल्द निपटारा करने को कहा है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि मामले के गुण-दोष पर सभी पक्षों के तर्क हाईकोर्ट में खुले रहेंगे। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। ईडी ने कर्नाटक हाईकोर्ट के एक अंतरिम आदेश को चुनौती दी थी। पीठ ने कहा कि आपराधिक याचिका और इससे जुड़े अन्य मामले पहले ही 5 जून को कर्नाटक हाईकोर्ट में सूचीबद्ध हैं। अगली सुनवाई को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल अंतरिम आदेश में दखल देने से इन्कार कर दिया और याचिका का निपटारा कर दिया। अदालत ने हाईकोर्ट से अनुरोध किया कि वह अपनी सुविधा के अनुसार, लेकिन संभव हो तो अगस्त 2026 तक सभी लंबित याचिकाओं पर फैसला करे। यह विवाद राजधानी बंगलुरु में कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड की ओर से एम्बेसी ईस्ट बिजनेस पार्क को आवंटित भूमि से जुड़ा है। ब्यूरो

### दिव्यांगता आयोगों के सुझावों को लागू करने की मांग पर केंद्र से जवाब-तलब

**मामला 4**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से उस जनहित याचिका (पीआईएल) पर जवाब मांगा है, जिसमें देश के दिव्यांगता आयोगों के सुझावों और आदेशों को सख्ती और समयबद्ध तरीके से लागू करने की मांग की गई है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र को नोटिस जारी किया है और अगली सुनवाई 21 जुलाई तय की है। यह जनहित याचिका कौशल शशांक पांडे ने दायर की है। इसमें कोर्ट से मांग की गई है कि वह केंद्र और राज्य सरकारों के प्राधिकारियों को दिव्यांगता आयोगों की सिफारिशों को समय सीमा के भीतर मानने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करे। ब्यूरो

### वक्फ ट्रिब्यूनल में अदालती फीस से छूट का क्या है कानूनी आधार

**मामला 5**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संस्थाओं को राज्य वक्फ ट्रिब्यूनलों में मामलों की सुनवाई के दौरान कोर्ट फीस से छूट दिए जाने के कानूनी आधार पर सवाल उठाया। जस्टिस पीएस नरसिम्हा व जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ गुजरात हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में कोर्ट फीस जमा नहीं करने के कारण वक्फ संस्थाओं की याचिकाएं खारिज किए जाने के ट्रिब्यूनल के आदेश को बरकरार रखा गया था। याचिकाकर्ताओं के वकील एजाज मकबूल ने गुजरात हाईकोर्ट के दिसंबर 2025 के फैसले को चुनौती देने संबंधी दस्तावेज दाखिल करने के लिए समय मांगा। कहा, मुद्दे पर विस्तृत दलील पेश करेंगे और सुनवाई 7 अगस्त तक स्थगित करने का अनुरोध किया। ब्यूरो

# कलादान परियोजना व थाईलैंड के साथ राजमार्ग निर्माण में आएगी तेजी

## भारत-म्यांमार में कनेक्टिविटी परियोजनाओं को जल्द पूरा करने पर बनी सहमति

**नई दिल्ली।** भारत और म्यांमार लंबे समय से अटकीं दो प्रमुख रणनीतिक परियोजनाओं- कलादान मल्टी-मोडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट परियोजना और भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग को जल्द पूरा करने पर सहमत हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग के बीच सोमवार को हुई बातचीत में दोनों पक्षों ने इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने माना कि इन परियोजनाओं में देरी का कारण सुरक्षा स्थिति का माकूल न होना रहा है। इन दोनों परियोजनाओं में फंडिंग, सुरक्षा और प्रशासनिक बाधाओं के कारण काफी देरी हुई है। पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्रीय समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए इन गलियारों का पूरा होना आवश्यक है।

द्विपक्षीय वार्ता में दोनों देशों ने आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए मई 2024 से शुरू हुए रुपया-क्यात सेटलमेंट प्रणाली की सफलता की सराहना की और इसके जरिये द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने पर सहमति जताई। इसके अलावा कृषि प्रसंस्करण, पेट्रोलियम, ऊर्जा और खनन जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। ब्यूरो

### प्रधानमंत्री ने उठाया हथियारबंद गुटों की गतिविधियों का मुद्दा

मिस्री ने बताया कि वार्ता में पीएम मोदी ने भारत के सीमावर्ती इलाकों में म्यांमार के आंतरिक संघर्ष से होने वाले असर के बारे में चिंता जताई। कहा कि ऐसी गतिविधियों के साथ-साथ सीमा के करीब म्यांमार सेना की ओर से की जाने वाली जवाबी सैन्य कार्रवाइयों का भारतीय सीमा की तरफ रहने वाले लोगों पर गहरा असर पड़ता है। इसलिए कभी-कभी, वहां कुछ नुकसान हो सकता है या उस सीमा के पार से कई शरणार्थी हमारी तरफ आ जाते हैं। पीएम मोदी ने म्यांमार से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सीमा के पास होने वाली कार्रवाइयों से भारतीय सीमा की तरफ रहने वाले नागरिकों को कोई नुकसान न पहुंचे।

### ह्लाइंग ने की राष्ट्रपति से मुलाकात

राष्ट्रपति ह्लाइंग ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात की। इससे पहले विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भी उनसे अलग-अलग मुलाकात की थी। दौरे के अगले चरण में ह्लाइंग 2 और 3 जून को मुंबई में रहेंगे। यहां वह महाराष्ट्र के राज्यपाल और मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे और व्यापारिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

# फर्जी हस्ताक्षर मामला...दो दिन में दूसरी बार अभिषेक के घर पहुंची सीआईडी

**कोलकाता।** फर्जी हस्ताक्षर मामले में पश्चिम बंगाल सीआईडी ने सोमवार शाम कालीघाट इलाके में स्थित तृणमूल नेता अभिषेक बनर्जी के आवास का दौरा किया। पिछले 48 घंटों से कुछ अधिक समय में जांच एजेंसी का यह दूसरा दौरा है। आरोप है कि पिछले दिनों विधानसभा सचिवालय को सौंपे गए एक पत्र में विधायकों के फर्जी हस्ताक्षरों के इस्तेमाल किया गया था। सीआईडी इस मामले की जांच कर रही है।

इसी सिलसिले में सीआईडी ने अभिषेक को सोमवार को तलब किया था लेकिन वह नहीं पहुंचे। अभिषेक ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जांच एजेंसी से 15 दिनों का समय मांगा, जिसके कुछ घंटों बाद सीआईडी की टीम उनके घर पहुंच गई। एक अधिकारी ने बताया कि सीआईडी की टीम शाम करीब 5:30 बजे उनके आवास पर पहुंचीं और परिसर की वीडियोग्राफी की ताकि सबूतों को रिकॉर्ड पर लिया जा सके। उन्होंने कहा, जांच कानून के अनुसार आगे बढ़ रही है। मामले से जुड़े आवश्यक बयान और सामग्री की जांच की जा रही है। ब्यूरो

### दो विधायक निष्कासित

पश्चिम बंगाल विधानसभा में हस्ताक्षर विवाद को लेकर तृणमूल कांग्रेस ने अपने दो विधायकों ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। दोनों पर पार्टी विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाया गया है। यह कार्रवाई सोमवार को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के यह खुलासा किए जाने के बाद हुई कि इन्हीं दोनों विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष को मामले की शिकायत की थी। इसी शिकायत के आधार पर केस दर्ज हुआ और सीआईडी जांच शुरू हुई।

## तृणमूल विधायकों को डरा व धमका रही भाजपा : ममता

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने भाजपा पर उनके विधायकों को डराने-धमकाने और तोड़ने की कोशिश का आरोप लगाया है। सोमवार को फेसबुक लाइव के जरिये उन्होंने दावा किया कि भाजपा उनकी पार्टी को कमजोर करने के लिए जनप्रतिनिधियों पर दबाव बना रही है। ममता ने कहा कि कई विधायकों ने उनसे शिकायत की है कि उन्हें जांच एजेंसियों का डर दिखाया जा रहा है। विधायकों को आर्थिक प्रलोभन देने के साथ ही उनके परिवारों को परेशान करने की धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने गंभीर आरोप लगाया कि विधायकों को डराया जा रहा है कि यदि वे बैठक में शामिल हुए, तो उन पर आर्म्स एक्ट लगाकर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ब्यूरो

# 3.25 लाख करोड़ रुपये में 114 राफेल खरीदेगा भारत फ्रांस को भेजा अनुरोध पत्र

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने के लिए फ्रांस सरकार को अनुरोध पत्र जारी कर दिया है। यह कदम करीब 3.25 लाख करोड़ की अनुमानित लागत वाले इस सौदे की औपचारिक शुरुआत है। इस बड़े रक्षा सौदे की सबसे खास बात इसका मेक इन इंडिया मॉडल है।



इसके तहत 114 विमानों में से 94 का निर्माण भारत में ही किया जाएगा। जबकि राफेल की एक स्क्वॉड्रन (लगभग 18 विमान) फ्रांस सीधे भारत भेजेगा। भारत में राफेल के पुर्जों के निर्माण के लिए आधारभूत ढांचा पहले से ही तैयार हो रहा है। नागपुर में डसॉल्ट रिलायंस एयरोस्पेस लिमिटेड के बुनियादी ढांचे का विस्तार किया जा रहा है।

**बढ़ेगी ताकत :** वायुसेना में फाइटर स्क्वाड्रन की संख्या लगातार कम हुई है। चीन और पाकिस्तान की दोहरी चुनौतियों के मद्देनजर वायुसेना को लड़ाकू विमानों की सख्त जरूरत है। वायुसेना के पास पहले से मौजूद 36 राफेल विमानों की कामयाबी देखकर सरकार ने बड़े पैमाने पर इस डील को आगे बढ़ाने का फैसला किया था। ब्यूरो

# खरीफ की फसलों को कम बारिश या सूखे से बचाने के लिए निगरानी समूह गठित

## अल नीनो के प्रभाव से निपटने के लिए सरकार ने उठाए कई कदम

**नई दिल्ली।** अल नीनो के प्रभाव से सामान्य से कम मानसूनी बारिश के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। खरीफ की फसलों के लिए जोखिमों को कम करने के लिए फसल मौसम निगरानी समूह और संकट प्रबंधन समूह गठित किए गए हैं।

साथ ही राज्य सरकारों को एक संकट प्रबंधन योजना भी भेजी है। पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों के संदर्भ में आयोजित अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में खाद्य और उर्वरक सुरक्षा से संबंधित चिंताओं पर चर्चा के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि राज्यों को एक प्रतिशत बीज भंडार बनाए रखने के लिए कहा गया है, जिसमें अल्प और मध्यम अवधि की किस्मों पर विशेष जोर दिया गया है। इस सीजन के लिए सरकार ने पहले से ही उर्वरकों (यूरिया और डीएपी) का भंडारण 51 फीसदी कर लिया है, जो सामान्यतौर पर 33 फीसदी रखा जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने हालिया पूर्वानुमान में अल नीनो के चलते इस मानसूनी सीजन में सामान्य से कम (लगभग 90 फीसदी) बारिश का अनुमान जताया है। ब्यूरो



### आपातकालीन योजनाएं तैयार

कृषि मंत्रालय भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) के सहयोग से जिला आपातकालीन योजनाएं तैयार कर रहा है। उर्वरक की मांग के अनुमानों को संशोधित किया है। खरीफ 2026-27 फसल वर्ष के लिए यूरिया की मांग 194 लाख टन आंकी गई है, जो 4 लाख टन कम है, जबकि डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) की मांग में 6 लाख टन की कटौती करके इसे 60 लाख टन कर दिया गया है।

- **उर्वरकों का भंडारण :** पश्चिम एशिया संकट के बाद घरेलू उर्वरक उत्पादन 104.81 लाख टन रहा, जिसमें 27.62 लाख टन का आयात शामिल है। उर्वरक मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस शर्मा ने बताया कि इससे कुल उपलब्धता लगभग 132.43 लाख टन हो गई है।

## नीट परीक्षा रद्द होने से परेशान छात्रा ने दी जान

**कोडरमा।** झारखंड के कोडरमा जिले में नीट की तैयारी कर रही 17 वर्षीय छात्रा ने आत्महत्या कर ली। परिजनों का दावा है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा रद्द होने से वह तनाव में थी।

घटना तिलैया थाना क्षेत्र के चित्रगुप्त नगर की है, जहां रविवार रात छात्रा का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। छात्रा के पिता ने बताया कि उनकी बेटी ने 3 मई को नीट-यूजी की परीक्षा दी थी और वह अपने प्रदर्शन को लेकर काफी उत्साहित थी। परीक्षा रद्द होने के बाद वह इस बात से चिंतित थी कि दोबारा होने वाली परीक्षा कठिन होगी। रविवार शाम वह ऑनलाइन टेस्ट दे रही थी, लेकिन खाने के लिए बुलाने पर जब कोई जवाब नहीं मिला, तो परिजनों ने दरवाजा तोड़ा। छात्रा अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी और उनका परिवार मूल रूप से बिहार के नवादा का रहने वाला है। पुलिस ने अप्राकृतिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है। गौरतलब है कि पेपर लीक के आरोपों के बाद सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है और 21 जून को दोबारा परीक्षा होनी है। एजेंसी

# स्वनिधि योजना ने लाखों रेहड़ी-पटरी वालों को किया सशक्त : मोदी

## पीएम ने योजना के लाभार्थियों को दी बधाई, उनके दृढ़ संकल्प और उद्यमशीलता को सराहा

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी के दौरान रेहड़ी-पटरी और छोटे दुकानदारों की मदद के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना ने सोमवार को छह साल पूरे कर लिए। इस दौरान देशभर में रेहड़ी-पटरी वालों को 1.12 करोड़ से अधिक बिना किसी गारंटी के ऋण मंजूर हुए और लाभार्थियों को 17,800 करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी गई।

इससे लाखों रेहड़ी-पटरी वालों का जीवन बदल गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योजना के लाभार्थियों को बधाई दी और उनके दृढ़ संकल्प और उद्यमशीलता की सराहना की। पीएम मोदी ने रेहड़ी-पटरी वालों की कड़ी मेहनत, संघर्षों और योगदान को पहचानते हुए शहरी गरीबों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका को मजबूत करने के विजन के साथ एक जून 2020 में पीएम स्वनिधि योजना शुरू की थी। इसका उद्देश्य केवल बिना किसी गारंटी के ऋण देना ही नहीं था, बल्कि रेहड़ी-पटरी वालों को सम्मान, आत्मविश्वास और जीवन में आगे बढ़ने के अवसर सुनिश्चित करना भी था, ताकि उन्हें आर्थिक सुरक्षा और सामाजिक पहचान मिल सके। अब यह योजना न केवल एक माइक्रो-क्रेडिट कार्यक्रम, बल्कि देश के करोड़ों लोगों को औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने वाला बड़ा आर्थिक मॉडल बन चुकी है। ब्यूरो



### उपलब्धियां : करीब 9 लाख करोड़ का डिजिटल लेनदेन

इस योजना के तहत अब तक 75.5 लाख से अधिक रेहड़ी-पटरी वालों को लाभ मिला है। 1.12 करोड़ से ज्यादा ऋण बांटे गए, जिसकी कुल राशि 17,800 करोड़ रुपये से अधिक है। साथ ही 55 लाख से अधिक लाभार्थियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया। लाभार्थियों में 34.81 लाख महिलाएं भी हैं। इन लाभार्थियों ने मिलकर करीब 8.96 लाख करोड़ मूल्य के 841 करोड़ से अधिक डिजिटल लेनदेन किए। लाभार्थियों को 800 करोड़ रुपये से अधिक की कैशबैक और ब्याज सब्सिडी भीदी गई।

**आय में 20% की सालाना बढ़ोतरी दर्ज हुई :** योजना के प्रभाव का आकलन करने के लिए 2023 और 2025 में स्वतंत्र सर्वे कराए गए। इनमें पाया गया कि लाभार्थियों की आय में औसतन करीब 20 फीसदी सालाना वृद्धि हुई। सिर्फ आय ही नहीं, बल्कि आवासीय स्थिरता, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार हुआ है।

### योजना की खास बातें

- 15,000 रुपये, 25,000 और 50,000 की तीन अलग-अलग किस्तों में बिना किसी गारंटी के ऋण दिया जाता है। इसके साथ ही इसमें ब्याज पर सब्सिडी और क्रेडिट गारंटी भी मिलती है।
- जो लाभार्थी दूसरी किस्त का ऋण सफलतापूर्वक चुका देते हैं, वे 30,000 तक की लिमिट वाले यूपीआई-लिंक्ड रूपे क्रेडिट कार्ड के पात्र हो जाते हैं।
- डिजिटल प्रक्रिया को अपनाने और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए रेहड़ी-पटरी वालों को खुदरा/थोक डिजिटल लेनदेन पर 1600 रुपये तक का कैशबैक प्रोत्साहन दिया जाता है।
- विक्रेताओं को एफएसएसएआई के सहयोग से वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता और खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता में प्रशिक्षण दिया जाता है।

# छह साल बाद कैप्टन को अपनी लगने लगी कांग्रेस

**जालंधर (सुरिंदर पाल)** । पंजाब की राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह एक बार फिर चर्चाओं के केंद्र में हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी के भीतर खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे कैप्टन ने हाल के दिनों में कांग्रेस नेतृत्व और राहुल गांधी के प्रति सार्वजनिक तौर पर सकारात्मक रुख दिखाया है। इससे उनके भविष्य की राजनीतिक दिशा को लेकर नए कयास शुरू हो गए हैं।



27 मई को कैप्टन के बड़े भाई राजा रणधीर सिंह के निधन के बाद भाजपा नेतृत्व की ओर से अपेक्षित प्रतिक्रिया न मिलने को लेकर उनकी नाराजगी खुलकर सामने आई है। सूत्रों के अनुसार कैप्टन इस बात से आहत हैं कि जिस पार्टी के लिए उन्होंने नवंबर 2021 में कांग्रेस छोड़ी, उसके वरिष्ठ नेताओं ने दुख की घड़ी में विशेष संवेदना व्यक्त नहीं की। इसके विपरीत कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने व्यक्तिगत शोक संदेश भेजा। इससे पहले राहुल ने कैप्टन के जन्मदिन पर भी उन्हें शुभकामनाएं दी थीं। ब्यूरो

# प्याज खरीद मूल्य में 24% की बढ़ोतरी, दलहन का बफर स्टॉक रिकॉर्ड 43 लाख टन

**नई दिल्ली।** किसानों को बेहतर कीमत देने और बाजार भाव संतुलित बनाए रखने के लिए प्याज की बफर स्टॉक खरीद कीमत में 24 फीसदी से अधिक बढ़ोतरी की गई है। सरकार अब किसानों से प्याज 15.80 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से खरीदेगी, जबकि पहले कीमत 12.70 रुपये प्रति किलोग्राम थी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामले मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव अनुपम मिश्रा ने कहा, मौजूदा सीजन के लिए प्याज की खरीद 15 मई से शुरू हो चुकी है। संशोधित खरीद मूल्य 22 मई से लागू कर दिया गया है।



मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के तहत हर वर्ष बफर स्टॉक तैयार किया जाता है। सरकार ने चालू वर्ष में दो लाख टन प्याज खरीदने का लक्ष्य रखा है। हालांकि यह लक्ष्य पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में खरीदे गए तीन लाख टन की तुलना में कम है। उधर, मई 2026 में दालों का बफर स्टॉक बढ़कर रिकॉर्ड 43 लाख टन पर पहुंच गया है। एजेंसी

# भाजपा के राष्ट्रीय संगठक बने नागेंद्र

## पार्टी मुख्यालय में संभालेंगे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से संपर्क का जिम्मा

अमर उजाला ब्यूरो



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में बतौर संयोजक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मजबूत जमीन तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले नागेंद्र नाथ त्रिपाठी को भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन ने राष्ट्रीय संगठक नियुक्त किया है। त्रिपाठी पार्टी मुख्यालय से वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से संपर्क का जिम्मा संभालेंगे।

बिहार और उत्तर प्रदेश में प्रदेश संगठन महामंत्री का जिम्मा संभालने के बाद 2021 से बिहार और झारखंड के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री का दायित्व संभाल रहे नागेंद्र को लाइम लाइट से दूर रह कर जमीनी रणनीतिकार के तौर पर जाना जाता है। नागेंद्र उस समय उत्तर प्रदेश में विद्यार्थी परिषद के संयोजक थे, जब राष्ट्रीय स्तर पर संघ के वरिष्ठ नेता दत्तात्रेय होसबाले इस भूमिका को निभा रहे थे।

बतौर संयोजक नागेंद्र ने विद्यार्थी परिषद के संयोजक रहते और 2003 में बतौर संगठन महामंत्री उत्तर प्रदेश को स्वतंत्र देव सिंह, अशोक कटारिया, हरीश द्विवेदी के रूप में कई जमीनी नेता दिए। नागेंद्र को 2011 में बिहार का संगठन महामंत्री बनाया गया था। उनकी संगठन क्षमता को ध्यान में रखते हुए उन्हें 2021 में बिहार और झारखंड का क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नियुक्त किया गया। संत कबीरनगर में किसान परिवार में जन्मे नागेंद्र शुरुआती समय में ही संघ से जुड़ गए थे।

**संघ में रहकर नौजवानों के बीच किया काम :** संघ के एक समर्पित प्रचारक के तौर पर काम करते हुए नागेंद्र ने नौजवानों को वैचारिक रूप से जागृत किया। युवाओं को लेकर आरएसएस-एबीवीपी के बीच बेहतर तालमेल व संघ के सांगठनिक ढांचे की मजबूती में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई।

# अजेय अब उत्तराखंड की जगह राजस्थान के संगठन महासचिव

**नई दिल्ली।** बीते सात साल से उत्तराखंड में संगठन महासचिव का जिम्मा संभाल रहे अजेय कुमार को राजस्थान का संगठन महासचिव बनाया गया है। अजेय को चुनावी राज्य से हटा कर राजस्थान भेजने का फैसला राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के प्रदेश के दौरे के तत्काल बाद लिया गया है।

इस फैसले के बाद राजस्थान को करीब ढाई साल बाद प्रदेश संगठन महासचिव मिला है। वर्तमान में राज्य में कई स्तर पर जारी गुटबाजी पार्टी के लिए चिंता का विषय है। यही कारण है कि अजेय कुमार को हटा कर एक सप्ताह के अंदर उत्तराखंड को नया प्रदेश संगठन महासचिव देने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय सह संगठन महासचिव शिव प्रकाश के करीबी अजेय ने 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद उत्तराखंड में प्रदेश संगठन महासचिव की जिम्मेदारी संभाली



**राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे के बाद अचानक फैसला**

**राजस्थान को ढाई साल बाद मिला संगठन महासचिव**

थी। इससे पहले उन्होंने पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री का दायित्व निभाया था। दूसरी ओर राजस्थान में जनवरी 2024 में चंद्रशेखर को तेलंगाना स्थानांतरित करने के बाद राज्य के पास संगठन महासचिव नहीं था। अजेय के सामने राजस्थान में भी विभिन्न स्तर पर फैली गुटबाजी पर अंकुश लगाने की चुनौती होगी। ब्यूरो

# अन्नामलाई का भाजपा में सफर का अंत तय

## पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन को आज सौंप सकते हैं इस्तीफा

**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की वर्दी छोड़ भाजपा का दामन थामकर चर्चा में आए तमिलनाडु में पार्टी का चेहरा अन्नामलाई अगले सप्ताह नए सियासी सफर की शुरुआत करेंगे। मंगलवार को अन्नामलाई जब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मिलने चेन्नई से दिल्ली पहुंचेंगे तो इस्तीफा उनकी जेब में होगा।

तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने केंद्र सरकार की तीन भाषा नीति का सार्वजनिक विरोध कर पहले ही इस आशय का संकेत दे दिया था। सोमवार को अन्नामलाई के पार्टी के समर्थकों ने सोशल मीडिया पर उनकी नई पार्टी मक्कल शक्ति अय्यकम (जनशक्ति आंदोलन) के झंडे और डिजाइन साझा भी कर दिए हैं। अन्नामलाई के



**यूं बढ़ती गई दूरी :** भाजपा ने अन्नाद्रमुक से दूरी बनाते हुए पिछला लोकसभा चुनाव लड़कर पहली बार अपने दम पर करीब 12 फीसदी वोट लाने में सफल रही। हालांकि, चुनाव में भाजपा खाता नहीं खोल पाई और पार्टी बहुमत से दूर रह गई। इसके बाद पार्टी नेतृत्व से अन्नामलाई की दूरी बढ़ती चली गई।

करीबी सूत्र ने उनकी नई सियासी पारी की पुष्टि करते हुए कहा कि सबकुछ तय हो चुका है। ब्यूरो

### यहां भी फंसा पेच

अन्नाद्रमुक महासचिव ईके पलानीस्वामी और अन्नामलाई एक ही क्षेत्र कोंगुनाडु और समान गाउंडर समुदाय से आते हैं। यह समुदाय अन्नाद्रमुक का समर्थक रहा है, मगर लोकसभा चुनाव में इसकी निकटता भाजपा से बढ़ी। तब अन्नामलाई भले ही कोयंबटूर सीट से दूसरे स्थान पर रहे, मगर अन्नाद्रमुक को चौथे स्थान पर धकेल दिया। ऐसे में सतर्कता बरतते हुए अन्नाद्रमुक ने इस क्षेत्र में विधानसभा चुनाव में अन्नामलाई की सिंगानल्लूर सीट समेत एक भी सीट भाजपा को नहीं दी। इसके विरोध में अन्नामलाई ने विधानसभा चुनाव से दूरी बना ली। सूत्रों का कहना है कि अन्नामलाई अपनी नई सियासी पारी में टीवीके की तरह युवाओं को जोड़ना चाहते हैं।

## विदेश संक्षेप

### अफ्रीका ने भारत की चिकित्सा सहायता का किया स्वागत

**अदीस अबाबा।** अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र ने इबोला से निपटने के लिए भारत सरकार की आपातकालीन चिकित्सा सहायता का स्वागत किया है। भारत ने लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो के पूर्वी क्षेत्रों में संक्रमण रोकने के लिए नैदानिक किट, दवाएं और चिकित्सा आपूर्ति भेजी है।



अफ्रीका सीडीसी ने एक्स पर जानकारी दी कि यह सहायता युगांडा स्थित क्षेत्रीय समन्वय केंद्र के जरिये पहुंचाई गई है। एजेंसी

### कोलंबिया : राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप समर्थक उम्मीदवार को बढ़त

**बोगोटा।** कोलंबिया में राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर में अपराध के खिलाफ सख्त रुख रखने वाले अबेलार्डो डे ला एस्प्रीएला ने बढ़त बना ली है। एस्प्रीएला को 44 फीसदी और उनके प्रतिद्वंद्वी इवान सेपेडा को 41 फीसदी वोट मिले। अब दोनों के बीच जून में दूसरे दौर का मुकाबला होगा। द टाइगर के नाम से मशहूर एस्प्रीएला खुद को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थक बताते हैं। लेकिन इस बीच वर्तमान राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो और उनके सहयोगी सेपेडा ने चुनावी नतीजों में हेरफेर का आरोप लगाया। एजेंसी

### पूर्व राजदूत के एपस्टीन से संबंध पर पीएम की हो रही आलोचना

**लंदन।** ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। वाशिंगटन में ब्रिटेन के पूर्व राजदूत मैंडेलसन से जुड़ी फाइलें सार्वजनिक की जाएंगी। मैंडेलसन यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के मित्र रहे हैं। सांसदों की मांग पर सरकार इन दस्तावेजों को जारी कर रही है। मैंडेलसन को सुरक्षा जांच में विफल होने के बावजूद राजदूत बनाया गया था। इस खुलासे के बाद स्टार्मर पर पद छोड़ने का दबाव बढ़ गया है। पीटर मैंडेलसन पर संवेदनशील सूचना देने का आरोप है। एजेंसी

### चीन : त्यिनमेन स्क्वायर नरसंहार की 37वीं बरसी पर निगरानी बढ़ी

**बीजिंग।** त्यिनमेन स्क्वायर सैन्य कार्रवाई की 37वीं बरसी से पहले चीनी अधिकारियों ने देश भर में निगरानी बढ़ा दी है। अधिकारियों ने सरकार से असंतुष्ट कार्यकर्ताओं पर यात्रा प्रतिबंध लगा दिए हैं। कई लोगों को घरों में कैद कर दिया है या उन्हें सार्वजनिक चर्चा न करने की चेतावनी मिली है। गौरतलब है कि 4 जून 1989 को बीजिंग में छात्र आंदोलन को कुचलने के लिए हुई कार्रवाई में हजारों लोग मारे गए थे। कम्युनिस्ट पार्टी हर साल इस दौरान सुरक्षा उपाय कड़े कर देती है। एजेंसी

## ऑनलाइन पोल

amarujala.com/poll

आईपीएल 2026 में रजत पाटीदार ने दूसरी बार आरसीबी को विजेता बनाया, वहीं वैभव सूर्यवंशी ने सीजन में सर्वाधिक रन बनाए। क्या दोनों को भारतीय T20 टीम में शामिल किया जाना चाहिए?

(1) हां (2) नहीं

**पिछले पोल का रिजल्ट**

सचिन तेंदुलकर ने आईपीएल में बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए इम्पैक्ट प्लेयर नियम को खत्म करने का सुझाव दिया है। क्या आप इससे सहमत है?

| | |
|---|---|
| हां | 85.89% |
| नहीं | 14.11% |

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में 99 फीसदी मामलों पर सहमति : गोयल

## भारत व अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों के बीच तीन दिवसीय वार्ता आज से, धारा 301 का मुद्दा अहम

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के अंतिम चरण की बातचीत का दौर मंगलवार से शुरू होने जा रहा है। इसमें बड़ा सवाल अमेरिकी व्यापार की धारा 301 है। इस पर सहमति बननी बाकी है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि असली मुद्दा यही है। इस पर दोनों पक्ष बातचीत करने वाले हैं। वैसे समझौते पर 99 प्रतिशत सहमति बन चुकी है। अब केवल छोटे-मोटे मुद्दों, कॉमा और फुल स्टॉपर पर बातचीत होनी है। उन्होंने कहा कि हम अमेरिका के साथ ऐसा समझौता करना पसंद करेंगे जो भारत को समान प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्रदान करे। यह समझौता अमेरिका के टैरिफ प्लान में हुए कानूनी बदलाव को ध्यान में रखकर तैयार होगा। भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकार 4 जून तक दिल्ली में अंतरिम व्यापार समझौते के विवरण को अंतिम रूप देंगे। इसमें भारत की ओर से वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन व अमेरिकी मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच अपने सहयोगियों के साथ बात करेंगे।

**धारा 301 के तहत अमेरिका लगाता है टैरिफ :** अमेरिका अपने व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 301 के तहत दूसरे देशों पर व्यापारिक दंड के रूप में टैरिफ लगाता रहा है। इस कानून के जरिये अमेरिका उन व्यापारिक प्रथाओं की जांच करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करता है जिन्हें वह अनुचित, तर्कहीन या भेदभावपूर्ण माना जाता है। अगर 24 जुलाई से पहले भारत अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौता हो जाता है तो भारत की ओर से धारा 301 का उल्लंघन करने पर भी कोई अतिरिक्त टैरिफ लगने की गुंजाइश नहीं रहेगी।



### फरवरी में दोनों देशों ने तय किया था पहले चरण का ढांचा, अप्रैल में फिर शुरू हुई वार्ता

भारत और अमेरिका ने इस साल 7 फरवरी को एक संयुक्त बयान जारी कर द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के ढांचे को अंतिम रूप दिया था। 20 फरवरी को अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम के तहत लगाए गए व्यापक पारस्परिक शुल्कों के विरुद्ध फैसला दे दिया। इस पर ट्रंप ने 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत का शुल्क लगा दिया। इसके चलते दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता प्रभावित हो गई। बाद में दोनों देशों ने इस पर अप्रैल में फिर से बातचीत शुरू की। चूंकि अमेरिका में शुल्क व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं, इसलिए दोनों पक्ष समझौते के ढांचे की पुनः समीक्षा करना चाह सकते हैं। *अब भारत ने अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों पर शुल्क समाप्त करने या कम करने का प्रस्ताव दिया है। इसके अलावा खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर भी शुल्क में कमी का प्रस्ताव रखा गया है।*

## भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते में स्टील व कार्बन टैक्स बने अड़चन, ब्रिटिश व्यवसाय सचिव का भारत दौरा आज से

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन इस सप्ताह ब्रिटेन के स्टील सेफगार्ड उपायों और कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम) पर चर्चा करेंगे। ये दोनों मुद्दे 24 जुलाई 2025 को हस्ताक्षरित भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) के क्रियान्वयन में प्रमुख बाधा बन गए हैं।

ब्रिटेन के व्यवसाय और व्यापार सचिव पीटर काइल मंगलवार को भारत दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान उनकी केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ द्विपक्षीय बैठक होगी, जिसमें स्टील और सीबीएएम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। ब्रिटेन अगले महीने 1 जुलाई से शुल्क-मुक्त स्टील आयात की सीमा में 60 प्रतिशत तक कटौती करने जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत निर्धारित कोटा से अधिक स्टील आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा। यह नियम उन स्टील उत्पादों पर लागू होगा, जिनका उत्पादन ब्रिटेन में भी किया जा सकता है। ब्यूरो

### भारत के निर्यात पर पड़ेगा असर

*ब्रिटेन ने दिसंबर 2023 में घोषणा की थी कि वह 2027 से सीबीएएम लागू करेगा। आर्थिक शोध संस्था जीटीआरआई के अनुसार, इस कदम से भारत के लगभग 77.5 करोड़ डॉलर मूल्य के निर्यात पर असर पड़ सकता है। यह व्यवस्था लोहा-इस्पात, एल्यूमीनियम, उर्वरक, सीमेंट, हाइड्रोजन, सिरेमिक और कांच जैसे उत्पादों पर लागू होगी। यूरोपीय संघ के बाद ब्रिटेन सीबीएएम लागू करने वाली दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।*

**जवाब में भारत लगा सकता है व्हिस्की पर टैक्स**

इस बीच, भारत ने संकेत दिया कि अगर ब्रिटेन भारतीय चिंताओं का समाधान नहीं करता है तो वह स्कॉच व्हिस्की जैसे उत्पादों पर दी गई टैरिफ रियायतों की समीक्षा कर सकता है। एक भारतीय अधिकारी ने सोमवार को कहा, अब गेंद ब्रिटेन के पाले में है। अगर वे मुक्त व्यापार समझौते का लाभ नहीं उठाते हैं तो हम अपनी ओर से दी गई रियायतों पर पुनर्विचार कर सकते हैं। व्यापार समझौते के तहत भारत ने ब्रिटेन से आयात होने वाली स्कॉच व्हिस्की और जिन पर सीमा शुल्क 150 प्रतिशत से घटाकर पहले 75 प्रतिशत करने और अगले 10 वर्षों में इसे 40 प्रतिशत तक लाने पर सहमति दी थी। भारत में स्कॉच व्हिस्की की लोकप्रिय ब्रांडों में जॉनी वॉकर, शिवास रीगल और द ग्लेनलिवेट शामिल हैं।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया मिलकर बनाएंगे सैन्य साजो-सामान

## राजनाथ व ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री मार्लेस एमओयू पर सहमत

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया सैन्य साजो-सामान के सह-विकास व सह-निर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का मसौदा तैयार करने पर सहमत हुए हैं। इसके तहत दोनों देश रक्षा उपकरणों और रक्षा सेवाओं की पारस्परिक आपूर्ति का एक संस्थागत ढांचा तैयार करेंगे।

यह निर्णय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के उनके समकक्ष रिचर्ड मार्लेस की सह अध्यक्षता में दिल्ली में हुए दूसरे भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा मंत्री संवाद के दौरान लिया गया। बैठक में दोनों नेताओं ने स्वतंत्र, खुले और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता भी दोहराई। बैठक में दोनों देशों ने संयुक्त समुद्री सुरक्षा सहयोग रोडमैप को जल्द अंतिम रूप देने का संकल्प लिया। बैठक में दोनों देशों के समुद्री गश्ती विमानों की ओर से मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस आगे बढ़ाने के साथ समुद्र के भीतर निगरानी बढ़ाने के अवसर तलाशने पर भी गंभीर चर्चा हुई। तटरक्षक बल और ऑस्ट्रेलिया के मैरीटाइम बॉर्डर कमांड के बीच सहयोग बढ़ाने पर भी बात हुई। एजेंसी



ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष मार्लेस से मिलते राजनाथ।

### तकनीकी साझेदारी बढ़ाने पर जोर

राजनाथ और मार्लेस ने सेंसर तकनीकों समेत भविष्य की रक्षा प्रौद्योगिकी और अनुसंधान में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया। दोनों देशों ने रक्षा उद्योगों के बीच साझेदारी को और मजबूत बनाने व तकनीकी आदान-प्रदान बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। *मार्लेस ने भारत को इस साल होने वाले ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।*

### चेन्नई में संयुक्त युद्धाभ्यास और प्रशिक्षण पर सहमति

भारत और ऑस्ट्रेलिया इसी महीने चेन्नई में एक साझा खोजबीन व बचाव अभ्यास करने जा रहे हैं। बैठक में दोनों देशों के लड़ाकू विमानों की ओर से आसमान में ही एक-दूसरे से ईंधन भरने और साल 2027 के टैलिस्मान सेब्रे अभ्यास में भारत की बड़े स्तर पर भागीदारी तय हुई है। साथ ही ऑस्ट्राहिन्द अभ्यास में इस बार तटीय हमलों पर फोकस रहेगा। भारत पहली बार ऑस्ट्रेलिया के ऑपरेशन रेंडर सेफ में हिस्सा लेगा। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पनडुब्बी बचाव अभ्यास ब्लैक कैरिलन के लिए आमंत्रित किया है। दोनों देशों के बीच इसी साल पहली बार ज्वाइंट स्टाफ टॉक्स (सैन्य अधिकारियों की सीधी वार्ता) भी शुरू होगी। रणनीतिक तालमेल के लिए साल 2028-29 में ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस कॉलेज में भारत के एक सैन्य इंस्ट्रक्टर की तैनाती की जाएगी।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्वाड देशों के बढ़ते तालमेल की राजनाथ और मार्लेस ने सराहना की। दोनों मंत्रियों ने भारत की ओर से गुरुग्राम स्थित इन्फॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर से क्वाड के इंडो-पैसिफिक मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस कार्यक्रम को शुरू करने का स्वागत किया। इसके जरिये क्वाड के सभी चारों सदस्य देश (भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान) मिलकर पूरे इलाके की एक साझी सुरक्षा तस्वीर तैयार करेंगे ताकि किसी भी चुनौती से निपटा जा सके।

**क्वाड के जरिये चीन पर नजर**

# सुप्रीम कोर्ट के नए जज आज ग्रहण करेंगे शपथ



जस्टिस शील नागू, जस्टिस श्री चंद्रशेखर, जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस अरुण पल्ली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में वेंकिटा सुब्रमणि मोहना (वी. मोहना) समेत पांच नए न्यायाधीश नियुक्त किए गए हैं। नए जज मंगलवार को शपथ ग्रहण करेंगे। इन सभी के कार्यभार संभालने के बाद शीर्ष अदालत में औपचारिक रूप से 37 जज हो जाएंगे।

वी. मोहना के साथ-साथ, बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस श्री चंद्रशेखर, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शील नागू, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव सचदेवा और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अरुण पल्ली को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया है।

**एक पद अब भी खाली :** पिछले महीने, केंद्र ने अध्यादेश जारी कर एक कानून में संशोधन किया। इसके तहत सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या को 34 से बढ़ाकर 38 कर दिया गया। इसमें सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी शामिल हैं। ब्यूरो

# स्वदेशी ड्रोन दिव्यास्त्र का सफल परीक्षण, 500 किमी मारक क्षमता...लगातार पांच घंटे उड़ान भरने में सक्षम

## सेना की बढ़ी ताकत...80 किमी रफ्तार वाली तेज हवा में साधा निशाना

आशुतोष भाटिया

**नई दिल्ली।** जोधपुर के रेगिस्तान में भीषण गर्मी के बीच स्वदेशी रूप से विकसित यूएवी प्लेटफॉर्म दिव्यास्त्र एमके-1 का परीक्षण सफल रहा। सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में होवर-इट नाम की कंपनी के दिव्यास्त्र ड्रोन ने मिशन के सभी लक्ष्यों को हासिल किया।

इस परीक्षण की सबसे बड़ी खासियत इसका कठिन माहौल रहा। ड्रोन निर्माता कंपनी हूवर-इट ने बताया कि रेगिस्तान में 53 डिग्री की झुलसाने वाली गर्मी और 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के बावजूद दिव्यास्त्र एमके-1 ने अपनी परिचालन विश्वसनीयता बनाए रखी। यह दर्शाता है कि यह ड्रोन सेना के लिए किसी भी मौसम में काम करने के लिए तैयार है। प्रदर्शन के



दौरान ड्रोन ने अपनी आक्रामक क्षमता का भी लोहा मनवाया। ड्रोन ने तय लक्ष्य पर एक टर्मिनल डाइव अटैक यानी ऊपर से सीधे नीचे आकर हमला करने की तकनीक का सफल प्रदर्शन किया। इसने स्वायत्त तरीके से लक्ष्य की पहचान की और बेहद सटीक हमला बोला। परीक्षण के दौरान ड्रोन के लाइव आईएसआर डाटा और टोही तस्वीरें सीधे ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन को भेजी गईं। वहां सेना के अधिकारियों इसकी बेहतरीन निगरानी और युद्धक्षेत्र का आकलन करने की क्षमता का खुद आकलन किया।

### दिव्यास्त्र एमके-1 की क्षमता

ड्रोन 500 किलोमीटर दूर तक वार कर सकता है। लगातार 5 घंटे उड़ान भर सकता है। इसमें दिन और रात में देखने के लिए हाईटेक कैमरे लगे हैं। यह निगरानी कार्यों के साथ अपने साथ भारी विस्फोटक भी ले जा सकता है। इसकी डिजाइन, मिशन इलेक्ट्रॉनिक्स और फ्लाइट-कंट्रोल आर्किटेक्चर पूरी तरह स्वदेश में निर्मित है। होवर-इट के संस्थापक सौरव भदौरिया ने बताया कि जोधपुर का सफल परीक्षण बड़ा मील का पत्थर है। आगामी दिनों में इसके पोखरण में उन्नत तकनीकी और व्यावहारिक परीक्षण होंगे, जिसके बाद यह सेना में शामिल होने के लिए तैयार हो पाएगा। हमारी कोशिश है कि हम सेना को सस्ते से सस्ता ड्रोन दे पाएं।

# लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों में पुरुष भी, 30 लाख नाम फर्जी एसआईटी जांच के निर्देश

**कोलकाता।** बंगाल की भाजपा सरकार ने पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार की लक्ष्मी भंडार योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। सीएम शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को दावा किया कि महिलाओं की योजना से करीब 30 लाख फर्जी लाभार्थी जुड़े थे और मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने के निर्देश दिए।

**सीएम शुभेंदु का दावा एक लाभार्थी 15 खातों से ले रहा था फायदा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक की जांच में 22 ऐसे खाते सामने आए हैं, जिनमें महिलाओं के बजाय पुरुष लाभार्थियों को लक्ष्मी भंडार की राशि मिल रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि मुस्ताफिजुर रहमान नामक एक लाभार्थी और उनकी पत्नी 15 खातों से योजना का लाभ ले रहे थे जबकि तारिकुल रहमान के नाम से छह खाते संचालित थे। सीएम ने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि अवैध घुसपैठियों और अन्य अपात्रों को भी योजना का लाभ मिला। पुलिस महानिदेशक को मामले की विस्तृत जांच के लिए एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया है। अधिकारी ने दावा किया कि एसआईआर के दौरान हटाए नामों और पुरुष लाभार्थियों को मिलाकर करीब 30 लाख नाम योजना से बाहर हो सकते हैं। ब्यूरो

## बंगाल में मंत्रिमंडल विस्तार : 35 नए मंत्रियों ने ली शपथ...भौगोलिक और जातीय समीकरण साधे

# शुभेंदु सरकार में पत्रकार, क्रिकेटर और शिक्षाविद् बने मंत्री

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को अपने पहले मंत्रिमंडल विस्तार में 35 विधायकों को शामिल करने के साथ भौगोलिक और जातीय आधार को पूरी सावधानी के साथ संतुलित किया है। भाजपा के 13 विधायकों ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली, जबकि तीन को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 19 अन्य को राज्य मंत्री के रूप में मंत्रिपरिषद में शामिल किया गया।

राज्यपाल आरएन रवि ने लोक भवन में सीएम शुभेंदु अधिकिरी की मौजूदगी में 35 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। कैबिनेट मंत्री तापस रॉय ने बताया, मंत्रियों के विभागों का बंटवारा बुधवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में होगा। मंत्रिपरिषद के





लोक भवन में विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाते राज्यपाल आरएन रवि।

सदस्य बंगाल के समाज के विभिन्न वर्गों से हैं। मंत्रियों में डॉक्टर, शिक्षाविद् और पत्रकार शामिल हैं। भाजपा ने कैंसर रोग विशेषज्ञ (ऑन्कोलॉजिस्ट) शरदवत मुखर्जी और खरदाहा के प्रोफेसर कल्याण चक्रवर्ती को कैबिनेट मंत्री के रूप में शामिल किया है। पत्रकार से नेता बने स्वपन दासगुप्ता, जिन्होंने दक्षिण कोलकाता की प्रतिष्ठित रासबिहारी सीट जीती, और बीरभूम के सूरी से जगन्नाथ चट्टोपाध्याय को भी कैबिनेट मंत्री बनाया गया। ब्यूरो

### तृणमूल कांग्रेस से आए नेताओं को भी जगह

नए मंत्रिमंडल में चर्चित नाम पूर्व क्रिकेटर अशोक डिंडा का है। बंगाल और भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके डिंडा को राज्य मंत्री बनाया गया है। सबसे युवा चेहरा उत्तर दिनाजपुर जिले की करणदिघी विधानसभा सीट से विधायक विराज विश्वास (32) हैं। राजनीतिक दृष्टि से भी यह विस्तार अहम माना जा रहा है। पूर्व तृणमूल नेता अर्जुन सिंह और तापस राय को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। भाजपा ने उत्तर बंगाल, दक्षिण बंगाल, जंगलमहल, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और विभिन्न सामाजिक वर्गों के प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल का गठन किया है।

■ कूच बिहार में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित माथाभांगा सीट से राजबंशी नेता, मंत्री निसिथ प्रमाणिक की पहले से ही कैबिनेट में उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए तीन नए मंत्रियों फालाकाटा से दीपक बर्मन, सिलीगुड़ी से शंकर घोष और अलीपुरद्वार के कुमारग्राम से मनोज कुमार ओरांव को उत्तर बंगाल क्षेत्र से जगह दी गई। उत्तर बंगाल से मंत्रियों की कुल संख्या बढ़कर नौ हो गई। बंगाल की भाजपा सरकार में महिला मंत्रियों की कुल संख्या छह है, जो ममता बनर्जी नीत 2021 की मंत्रिपरिषद की नौ महिलाओं से कम है।

# भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार शुरू यूपी, उत्तराखंड के निर्यातकों को खासा फायदा

## केंद्रीय उद्योग मंत्री ने कहा-99.38 फीसदी ड्यूटी-फ्री सामान की 10 खेपें ओमान रवाना

**नई दिल्ली।** भारत और ओमान के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) सोमवार से लागू हो गया है। इसके तहत भारत के 99.38% निर्यात को ओमान में ड्यूटी-फ्री पहुंच मिलेगी। वहीं ओमान की 98.08% टैरिफ लाइनों पर शून्य-शुल्क पहुंच होगी। समझौते से यूपी, उत्तराखंड, गुजरात समेत 25 से अधिक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के निर्यात क्लस्टरों को लाभ मिलेगा। समझौते के एलान के साथ ही मुंबई, कोलकाता और चेन्नई से कृषि, रत्न एवं आभूषण की 10 खेपें ओमान रवाना हो गईं।

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व भारत में ओमान के राजदूत ईसा सालेह अल शिबानी ने सोमवार को समझौते का एलान किया। इसके जरिये कृषि, समुद्री उत्पाद, रत्न एवं आभूषण, फार्मास्यूटिकल्स, वस्त्र, प्लास्टिक, इंजीनियरिंग वस्तुएं, कपड़ा, फुटवियर और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों को पूर्ण शुल्क समाप्ति और निर्यात विस्तार का अवसर मिलेगा। अब भारतीय निर्यात निरीक्षण परिषद के प्रमाणपत्र ओमानी बंदरगाहों पर स्वीकार किए जाएंगे। माना जा रहा है कि मत्स्य, मांस, अंडे, समुद्री उत्पादों और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में शुल्क समाप्ति से भारत की स्थिति और मजबूत होगी। यह समझौता दक्षिण एशिया, खाड़ी क्षेत्र और पूर्वी अफ्रीका को जोड़ने वाला एक रणनीतिक आर्थिक गलियारा स्थापित करेगा। ब्यूरो

**किस राज्य को क्या फायदा :** यूपी के मुरादाबाद का पीतल उद्योग, कानपुर-आगरा का फुटवियर उद्योग, भदोही के कालीन, नोएडा के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद, कन्नौज के इत्र, मलिहाबाद के आम, तराई व पश्चिम क्षेत्र के बासमती चावल, मेरठ की खेल सामग्री आसानी से निर्यात हो सकेगी। **उत्तराखंड** से औषधियां, जैविक उत्पाद, **हिमाचल प्रदेश** से सेब व **जम्मू एवं कश्मीर** से पश्मीना, कालीन व केसर की ओमान में पहुंच होगी। **गुजरात** में सूरत के हीरे एवं आभूषण, राजकोट के इंजीनियरिंग उत्पाद,जामनगर के पीतल के पुर्जे एवं रिफाइनरी-संबद्ध उत्पाद, मोरबी के सिरेमिक उत्पाद व कच्छ के हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

## न्यूज डायरी

### राजकोषीय घाटा : 4.4 फीसदी का लक्ष्य हासिल

**नई दिल्ली।** सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में 4.4 फीसदी के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल कर लिया है। लेखा महानियंत्रक के आंकड़ों के मुताबिक, बीते वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा पहले 15,68,936 करोड़ अनुमानित था। इसे संशोधित कर 15,58,492 करोड़ किया गया था। बीते वित्त वर्ष सरकार ने 33.42 लाख करोड़ का राजस्व संग्रह किया, जो संशोधित बजट अनुमान का 98.8 फीसदी है। कुल खर्च 49.64 लाख करोड़ रहा। एजेंसी

### सोना 2,500 रुपये फिसला चांदी 5,000 रुपये सस्ती

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण वैश्विक स्तर पर आई गिरावट के कारण सोमवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोना 2,500 रुपये सस्ता होकर 1,60,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव बंद हुआ। चांदी भी 5,000 रुपये सस्ती होकर 2,69,700 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर आ गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना करीब एक फीसदी टूटकर 4,504.9 डॉलर प्रति औंस रहा। एजेंसी

### कच्चे तेल में उछाल से रुपया 34 पैसे कमजोर

**मुंबई।** डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को 34 पैसे टूटकर 95.19 पर बंद हुआ। अमेरिका और ईरान के बीच फिर से तनाव बढ़ने के बीच कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के कारण रुपये में गिरावट आई। इस्राइल-लेबनान तनाव से भी स्थानीय मुद्रा पर दबाव बढ़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.93 पर खुला। कारोबार के दौरान 94.73 का उच्च स्तर भी छुआ। एजेंसी

### बिजली मांग बढ़ने के बाद भी कोयला उत्पादन घटा

**नई दिल्ली।** बिजली की मांग बढ़ने के बावजूद कोल इंडिया का कोयला उत्पादन मई, 2026 में सालाना आधार पर 11.6 फीसदी बढ़कर 5.61 करोड़ टन रह गया। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का कोयला उत्पादन 6.35 करोड़ टन रहा था। वहीं, अप्रैल-मई में उत्पादन 10.6 फीसदी घट गया। हालांकि, कंपनी ने उत्पादन में गिरावट का कारण नहीं बताया। एजेंसी

#### जीएसटी संग्रह में 3.2 फीसदी की मामूली वृद्धि, घरेलू मोर्चे पर प्रदर्शन उम्मीद से कम

# रिकॉर्ड ऊंचाई के बाद सुस्त पड़ी जीएसटी संग्रह की रफ्तार, घरेलू राजस्व में गिरावट

बोनस डेस्क

**नई दिल्ली।** जीएसटी संग्रह के अप्रैल में 2.43 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद मई, 2026 में सुस्ती देखी गई। हालांकि, सालाना आधार पर इसमें 3.2 फीसदी की मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसमें महंगे आयात की बड़ी भूमिका है, जबकि घरेलू मोर्चे पर प्रदर्शन उम्मीद से कम रहा।

वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, मई में सकल जीएसटी संग्रह बढ़कर 1,94,184 लाख करोड़ पहुंच गया, वहीं सकल घरेलू संग्रह 2.6 फीसदी घटकर 1.34 लाख करोड़ रहा। अप्रैल में रिटर्न फाइलिंग और क्लोजिंग के चलते रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह हुआ था।

मई, 2025 में 1.88 लाख करोड़ के सकल जीएसटी संग्रह में स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए एक टेलीकॉम ऑपरेटर की ओर से किया गया 10,000 करोड़ का एकमुश्त भुगतान शामिल था। हालांकि, बीते माह ऐसा एकमुश्त भुगतान नहीं होने के कारण जीएसटी प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए समायोजित वृद्धि ही सही पैमाना है। घरेलू संग्रह में 37,397 करोड़ का केंद्रीय जीएसटी, 45,143 करोड़ का राज्य जीएसटी और 51,990 करोड़ का एकीकृत जीएसटी शामिल है।

**1.94** लाख करोड़ से अधिक रहा मई में राजस्व

**1.34 लाख करोड़** रह गया सकल घरेलू संग्रह

### ईरान संकट का असर

केपीएमजी के पार्टनर अभिषेक जैन ने कहा, सितंबर में दरों में की गई कटौती और ईरान संकट का असर भी अब घरेलू संग्रह की रफ्तार पर दिखने लगा है, जिससे मई में घरेलू मोर्चे पर वृद्धि उम्मीद से कम रही।




### सबसे ज्यादा संग्रह वाले पांच राज्य

| | |
|---|---|
| महाराष्ट्र | 29,141 |
| कर्नाटक | 13,130 |
| गुजरात | 11,206 |
| हरियाणा | 10,217 |
| तमिलनाडु | 9,834 |

(आंकड़े : करोड़ रुपये में)

उत्तर प्रदेश : 8,728 करोड़
दिल्ली : 8,525 करोड़ रुपये
पंजाब : 2,252 करोड़ रुपये

### आयात राजस्व : सालाना 19.1 फीसदी का उछाल

रिफंड समायोजन के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह 3.3 फीसदी बढ़कर 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा। इसके विपरीत, आयात से होने वाले राजस्व में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें आईजीएसटी से मिलने वाला सकल आयात राजस्व 59,654 करोड़ तक पहुंच गया। यह मई, 2025 में एकत्रित 50,070 करोड़ रुपये के मुकाबले 19.1 फीसदी की वृद्धि है।

### यूपीआई : आईपीएल की बदौलत रिकॉर्ड लेनदेन

यूपीआई के जरिये लेनदेन मूल्य और संख्या दोनों के लिहाज से मई में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। गर्मियों में यात्रा और



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की वजह से 29.90 लाख करोड़ रुपये के 23.2 अरब यूपीआई लेनदेन हुए। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में 29.03 लाख करोड़ रुपये के 22.35 अरब यूपीआई लेनदेन हुए थे।

■ **कैशफ्री पेमेंट्स के सह-संस्थापक एवं सीईओ आकाश सिन्हा ने कहा,** मई के आंकड़े मजबूत मांग के साथ सुधार और यूपीआई की निरंतर वृद्धि को दिखाते हैं।

### बिजली खपत : 11.55% बढ़ी

देश में पारा चढ़ने के साथ बिजली खपत मई में सालाना आधार पर 11.55 फीसदी बढ़कर 164.98 अरब यूनिट पहुंच गई। गर्मी से बचने के लिए एसी और कूलर जैसे उपकरणों के इस्तेमाल से बिजली खपत बढ़ी है। बीते माह बिजली की अधिकतम मांग बढ़कर 270.82 गीगावट के रिकॉर्ड ऊंचे स्तर पर पहुंच गई।

## विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां तीन महीने के शीर्ष पर



**नई दिल्ली।** घरेलू मांग, नए ऑर्डर में वृद्धि और बुनियादी ढांचे पर खर्च के दम पर विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां मई, 2026 में तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गईं। कच्चे तेल में उछाल के कारण उपजी महंगाई के दबाव के बीच एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधन सूचकांक (पीएमआई) बीते माह 55 पहुंच गया, जो अप्रैल में 54.7 था।

पीएमआई का यह आंकड़ा विनिर्माण क्षेत्र में विस्तार का संकेत है और पिछले तीन महीनों में सबसे मजबूत सुधार को दर्शाता है। सर्वे के मुताबिक, मई में कंपनियों को फरवरी के बाद सबसे तेजी से नए ऑर्डर मिले और उत्पादन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई।

एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री (इंडिया) प्रांजुल भंडारी ने कहा, ईरान संकट के बीच लागत बढ़ने के बाद भी कंपनियों ने कच्चे माल की खरीद बढ़ाई। घरेलू बाजार ने विनिर्माण वृद्धि को सर्वाधिक समर्थन दिया, जबकि निर्यात ऑर्डरों में बढ़ोतरी अपेक्षाकृत धीमी रही। इनपुट महंगाई अप्रैल के मुकाबले कुछ कम रही। एजेंसी

## ऊर्जा क्षेत्र में सुस्ती से औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार घटकर 4.9%

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच ऊर्जा क्षेत्र के सुस्त प्रदर्शन के कारण देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर अप्रैल, 2026 में सालाना आधार पर घटकर 4.9 फीसदी रह गई। अप्रैल, 2025 में औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार 5.7 फीसदी थी। हालांकि, मार्च, 2026 के 3.2 फीसदी की तुलना में औद्योगिक उत्पादन बढ़ा है।

यह आधार वर्ष में संशोधन कर 2011-12 से 2022-23 किए जाने के बाद औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) का पहला आंकड़ा है। वस्तुओं की संशोधित सूची में 1,042 उत्पाद शामिल हैं, जिन्हें 463 मद समूहों में वर्गीकृत किया गया है। इनमें 120 नए मद समूह शामिल हैं। यह आईआईपी के आधार वर्ष में 10वां संशोधन है। पहला आईआईपी 1937 को आधार वर्ष मानकर तैयार किया गया था।

### आधार वर्ष में संशोधन कर 2022-23 किए जाने के बाद आईआईपी का पहला आंकड़ा

बयान के मुताबिक, अप्रैल, 2026 में चार क्षेत्रों खनन-उत्खनन, विनिर्माण, बिजली-गैस आपूर्ति और जल आपूर्ति, दूषित जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन की वृद्धि क्रमशः (-) 5.1 फीसदी, 6.2 फीसदी, 4.9% और 6.6 फीसदी रही। एजेंसी

## पेट्रोल-डीजल महंगा होने के बाद भी नहीं रुकी कारों की बिक्री, मारुति और किआ ने बनाया नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** नए वित्त वर्ष की मजबूत शुरुआत को बरकरार रखते हुए वाहन उद्योग ने मई में भी शानदार प्रदर्शन किया है। पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दाम के कारण जहां एक तरफ छोटी कारों को खरीदने वालों का सेंटिमेंट प्रभावित हुआ है, वहीं दूसरी तरफ मारुति सुजुकी के मिनी और हैचबैक (कॉम्पेक्ट) सेगमेंट ने अप्रत्याशित रूप से रफ्तार पकड़कर सबको चौंका दिया है।

मई के बिक्री आंकड़ों में मारुति सुजुकी और किआ इंडिया ने अपनी अब तक की सबसे बड़ी मासिक बिक्री दर्ज की है। मारुति ने बीते माह रिकॉर्ड 1,93,535 कारें बेचीं, जो पिछले साल



मई के 1,38,690 इकाइयों से काफी ज्यादा है। कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (मार्केटिंग एंड सेल्स) पार्थो बनर्जी ने बताया, कि ईंधन की बढ़ती कीमतों के बावजूद हमने यात्री कारों की बिक्री में 42 फीसदी का उछाल दर्ज किया है। इसकी बड़ी वजह मारुति के वाहनों की कीमतों में जून से होने वाली 30,000 रुपये तक की संभावित वृद्धि से पहले की गई ताबड़तोड़ खरीदारी है। उधर, पेट्रोल की कीमतें बढ़ने के बाद मारुति की ऑल-इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा की बुकिंग दोगुनी होकर 4,000 इकाई के पार निकल गई है। सीएनजी गाड़ियों की बुकिंग में भी 1.4 गुना की बढ़ोतरी देखी गई।

टाटा मोटर्स की घरेलू बिक्री 42 फीसदी बढ़कर 59,090 इकाई पहुंच गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा की घरेलू बिक्री 11 फीसदी की बढ़त के साथ 58,021 यूनिट रही। ह्युंडई मोटर्स की बिक्री 9.1 फीसदी बढ़ गई। किआ ने 27,586 वाहन बेचे, जो सालाना आधार पर 23.6 फीसदी की वृद्धि है। ■ बोनस डेस्क

## एक्सप्लेनर

#### एल्युमीनियम की कीमतों में जोरदार उछाल

### महंगा एल्युमीनियम आपकी जेब पर कैसे डालेगा असर?

**आपूर्ति में बाधा और बढ़ती मांग के बीच क्यों भारतीय कंपनियों के लिए फायदेमंद है महंगा एल्युमीनियम?**

1950 के दशक के बाद एल्युमीनियम की कीमतों में जोरदार उछाल आया है। लंदन मेटल एक्सचेंज पर एल्युमीनियम का ताजा भाव 3695 डॉलर प्रति टन पर है। जनवरी से अबतक कीमतों में 25 फीसदी की तेजी आ चुकी है।

इस तेजी की मुख्य वजह एल्युमीनियम की बढ़ती मांग, उत्पादन में कटौती और परिवहन बाधाएं हैं। सीआरयू ग्रुप के अनुसार, कम स्टॉक स्तर और होर्मुज के लंबे समय तक बंद रहने से एल्युमीनियम की कीमतें 4,000 डॉलर प्रति टन तक पहुंच सकती हैं।

### क्यों महंगा हुआ एल्युमीनियम?

■ इंटरनेशनल एल्युमीनियम इंस्टीट्यूट के अनुसार, एक साल से वैश्विक एल्युमीनियम उत्पादन में गिरावट आ रही है, जबकि मांग लगातार बढ़ रही है। ईरान संकट ने बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों और गैस की भारी किल्लत की वजह से खाड़ी सहयोग परिषद देशों (बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात) से होने वाली एल्युमीनियम की वैश्विक आपूर्ति घटाकर आधी कर दी है। इन देशों की कैलेंडर वर्ष 2025 में वैश्विक एल्युमीनियम उत्पादन में 8.3 फीसदी हिस्सेदारी थी।



■ सबसे बड़े उत्पादक चीन ने अपना उत्पादन 4.55 करोड़ टन सालाना पर रोक रखा है। इस वजह से 2026 में एल्युमीनियम का वैश्विक आपूर्ति घाटा बढ़कर एक दशक के उच्चतम स्तर यानी 15 से 20 लाख टन तक पहुंचने की आशंका है। भारी कमी के इसी डर ने कीमतों को बढ़ा दिया है।

### भारतीय कंपनियों को दो वजहों से मिलेगा फायदा

■ क्रिसिल के मुताबिक, इस संकट ने हिंडाल्को, वेदांता एल्युमीनियम और बालको जैसी घरेलू कंपनियों को फायदे में लाकर खड़ा कर दिया है। इसके दो कारण हैं। **पहला...**वैश्विक कंपनियां महंगी गैस पर निर्भर हैं, जबकि भारतीय कंपनियों के पास अपने खुद के कोयला-आधारित बिजली संयंत्र हैं, जो स्मेल्टर्स के पास ही स्थित हैं। इससे उनकी बिजली लागत स्थिर है।

■ **दूसरा...**भारत में बॉक्साइट की प्रचुर उपलब्धता है। कंपनियां जरूरत का 85-90 फीसदी एल्युमिना खुद बनाती हैं, जिससे वे अंतरराष्ट्रीय कच्चे माल के उतार-चढ़ाव से पूरी तरह सुरक्षित हैं।

■ एल्युमीनियम महंगा होने से कंपनियों का ऑपरेटिंग मार्जिन इतिहास के सबसे ऊंचे स्तर 1,450 डॉलर प्रति टन पहुंच सकता है, जो पिछले दशक में 560 डॉलर था।

### कहां और कितना होगा असर?

विश्व बैंक के अनुसार, एल्युमीनियम आपूर्ति में बड़े झटके के कारण वैश्विक महंगाई 0.5 फीसदी तक बढ़ सकती है। पैकेजिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉयल पेपर एल्युमीनियम से ही बनते हैं। पैकेजिंग लागत बढ़ने से कंपनियां उत्पादों के दाम बढ़ा सकती हैं। ऑटोमोबाइल सेक्टर में एल्युमीनियम का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होता है, खासकर ई-वाहनों में। ऑटो कंपनियों की उत्पादन लागत बढ़ने का सीधा बोझ ग्राहकों पर पड़ेगा। इसके अलावा, अब घर के कंस्ट्रक्शन और इंटीरियर का बजट भी बढ़ जाएगा।

## एजुकेशन & कॅरिअर

हर दिन एक नई शुरुआत है, इसलिए आज को बेहतर बनाइए।

# इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में नौकरियां बेशुमार

*बारहवीं के बाद डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स के माध्यम से आप इस क्षेत्र में जल्दी कॅरिअर की शुरुआत कर सकते हैं*

**माधवेंद्र सिंह**
कॅरिअर एक्सपर्ट



आज का युग स्मार्ट तकनीक का है, जहां स्मार्टफोन, ईवी, स्मार्ट होम डिवाइस और रोबोटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकों की आधारशिला इलेक्ट्रॉनिक्स है। बारहवीं के बाद छात्र डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में जल्दी कॅरिअर की शुरुआत कर सकते हैं। नई तकनीकों, इलेक्ट्रॉनिक सर्किट्स और मशीनों में रुचि रखने वालों के लिए यह सेक्टर रोजगार और कॅरिअर विकास के उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है।

■ **12वीं के बाद करें**

अक्सर छात्रों को लगता है कि इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में कॅरिअर बनाने के लिए केवल बीटेक ही एकमात्र विकल्प है, जबकि ऐसा नहीं है। इस क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग जैसे डिग्री कोर्स तथा तीन वर्षीय पॉलिटेक्निक डिप्लोमा के कई विकल्प उपलब्ध हैं। इसके अलावा, इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा प्रमाणित शॉर्ट-टर्म कोर्स जैसे स्मार्टफोन रिपेयरिंग, सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, पीसीबी डिजाइनिंग और वीएलएसआई भी किए जा सकते हैं। ये कोर्स छह महीने से एक साल तक के होते हैं और छात्रों को जल्दी रोजगार के लिए तैयार करते हैं।

■ **किताबी ज्ञान जरूरी नहीं**

इस क्षेत्र में सफलता केवल किताबी ज्ञान से नहीं, बल्कि व्यावहारिक कौशल और हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग से मिलती है। इसलिए उद्योग की जरूरतों के अनुरूप स्किल-आधारित कोर्स और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भी अपनाएं। साथ ही, इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट्स और प्रैक्टिकल अनुभव आपको न केवल बेहतर प्रोफेशनल बनाते हैं, बल्कि नौकरी के अवसर भी बढ़ाते हैं।

■ **दुनिया भर में मांग**

इलेक्ट्रॉनिक्स अब केवल टीवी और रेडियो तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक कॅरिअर क्षेत्र बन चुका है, जहां भारतीय विशेषज्ञों की मांग अमेरिका, जर्मनी, जापान और ताइवान जैसे देशों में बढ़ रही है। इसमें सेमीकंडक्टर, चिप डिजाइन, इलेक्ट्रिक वाहन टेक्नोलॉजी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स ड्रोन और 5जी जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग, ईवी बाजार और स्मार्ट डिवाइसेज की बढ़ती मांग के कारण इस सेक्टर में रोजगार के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं।

- *इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में तकनीशियन, सर्विस इंजीनियर, प्रोडक्शन और मेंटेनेंस जैसे कई रोजगार के विकल्प उपलब्ध हैं।*
- *डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स के जरिये बिना इंजीनियरिंग डिग्री के भी इस क्षेत्र में प्रवेश किया जा सकता है।*
- *सही प्रशिक्षण और तकनीकी कौशल हासिल कर आप जल्दी नौकरी पाकर उद्योग का हिस्सा बन सकते हैं।*

■ **अनुभव के आधार पर वेतन**

इस क्षेत्र में वेतन आपकी योग्यता और कौशल पर निर्भर करता है। आमतौर पर फ्रेशर इंजीनियर या डिप्लोमा धारक तीन से छह लाख रुपये प्रतिवर्ष से कॅरिअर शुरू कर सकते हैं। वहीं सेमीकंडक्टर और चिप डिजाइन जैसे क्षेत्रों में शुरुआती वेतन 8 से 15 लाख रुपये प्रतिवर्ष तक हो सकता है। अनुभव बढ़ने के साथ कुछ वर्षों में आमदनी प्रतिवर्ष 20 से 40 लाख रुपये या उससे अधिक तक पहुंच सकती है।

### आवेदन आमंत्रित

#### सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो इंडिया-2026

- **पात्र के लिए :** आप एक साहसिक विचार रखने वाले स्कूली छात्र हों या एक कार्यशील प्रोटोटाइप रखने वाले कॉलेज के छात्र हों।
- **आयु-सीमा :** आयु 14 से 22 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
- **अंतिम तिथि :** 03 जुलाई, 2026
- **आवेदन लिंक :** samsung.com/in/solvefortomorrow/

### अंतरराष्ट्रीय पहल

#### फोटो कॉन्टेस्ट-2026

- **संस्थान :** एसपीआईई
- **आयु-सीमा :** 18 वर्ष या उससे अधिक
- **पुरस्कार :** पहला स्थान: 2,500 डॉलर, दूसरा स्थान: 1,000 डॉलर, तीसरा स्थान: 500 डॉलर व सर्वश्रेष्ठ विज्ञान पुरस्कार के लिए : 1,000 अमेरिकी डॉलर
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** 16 सितंबर, 2026
- **आधिकारिक वेबसाइट :** tinyurl.com/bd44ra59

### एग्जाम अलर्ट

#### एनटीए जिपमैट परीक्षा-2026

- **परीक्षा की तिथि :** 07 जून, 2026
- यह परीक्षा सीबीटी मोड में आयोजित की जाएगी। इसमें क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड, डाटा इंटरप्रिटेशन और लॉजिकल रीजनिंग व वर्बल एबिलिटी और रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन से 400 अंकों के 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा की अवधि दो घंटे 30 मिनट निर्धारित है।
- **यहां से परीक्षा केंद्र की जानकारी प्राप्त करें** tinyurl.com/mubxhk44

#### बीएसईबी बिहार डीईएलएड परीक्षा-2026

- **परीक्षा की तिथि :** 08-22 जून, 2026
- इस परीक्षा में सामान्य हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, सामान्य अंग्रेजी व तार्किक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता से 120 अंकों के 120 प्रश्न पूछे जाएंगे। इन प्रश्नों को हल करने के लिए ढाई घंटे का समय दिया जाएगा।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें** tinyurl.com/4axrm5x2

### सामान्य ज्ञान

#### स्काईकास्ट प्रणाली

■ **क्या है**

स्काईकास्ट एक आधुनिक मौसम निगरानी प्रणाली है, जो हवाई अड्डों पर मौसम की सटीक और त्वरित जानकारी प्रदान करती है। इससे पायलटों और हवाई यातायात नियंत्रकों को बेहतर निर्णय लेने में मदद मिलती है।

■ **चर्चा में क्यों**

हाल ही में, केंद्रीय मंत्री ने नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर भारत की पहली 'स्काईकास्ट' मौसम निगरानी प्रणाली शुरू की।

#### किल स्विच

■ **क्या है**

यह एक आपातकालीन सुरक्षा सुविधा है, जो धोखाधड़ी या खतरे की स्थिति में बैंकिंग और डिजिटल भुगतान लेनदेन को तुरंत रोक देती है। यूजर इसे मोबाइल बैंकिंग एप, एसएमएस या टोल-फ्री सेवा के माध्यम से सक्रिय कर सकते हैं।

■ **चर्चा में क्यों**

भारतीय रिजर्व बैंक एक ऐसी सुविधा शुरू करने पर विचार कर रहा है, जिससे लोग अपनी डिजिटल भुगतान सेवाओं को जरूरत पड़ने पर चालू या बंद कर सकें।

## अमर उजाला Job Alert

Real-time job alerts amarujala.com/jobs

### दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड

जूनियर साइंटिफिक असिस्टेंट व अन्य पदों पर रिक्तियां



**1979 पद**

आवेदन की अंतिम तिथि : 15 जुलाई, 2026
पात्रताएं : मास्टर डिग्री व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें : dsssb.delhi.gov.in

### राजस्थान लोक सेवा आयोग ■ 607 पद

प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा व अन्य पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि : 03 जुलाई, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम 21 वर्ष व अधिकतम 40 वर्ष
यहां आवेदन करें : rpsc.rajasthan.gov.in

### संघ लोक सेवा आयोग ■ 451 पद

संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) परीक्षा-II, 2026
आवेदन की अंतिम तिथि : 09 जून, 2026
पात्रताएं : ग्रेजुएशन व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें : upsc.gov.in

### राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण ■ 106 पद

ज्वाइंट रजिस्ट्रार, ड्राइवर व अन्य पदों पर करें आवेदन
आवेदन की अंतिम तिथि : 20 जुलाई, 2026
वेतनमान : रुपये 19,900 - रुपये 2,15,900 तक
यहां आवेदन करें : nclt.gov.in

### हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड ■ 70 पद

मैनेजर, डिप्टी मैनेजर व अन्य पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि : 25 जून, 2026
वेतनमान : रुपये 50,000 से रुपये 2,00,000 प्रतिमाह
यहां आवेदन करें : hindustancopper.com

### बीपीसीएल में संभावनाएं ■ 55 पद

अनुभवी पेशेवर के पदों पर आवेदन आमंत्रित
आवेदन की अंतिम तिथि : 20 जून, 2026
पात्रताएं : स्नातक, बीई, बीटेक व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें : bharatpetroleum.in

### विभिन्न पदों के लिए विज्ञापन जारी...

डिवीजन ऑफ जेनेटिक्स, धारवाड़ : कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता के पदों पर निकली भर्ती।
■ आवेदन की अंतिम तिथि : 12 जून, 2026
■ iari.res.in

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली : वरिष्ठ सलाहकार का पद खाली।
■ आवेदन की अंतिम तिथि : 18 जून, 2026
■ ndma.gov.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

## आज का दिन

2 जून, 2014

दशकों लंबे जन आंदोलन और संघर्ष के बाद इसी दिन तेलंगाना आधिकारिक तौर पर आंध्र प्रदेश से अलग होकर भारत का 29 वां राज्य बना था।



■ **1886 :** फ्रांसिस फॉल्सम ने अमेरिकी राष्ट्रपति ग्रोवर क्लीवलैंड से विवाह किया था।
■ **1946 :** इटली ने जनमत-संग्रह के जरिये गणतंत्र बनने का फैसला किया।
■ **1956 :** फिल्म निर्माता-निर्देशक मणिरत्नम का जन्म हुआ था।
■ **1978 :** पद्मभूषण से सम्मानित भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्राण कृष्ण पारिजा का निधन हुआ।

### व्रत त्योहार

**आज :** द्वितीय ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वितीया।
**कल :** ग्रीष्म ऋतु, सूर्य उत्तरायणे, उत्तर गोले।
**राहुकाल :** दिन में 12.00 से 13.30 तक।

■ सूर्योदय : 05.28
■ सूर्यास्त : 19.10
(भारतीय मानक समयानुसार)

### कल का पंचांग

**विक्रमी संवत** 2083, 13 ज्येष्ठ मास शक 1948, ज्येष्ठ मास 20 प्रविष्टे, 16 जिल्हेज हिजरी 1447, द्वितीय ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया 21.21 तक उपरांत चतुर्थी, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र 24.59 तक उपरांत उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, शुभ योग 08.11 तक उपरांत शुक्ल योग, वणिज करण 08.11 तक उपरांत विष्टि (भद्रा) करण, चंद्रमा धनु राशि में दिन रात।

## राशिफल

amarujala.com/astrology
■ पं. विनोद त्यागी

**मेष :** प्रभावी व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। सरकारी कार्य में परेशानी संभव है। व्यवसाय में यथेष्ट धन लाभ होगा।

**वृष :** मानसिक उलझन बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति अनुकूल रहेगी। नौकरी में सावधानी बरतें।

**मिथुन :** बेरोजगारी से मुक्ति मिल सकती है। पूर्वनियोजित कार्य में व्यस्त रहेंगे। नौकरी में सम्मान बना रहेगा।

**कर्क :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में उन्नति का अवसर मिल सकता है। विरोधी से सचेत रहें।

**सिंह :** भाग्य सहयक रहेगा। राजकाज में सफलता मिलेगी। नौकरी में उन्नति के संकेत मिलेंगे। यात्रा हो सकती है।

**कन्या :** सहोदरों से निराशा होगी। नए कार्य में व्यस्त रहेंगे। नौकरी में नई जिम्मेदारी आ सकती है।

**तुला :** मानसिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। नौकरी में अधिकारी अनुकूल रहेंगे। मित्र वर्ग का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** भाग्य सहायक रहेगा। नौकरी में अनुकूल स्थानांतरण संभव है। भावनात्मक निर्णय लेने से बचें।

**धनु :** व्यक्तिगत संबंध सहायक रहेंगे। अनुकूल सूचना मिल सकती है। नौकरी में स्थिति सुखद रहेगी।

**मकर :** आत्मबल बना रहेगा। नई योजना में व्यस्त रहेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं।

**कुंभ :** दिनचर्या संतुलित रहेगी। व्यक्तिगत संबंध सहायक रहेंगे। कार्यक्षेत्र में सम्मान बना रहेगा।

**मीन :** पूर्व में किए श्रम का लाभ मिलेगा। नौकरी में अधिकारी अनुकूल रहेंगे। बीमा आदि से अर्थ प्राप्ति हो सकती है।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | 2 | 3 | | | 8 | |
| | | 3 | 8 | | | | 6 | |
| | | | | 5 | | | 7 | |
| 8 | | | 7 | | | 5 | | 3 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 5 | | | 3 | | | 8 |
| | 4 | | | 7 | | | | |
| | 9 | | | | 5 | 1 | | |
| | 3 | | | 8 | 1 | 6 | | |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

**उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 1 | 2 | 3 | 8 | 9 | 7 | 4 | 6 | 5 |
| 9 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 2 | 9 | 5 | 1 | 3 |
| 3 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 4 | 6 |
| 2 | 1 | 5 | 4 | 6 | 3 | 7 | 9 | 8 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 6 | 5 | 4 |

2026 IPL

**वैभव में सचिन, कोहली, गावस्कर जैसा कौशल**

1983 विश्वकप विजेता मदन लाल ने वैभव सूर्यवंशी की तारीफ करते हुए कहा, उनकी सोच और कौशल सचिन, विराट, कपिल और गावस्कर जैसे दिग्गजों से मेल खाते हैं। ऐसे खिलाड़ी सदी में एक बार आते हैं। उन्होंने कहा, महान बनने के लिए वैभव को टेस्ट क्रिकेट में साबित करना होगा। पूर्व क्रिकेटर ने कहा, कोई सूर्यवंशी जैसी बल्लेबाजी नहीं कर सकता।



# उपलब्धियों के वैभव से उम्मीदें बेशुमार

## आईपीएल-2026 : सूर्यवंशी, रासिख, साकिब, हिंगे कार्तिक जैसे युवा भारतीय क्रिकेट की नई आशा बने | विराट, भुवनेश्वर, शमी, क्रुणाल जैसे दिग्गजों ने किया साबित...अभी इन बाजुओं में बहुत दम है

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 19वां संस्करण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया, लेकिन इसने अपने पीछे कई वैभवशाली उपलब्धियां छोड़ी हैं। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने के साथ ही कई कीर्तिमान अपने नाम करने वाले 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी भारतीय क्रिकेट के लिए बड़ी उम्मीद बनकर उभरे हैं। इसके अलावा रासिख सलाम, साकिब हुसैन, प्रफुल्ल हिंगे, प्रिंस यादव, कार्तिक शर्मा, उर्विल पटेल, कार्तिक त्यागी, मोहसिन खान, प्रियांश आर्या, प्रभसिमरन सिंह जैसे युवा टीम इंडिया के लिए नई रोशनी बनकर जगमगाए हैं। उभरते युवा जोश के बीच चेज मास्टर किंग कोहली, स्विंग स्टार भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी और क्रुणाल पंड्या जैसे दिग्गजों ने फिर साबित किया है कि इनके बाजुओं में अभी बहुत दम बाकी है।

युवा पीढ़ी और पुराने खिलाड़ियों के बीच शुभमन गिल और साई सुदर्शन के लिए आईपीएल-2026 टी-20 क्रिकेट में वापसी की संजीवनी बन सकता है। आईपीएल से पहले तक शुभमन टी-20 में रनों के लिए जूझ रहे थे, जिसकी वजह से उन्हें टी-20 विश्वकप से बाहर होने के साथ ही अपनी उपकप्तानी गंवानी पड़ी। इस सत्र में गिल ने एक शतक और छह अर्धशतक की मदद से 732 रन बनाकर भारतीय टीम में वापसी का दावा ठोका है। सुदर्शन ने 722 रन बनाए, जिससे उन्हें फॉर्म वापसी में मदद मिली है। -खेल डेस्क



### संभावनाओं का बेबी बॉस

टी-20 क्रिकेट के सिक्सर किंग और बिग बॉस कहलाने वाले क्रिस गेल के आईपीएल के एक सत्र में 59 छक्के के साथ ही अन्य रिकॉर्ड अपने नाम करने वाले वैभव सूर्यवंशी टी-20 क्रिकेट के बेबी बॉस बन गए हैं।

- वैभव ने एक शतक और पांच अर्धशतक लगाए। इनमें 72 छक्कों का नया कीर्तिमान बनाया। सचिन तेंदुलकर सहित दुनिया के तमाम दिग्गज वैभव को निकट भविष्य में टी-20 के साथ ही भारत की टेस्ट और वनडे टीम में भी देखना चाहते हैं।
- आईपीएल फाइनल के दौरान अपने पुरस्कार लेने के लिए आए वैभव ने कहा, वह लंबे समय तक क्रिकेट खेलना चाहते हैं। इसके लिए फिटनेस पर भी ध्यान दे रहे हैं।

**327** गेंदों का सामना कर 16 मैचों में वैभव सूर्यवंशी ने 237.30 के स्ट्राइक रेट से **776 रन बनाकर ऑरेंज कैप जीती**

### दिग्गजों के बीच चमके रासिख

जम्मू-कश्मीर के 26 वर्षीय युवा रासिख सलाम डार पूर्व में कोलकाता नाइटराइडर्स, दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के लिए भी खेल चुके हैं, लेकिन उनकी असल प्रतिभा इस बार आरसीबी को खिताबी जीत दिलाने के साथ निखरी है।



- रासिख ने कुल 25 आईपीएल मैच खेले हैं, जिनमें 29 विकेट उनके खाते में हैं। इन्हीं में से इस साल उन्होंने 12 मैचों में 19 विकेट चटकाए, जिससे वह भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड जैसे दिग्गज पेसरों के बीच जुगनू की तरह अपनी चमक बिखेरने में सफल रहे। रासिख ने लखनऊ के खिलाफ चार विकेट लिए, तो दो बार तीन-तीन विकेट चटकाकर टीम के लिए सबसे उपयोगी साबित हुए। इनमें फाइनल के तीन विकेट भी शामिल हैं।

### और विराट हुए किंग कोहली

विराट कोहली के लिए रनों के लिहाज से सबसे सफल टूर्नामेंट 2016 था, जिसमें उन्होंने 152.03 के स्ट्राइक रेट 973 रन बनाए थे। इस बार उन्होंने 675 रन ही बनाए, लेकिन रन बनाने की गति बढ़ा दी। फाइनल में उन्होंने 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 25 गेंद में अपना अब तक का सबसे तेज अर्धशतक पूरा किया।

- **19 संस्करणों में खेले 283 मैचों में विराट का औसत स्ट्राइक रेट 134.79 है, लेकिन 2026 में उन्होंने 165.84 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।**

### भुवनेश्वर की वॉबली सीम का धमाल

इस टूर्नामेंट में एक विकेट से पर्पल कैप हासिल करने से चूके 36 वर्षीय अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने जिस अंदाज में गेंदबाजी की उससे उन्होंने भारतीय टीम के चयनकर्ताओं को सोचने पर जरूर मजबूर किया होगा कि क्यों न इस खिलाड़ी की वापसी करा दी जाए। दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने बकायदा सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि भुवनेश्वर कुमार ने अपनी परंपरागत स्विंग गेंदबाजी में आंशिक सुधार किया, जिससे बल्लेबाज उनकी गेंद को ठीक से समझ नहीं पाए। भुवी की इस गेंद को वॉबली सीम नाम दिया गया है। **भुवनेश्वर ने 7.95 की इकोनॉमी से 28 विकेट लिए।**

### इन खिलाड़ियों की निखरी प्रतिभा

- **कार्तिक त्यागी :** कोलकाता के लिए 14 मैचों में 9.76 की इकोनॉमी से 18 विकेट लेकर 9वें नंबर पर रहे।
- **प्रिंस यादव :** इंडिया ए टीम में शामिल हुए लखनऊ के प्रिंस यादव ने 8.82 की इकोनॉमी से 16 विकेट लिए।
- **साकिब हुसैन व प्रफुल्ल हिंगे :** हैदराबाद के इन गेंदबाजों ने बीच टूर्नामेंट में पदार्पण किया। हर्षल पटेल व जयदेव उनादकट पर वरीयता मिली। साकिब ने 11 मैच में 15 व प्रफुल्ल ने 7 मैचों में 14 विकेट लिए।
- **प्रभसिमरन सिंह :** पंजाब के इस ओपनर ने 192.69 के स्ट्राइक रेट से 510 रन बनाए हैं। इंडिया ए की टीम में भी जगह मिली है।
- **प्रियांश आर्य :** पंजाब के दूसरे युवा ओपनर ने 211.62 के स्ट्राइक रेट से 364 रन बनाए।
- **अंगकृष रघुवंशी :** कोलकाता के विकेटकीपर बल्लेबाज ने 146.52 के स्ट्राइक रेट से 422 रन बनाए।

### इन्होंने किया निराश

*लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत, मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या, मुंबई के ही मिस्टर 360 सूर्यकुमार यादव, दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल, कुलदीप यादव सहित कुछ नामी खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के अनुरूप टूर्नामेंट में प्रदर्शन नहीं कर सके। इनकी टीमें भी फिसड्डी रहीं। ऋषभ को तो कप्तानी भी छोड़नी पड़ी है।*

**आईसीसी बोर्ड के बड़े फैसले**

## रोशनी बाधा बनी तो गुलाबी गेंद से पूरा होगा टेस्ट मैच

**अहमदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बोर्ड की यहां हुई दो दिवसीय बैठक के दौरान खराब रोशनी से प्रभावित टेस्ट मैचों में गुलाबी गेंद के इस्तेमाल करने सहित कई अहम फैसलों को मंजूरी दी गई। अब यदि टेस्ट मैच में रोशनी बाधा बनती है, तो फ्लडलाइट में गुलाबी गेंद से मैच पूरा कराया जा सकता है। उदाहरण के लिए 75 ओवर लाल गेंद से खेलने के बाद रोशनी कम हो जाती है, तो बाकी के 15 ओवर कृत्रिम रोशनी में गुलाबी गेंद से पूरे हो सकते हैं। हालांकि, इसके लिए सीरीज शुरू होने से पहले दोनों टीमों को सहमति देनी होगी। एजेंसी



### इन फैसलों पर भी मुहर

- अब टेस्ट में ड्रिंक ब्रेक के दौरान मुख्य कोच मैदान पर जाकर रणनीति बना सकेंगे।
- अवैध गेंदबाजी एक्शन पर नजर रखने के लिए मैदानी अंपायरों को हॉक आई डाटा का उपयोग करने दिया जाएगा।
- बोर्ड ने लेग साइड बाइज ट्रायल को स्थायी रूप से अपनाने को मंजूरी दी। उक्त नियम 1 अक्तूबर, 2026 से लागू होंगे।
- आईपीएल समेत अन्य प्रमुख फ्रेंचाइजी और आईसीसी के कार्यक्रमों में संतुलन बनाने के लिए कमेटी गठित होगी, जिससे खिलाड़ी अधिक से अधिक टूर्नामेंट खेल सकें।

**क्रिकेट कनाडा निलंबित...** भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे क्रिकेट कनाडा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। खिलाड़ियों का नुकसान न हो, इसके लिए टीम को आईसीसी के आयोजनों में हिस्सा लेने की अनुमति होगी। साथ ही बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के चुनाव की निगरानी की जाएगी।

**महिला क्रिकेट :** आईसीसी महिला चैंपियंस ट्रॉफी 2027 अब जून-जुलाई के बजाय 14-28 फरवरी के बीच होगी। आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी 2026 में 10 टीमें होंगी। 5 फुल व 5 एसोसिएट मेंबर्स की टीमें शामिल होंगी। टीमों का चयन रैंकिंग और पिछले टी-20 विश्वकप क्वालिफिकेशन के आधार पर किया जाएगा।

**न्यूज डायरी**

### प्रिस्टिना फीडर में दो स्वर्ण जीत दिव्यांशी ने रचा इतिहास

**प्रिस्टिना।** भारत की 15 वर्षीय टेबल टेनिस खिलाड़ी दिव्यांशी भौमिक ने डब्ल्यूटीटी प्रिस्टिना फीडर सीरीज में महिला एकल का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। वह खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय खिलाड़ी बनीं। विश्व रैंकिंग में 211वें स्थान पर मौजूद दिव्यांशी ने विश्व 38 नंबर की ताइवान की यी-टियान को 8-11, 11-8, 11-5, 7-11, 11-7 से हराया। दिव्यांशी ने सिंड्रेला दास के साथ महिला युगल में भी स्वर्ण जीता। एजेंसी

### टिम डेविड एक मैच के लिए निलंबित, 50 फीसदी जुर्माना

**अहमदाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू के बल्लेबाज टिम डेविड को आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए अगले सत्र के एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है। उन पर मैच फीस का 50 फीसदी जुर्माना भी किया गया है। गुजरात के खिलाफ फाइनल के दौरान डेविड ने अंपायर नितिन मेनन की ओर गुस्से में आकर आइस बैग फेंक दिया था। डेविड ने तीन बार इस सत्र में आईपीएल नियमों का उल्लंघन किया था। एजेंसी

### चार साल बाद 44 साल की उम्र में वापसी करेंगी सेरेना

**पेरिस।** 23 बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन सेरेना विलियम्स चार साल बाद टेनिस में वापसी कर रही हैं। 44 वर्षीय सेरेना ने 8 जून से शुरू हो रहे क्वींस क्लब ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट के युगल वर्ग में वाइल्ड कार्ड स्वीकार किया है। सेरेना ने इससे पहले अपना आखिरी मैच 2022 यूएस ओपन में खेला था। सेरेना की वापसी 29 जून से होने वाले विंबलडन की तैयारी भी मानी जा रही है, जहां उन्होंने 7 एकल खिताब जीते हैं। एजेंसी

## पुराने कोच बोए से जुड़े सात्विक-चिराग

### दो विदेशी कोच संग एशियाड-विश्व चैंपियनशिप की करेंगे तैयारी

**नई दिल्ली।** सिंगापुर ओपन जीतकर आ रही भारतीय बैडमिंटन जोड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने पूर्व विश्व नंबर एक और अपने पुराने कोच डेनमार्क के मथायस बोए को फिर अपने साथ जोड़ लिया है। पेरिस ओलंपिक के बाद बोए कोचिंग से संन्यास की घोषणा करते हुए भारतीय टीम से अलग हो गए थे।



उसके बाद बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बाई) ने मलयेशिया के तान किम हर को भारतीय टीम का डबल्स कोच बनाया। अब सात्विक-चिराग ने एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप की तैयारियों के लिए बोए को फिर साथ जोड़ने का प्रस्ताव बाई और टॉप्स को दिया है। बाई और टॉप्स में तान के रहते बोए को लाने पर सहमति नहीं बन पाई है। दोनों ने विश्व चैंपियनशिप तक बोए को चार लाख रुपये प्रति माह की राशि में साथ जोड़ने का प्रस्ताव दिया है। ब्यूरो

### विश्व चैंपियनशिप में साथ जाएंगे

सात्विक-चिराग हैदराबाद में तान के साथ कोचिंग करेंगे, जबकि बोए, तान के साथ मिलकर उनकी तैयारियों की रूपरेखा खींचेंगे। साथ ही ऑनलाइन सेशन भी लेंगे। उनके मैचों का वीडियो विश्लेषण और टूर्नामेंट में विरोधियों का विश्लेषण करेंगे। सप्ताह में दो दिन बोए हैदराबाद जाएंगे, जहां वह एक स्पारिंग पार्टनर के रूप में भी काम करेंगे। सात्विक-चिराग ने बोए को चाइना ओपन और सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के दौरान अपने साथ रहने का भी फैसला लिया है।

### अभी संघ से नहीं मिली मंजूरी

फिलहाल भारतीय बैडमिंटन संघ ने बोए के साथ सात्विक और चिराग को तैयारी करने की मंजूरी प्रदान नहीं की है। टॉप्स में भी तान के रहते दूसरा विदेशी कोच जोड़ने पर सहमति नहीं बन पा रही है। हालांकि, बोए ने सोशल मीडिया पर खुलासा किया कि वह अप्रैल में ही सात्विक-चिराग के साथ तरीके से जुड़ गए थे।

## भारत को निराशा चारों खिलाड़ी हारे

**नॉर्वे चेस**

**ओस्लो।** नॉर्वे शतरंज के छठे दौर में भारतीय चौकड़ी को करारी हार मिली। विश्व चैंपियन डी. गुकेश, विन्सेंट कीमर से हार गए, जबकि प्रगनानंदा को वेस्ले सो के खिलाफ क्लासिकल गेम में हार मिली। कार्लसन से मिली हार के साथ अलीरेजा फिरोजा दूसरे स्थान पर फिसल गए और वेस्ले सो 11.5 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गए, जबकि गुकेश (6.5) पांचवें व प्रगनानंदा (6 अंक) छठे स्थान पर हैं। महिलाओं में शीर्ष पर चल रहीं दिव्या देशमुख (8.5) विश्व चैंपियन जू वेनजुन (8) से टाईब्रेकर में हारकर दूसरे स्थान पर फिसलीं। कोनेरू हंपी (5.5) को हराकर बिबिसारा (9.5 अंक) फिर शीर्ष पर आ गई हैं। एजेंसी

## भारत के बालाजी पहली बार ग्रैंडस्लैम के क्वार्टरफाइनल में

**फ्रेंच ओपन**

**पेरिस।** भारत के टेनिस खिलाड़ी एन. श्रीराम बालाजी अपने ब्राजीली जोड़ीदार मार्सेलो डेमोलिनर के साथ फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। बालाजी पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के अंतिम-8 में पहुंचे हैं।

इस गैरवरीय जोड़ी ने सोमवार को छठी वरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज को 7-5, 6-4 से हराया। अब वे दूसरी वरीय फिनलैंड के हैरी हेलियोवारा और ब्रिटेन के हेनरी पैटन से भिड़ेंगे। जूनियर वर्ग में अर्नव पापरकर ने क्वान-शौ को 6-2, 6-4 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया। एजेंसी



श्रीराम बालाजी

### आगासी-अल्कारेज के क्लब में शामिल फोंसेका और जोडार

19 वर्षीय जोआओ फोंसेका व राफेल जोडार सदी के दूसरे किशोर जोड़े बने हैं, जिन्होंने ग्रैंडस्लैम पुरुष एकल के अंतिम-8 में जगह बनाई। 1988 में आंद्रे आगासी और पेरेज रोल्डन को मिलाकर पांच जोड़ियां ऐसा किया है। कार्लोस अल्कारेज और होल्गर रून ने 2022 में ऐसा किया था।

## इंग्लैंड से सीरीज जीतने उतरेंगी बेटियां

**तीसरा टी-20**

**टॉनटन।** इंग्लैंड में 12 जून से शुरू होने वाले टी-20 विश्वकप से पहले आखिरी सीरीज खेल रही भारतीय महिला टीम इंग्लैंड को सीरीज हराने के इरादे से मंगलवार को तीसरे और निर्णायक मैच में उतरेगी। भारतीय टीम अपने मध्यक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करना चाहेगी। दीप्ति शर्मा और रिचा घोष पर खास नजर रहेगी।

पहले दो मैचों में यस्तिका भाटिया और जेमिमा रोड्रिग्स ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अंतिम पांच ओवरों में भारतीय बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। कप्तान हरमनप्रीत कौर को अंत तक बल्लेबाजी कर स्कोर 190-200 के करीब ले जाने की जिम्मेदारी उठानी होगी। एजेंसी

## आखिरकार भारतीय प्रशंसक भी देख सकेंगे फुटबाल विश्वकप

**नई दिल्ली।** भारत के फुटबाल प्रशंसकों के लिए बड़ी राहत की खबर है। 11 जून से शुरू हो रहे विश्वकप को लोग भारत में भी लाइव देख सकेंगे। फीफा और जी के बीच सोमवार को 2026 विश्वकप के प्रसारण अधिकारों पर समझौता हो गया। सूत्रों के अनुसार, यह सौदा करीब 285 करोड़ रुपये में हुआ है। दरअसल, अमेरिका में होने वाले टूर्नामेंट के मुकाबले भारतीय समयानुसार रात में होंगे। इसलिए कोई प्लेटफॉर्म फीफा से सौदा करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा था। यह समझौता 2034 तक के प्रमुख फीफा टूर्नामेंट को कवर करता है, जिसमें 2030 विश्वकप व 2027 महिला विश्वकप भी शामिल है। एजेंसी

**फीफा 2026** किसी को पहली बार है ट्रॉफी जीतनी तो कोई फिर चैंपियन बनने की रखे है आस

## विश्वकप के सात सबसे बड़े दावेदार...उतरेंगे जोश के साथ

**10 दिन शेष**

**नई दिल्ली।** फुटबाल का महाकुंभ शुरू होने में दो हफ्ते भी नहीं बचे हैं। फीफा विश्वकप 2026 इस बार उत्तरी अमेरिकी धरती पर होने जा रहा है, जहां 11 जून से अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा पहली बार टूर्नामेंट में 48 टीमों की संयुक्त मेजबानी करेंगे। खिताब जीतने को लेकर हर टीम के अपने-अपने दावे हैं। किसी का सपना पहली बार ट्रॉफी हासिल करना है तो कई पूर्व चैंपियन फिर से ट्रॉफी को हाथ में उठाना चाहते हैं। टीमों के समर्थन या विपक्ष में विशेषज्ञ भी अपनी-अपनी राय दे रहे हैं। ऐसे में सबसे बड़ी दावेदार मानी जा रहीं टीमों के हालिया प्रदर्शन पर एक नजर। - खेल डेस्क




2018 की विजेता फ्रांस बड़ी दावेदार।

**फ्रांस (विश्व रैंकिंग-01) :** पिछले 7 विश्वकप में दो बार चैंपियन और दो बार रनरअप रही। दोनों फाइनल शूटआउट में हारे। टीम की नजर कोच डेसचैम्प्स को विजयी विदाई देने पर है। टीम पिछले 7 जून से लागातार 8 मैच से अपराजेय है।

**स्पेन (विश्व रैंकिंग-02) :** साल 2010 की चैंपियन स्पेन ने यूरो 2024 जीतने के बाद कोई मैच नहीं हारा है। हालांकि, यूरोपीय चैंपियन के प्रमुख खिलाड़ी चोटिल हैं। कोच लुइस फुएंते की टीम में अनुभव और युवा जोश का मिश्रण है।

**अर्जेंटीना (विश्व रैंकिंग-03) :** मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना के पास लियोनेल मेसी हैं। अमेरिका में ही इंटर मियामी के लिए मेसी ने 13 एमएलएस मैच में 12 गोल किए हैं। हालांकि, अभी टीम के कई खिलाड़ी चोट से जूझ रहे हैं।

**इंग्लैंड (विश्व रैंकिंग-04) :** टीम पिछले दो यूरो कप फाइनल, 2018 विश्वकप सेमीफाइनल, 2022 विश्वकप क्वार्टरफाइनल करीब से हार गई। कोच थॉमस ट्यूशेल की टीम 1966 के बाद से खिताब नहीं जीती। हालांकि, कप्तान हैरी केन फॉर्म में हैं।

**पुर्तगाल (विश्व रैंकिंग-05) :** 41 साल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम कभी अंतिम-4 से आगे नहीं बढ़ी है। रोनाल्डो छठा विश्वकप यादगार बनाना चाहते हैं। पुर्तगाल ने 2025 में नेशंस लीग खिताब जीतकर दावेदारी पेश की है।

**ब्राजील (विश्व रैंकिंग-06) :** आखिरी बार 2002 में चैंपियन बनी ब्राजील ने अनुभव के चलते अनफिट नेमार को टीम में रखा है। टीम 2014 में अंतिम-4 में पहुंची थी। अभी भी द. अमेरिकी क्वालिफाइंग में वे 18 में से 6 मैच हारकर 5वें स्थान पर रहें।

**जर्मनी (विश्व रैंकिंग-10) :** जर्मनी ने आखिरी बार 2014 में विश्वकप जीता था पर फिर प्रदर्शन गिर गया। टीम 2018 व 2022 में ग्रुप स्टेज में ही बाहर हो गई थी। यूरो 2024 के अंतिम-8 में भी मेजबानी कर रही जर्मनी को हार मिली थी।

- *मेसी-रोनाल्डो का आखिरी विश्वकप हो सकता है इसलिए दोनों जीत के साथ विदाई लेना चाहते हैं।*

अमर उजाला
संस्थापक : स्व. डोरीलाल अग्रवाल
: स्व. मुरारीलाल माहेश्वरी
नवोन्मेषक : स्व. अतुल माहेश्वरी
अमर उजाला लिमिटेड के लिए प्रकाशक जुगल किशोर गौड़ द्वारा, अमर उजाला लिमिटेड, 5/1, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित एवं मुद्रक जुगल किशोर गौड़ द्वारा अमर उजाला लिमिटेड, सी-21, 22, सेक्टर-59, नोएडा-201301 एवं मुद्रक मनहर कपूर द्वारा एच टी मीडिया लिमिटेड, प्लॉट नंबर 8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201306 से मुद्रित।
संपादक : डॉ. इन्दुशेखर पंचोली
फोन : 0120-4694000
फैक्स : 0120-2587325
E-mail : editor@del.amarujala.com
Website : www.amarujala.com
RNI NO. DELHIN/2003/09919

# बिंदास

लेटेस्ट वीडियो, फोटो और खबरों के लिए क्लिक करें
amarujala.com/entertainment

**किसी फिल्म ने 500 करोड़ रुपये कमाए तो भी उससे ऑडियंस की जिंदगी नहीं बदलती। बॉक्स ऑफिस में आंकड़ों का इस तरह का प्रचार-प्रसार बंद होना चाहिए। -मनोज बाजपेयी**

आर्थिक संकट और देश की अर्थव्यवस्था से जुड़े विषयों पर कम ही फिल्में बनती हैं। ऐसे ही एक मुद्दे पर बनी अभिनेता मनोज बाजपेयी की फिल्म 'गवर्नर' इन दिनों चर्चा में है।

## "आर्थिक संकट में फंसा, पर हार नहीं मानी"

किरण जैन

1991 के आर्थिक संकट की अनकही और सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह फिल्म एक ऐसे शख्स की कहानी है, जिसके सामने देश को आर्थिक संकट से बाहर निकालने की चुनौती है। गौरतलब है कि फिल्म ऐसे वक्त रिलीज हो रही है, जब देश में अर्थव्यवस्था और आर्थिक चुनौतियों पर चर्चा तेज है। हालांकि मनोज इसे महज संयोग मानते हैं। अमर उजाला से बातचीत में मनोज बाजपेयी ने फिल्म की तैयारी, संघर्ष के दिनों और बॉक्स ऑफिस कल्चर को लेकर खुलकर बात की।

**बदलाव अचानक नहीं आता**

'इस फिल्म में हम जिस समय की बात कर रहे हैं, उस समय बहुत सी चीजें शुरू भी नहीं हुई थीं। उसके बाद बाजार खुला, दुनिया के देश एक-दूसरे से जुड़े, व्यापार बढ़ा और बहुत कुछ बदल गया। आज के किसी बच्चे को आप उस समय की कहानी सुनाएंगे, तो शायद उसे यकीन भी न हो। लेकिन यह जानना जरूरी है कि कोई भी बदलाव अचानक नहीं आता। उसके पीछे बहुत सारे लोगों की मेहनत, त्याग, सोच, दिमाग और जुनून होता है। इसलिए मुझे लगता है कि यह फिल्म बहुत जरूरी है।'



**...तो यह काम करूंगा**

'अगर मैं इंडस्ट्री का गवर्नर बनूं, तो सबसे पहले बॉक्स ऑफिस कल्चर को बंद करवा दूंगा। आंकड़ों का प्रचार-प्रसार बंद करवा दूंगा। आम ऑडियंस का इससे कोई लेना-देना नहीं है। अगर किसी फिल्म ने 500 करोड़ कमाए तो भी ऑडियंस की जिंदगी नहीं बदलती। मौका मिले तो मैं इसी कल्चर को बदलने की कोशिश करूंगा।'

**बेरोजगारी खूब देखी**

'फिल्म में मेरा किरदार देश को एक बड़े आर्थिक संकट से बाहर निकालने की कोशिश करता है। रियल लाइफ में मैंने ऐसे कई दौर देखे हैं, लेकिन मैं थोड़ी मोटी चमड़ी का आदमी रहा हूं, क्योंकि जो मन करता था वही करता रहा हूं। 1993 में मुंबई आया था। उस समय जिस तरह की फिल्में बन रही थीं, उसमें अपने मन का काम कर पाना बहुत मुश्किल था। फिर भी जब मौका मिला तो मैंने 'सत्या', 'शूल', 'जुबैदा', 'दिल पे मत ले यार', 'पिंजर' और 'रोड' जैसी फिल्में कीं। उस समय ऐसी फिल्में ज्यादा बनती नहीं थीं, इसलिए लंबे समय तक घर पर बैठा रहा। बेरोजगारी भी देखी। इतनी ऊंचाई हासिल करने के बाद गिरा भी, लेकिन मैं कभी घबराया नहीं।'

**चार फिल्में रिलीज को तैयार**

'मेरी चार फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं। प्लान के हिसाब से अब तक दो फिल्में आ जानी चाहिए थीं। कई बार चीजें रुक जाती हैं और कई बार अच्छी वजह से रुकती हैं। फिल्म देखने के बाद लगता है कि इसे और बेहतर किया जा सकता है। चीजें सुधारी जा सकती हैं।'

## 'ऊंचा लंबा...' रीमेक में अक्षय संग दिखीं दिशा

अक्षय कुमार की अगली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का नया गाना रिलीज हो गया है। इस गाने में अक्षय और दिशा पाटनी थिरकते नजर आ रहे हैं।



**अक्षय कुमार** और दिशा पाटनी आने वाली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में साथ नजर आएंगे। सोमवार को निर्माता ने फिल्म से नया गाना 'ऊंचा लंबा कद फॉरएवर' रिलीज किया। यह गाना 2007 में रिलीज हुई अक्षय की ही फिल्म 'वेलकम' का रीमेक है। फिल्म में इस गाने को अक्षय-कटरीना पर फिल्माया गया था।

**याद आई कटरीना**

गाने में जहां अक्षय अपने पुराने अंदाज में नजर आए, वहीं उनके साथ थिरकते दिशा पाटनी बेहद हॉट दिखीं। इस गाने में अंत में अक्षय, कटरीना को याद करते हुए कहते हैं- 'वी मिस यू कटरीना'। वहीं कई यूजर्स ने भी यही बात कहते हुए गाने को ट्रोल किया है। जहां कुछ को यह गाना पसंद आया। वहीं कई ऐसे हैं, जिन्होंने इसे ओरिजिनल गाने की बर्बादी बताया। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरु ने आईपीएल 2026 का खिताब अपने नाम किया। इस जीत में विराट कोहली की अहम भूमिका रही।

## विराट जीत के बाद अनुष्का ने शेयर की पोस्ट

**फाइनल** मैच में जीत हासिल करने के बाद कोहली ने मैदान से लेकर देर रात तक पत्नी अनुष्का के साथ इस जीत का जश्न मनाया। अब अनुष्का ने इस जश्न के दौरान की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है।

**साझा की विक्ट्री फोटोशूट की तस्वीर**



अनुष्का ने सोशल मीडिया अकाउंट पर जो तस्वीर साझा की, उसमें वह और विराट हाथों में आईपीएल ट्रॉफी पकड़े हुए हैं। तस्वीर में अनुष्का, विराट का माथा चूमती भी नजर आईं। इसे शेयर करते हुए उन्होंने विक्ट्री और हार्ट इमोजी बनाई।

**फैंस बोले- सबसे क्यूट ट्रॉफी मोमेंट**

अनुष्का की इस तस्वीर पर कई यूजर्स ने कमेंट किए। ज्यादातर ने इसे दिन की सबसे खूबसूरत तस्वीर बताया। वहीं, कइयों ने कहा कि वह इस पल का ही इंतजार करते हैं।

# मलयेशिया : 16 वर्ष से छोटे किशोरों के सोशल मीडिया खातों पर रोक

## फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक और यूट्यूब को लागू करनी होगी आयु सत्यापन प्रणाली

**कुआलालंपुर।** मलयेशिया ने सोमवार से 16 वर्ष से कम आयु के लाखों बच्चों के सोशल मीडिया खातों पर रोक वाले नियम लागू होना शुरू हो गए हैं। इसी के साथ मलयेशिया भी युवा यूजरों की ऑनलाइन सुरक्षा के वैश्विक प्रयासों में शामिल हो गया है। इसके तहत फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक, यूट्यूब को आयु सत्यापन प्रणाली लागू करनी होगी और 16 वर्ष से कम आयु के उपयोगकर्ताओं को खाते बनाने से रोकना होगा।

मलयेशिया में ये नियम 80 लाख यूजरों वाले वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर लागू होंगे। यदि कंपनियों ने यह नियम तोड़ा तो उन पर 100 लाख रिंगिट (25 लाख अमेरिकी डॉलर या 24 करोड़ रुपये) तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा। हालांकि जिन माता-पिता के बच्चे किसी तरह इस कानून तोड़ लेते हैं, उन्हें दंडित नहीं किया जाएगा। सरकार ने कहा, ये उपाय बच्चों को हानिकारक सामग्री, साइबरबुलिंग और प्लेटफॉर्म की अत्यधिक उपयोग को निरुत्साहित करने वाली विशेषताओं से बचाएगी। मलयेशिया का यह कदम डिजिटल वातावरण में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, विकास और सुरक्षा प्रभाव संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए सरकारों पर बढ़ते दबाव को दर्शाता है। एजेंसी



***कई देशों में सोशल मीडिया प्रतिबंधों की तैयारी***

*मलयेशिया के अलावा ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील और इंडोनेशिया भी बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर सख्त नियम लाने की तैयारी में हैं। ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील और इंडोनेशिया सहित अन्य देशों ने भी बच्चों के सोशल मीडिया तक पहुंच के लिए आयु-आधारित प्रतिबंध या जरूरतें लागू की हैं या घोषित की हैं। ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन, डेनमार्क, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया सहित अन्य देश भी इसी तरह के उपायों का अध्ययन या विकास कर रहे हैं।*

***डिजाइन में ही सुरक्षा दें***

*इन प्लेटफॉर्मों को डिजाइन में ही सुरक्षा संबंधी सुविधाएं शामिल करनी होंगी। मलयेशिया के संचार और मल्टीमीडिया आयोग ने कहा, इन नियमों का उद्देश्य बच्चों की इंटरनेट तक पहुंच रोकना नहीं, उनमें ऑनलाइन नुकसानों को दूर करना है। ये नियम माता-पिता को काफी राहत देंगे।*

### मेटा ने जताया विरोध

हालांकि, मलयेशिया के नए नियमों ने कुछ विवाद भी खड़ा कर दिया है। मेटा की दक्षिणपूर्व एशिया क्षेत्रीय लोक नीति निदेशक क्लारा कोह ने चेतावनी दी है कि 16 वर्ष से कम आयु के यूजरों पर पूर्ण पाबंदी से किशोर कम विनियमित ऑनलाइन प्लेटफार्मों की ओर रुख कर सकते हैं।

■ मेटा ने पहले ही 18 वर्ष से कम उम्र वालों के लिए विशेष रूप से बनाए गए खाता प्रकार लागू कर दिए हैं। इनमें उपयोग की अवधि, संपर्क क्षमता व अनुचित सामग्री के संपर्क पर पाबंदी है। कुछ विशेषज्ञों ने निजी डाटा सुरक्षा पर भी चिंता जताई है, क्योंकि आयु सत्यापन के लिए सरकार द्वारा जारी पहचान दस्तावेजों का उपयोग आवश्यक हो सकता है।

**न्यूज डायरी**

### दक्षिण कोरियाई रक्षा कंपनी में धमाका-आग पांच लोगों की मौत



**सियोल।** दक्षिण कोरिया डेजॉन शहर स्थित रक्षा कंपनी 'हानव्हा एयरोस्पेस' के एक हिस्से में सोमवार को हुए धमाके और उसके बाद लगी आग में पांच लोगों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। कंपनी में बड़े आकार के प्रणोदक (प्रोपेलेंट) व सतह से सतह पर मार करने वाली हथियार प्रणालियां बनाई जाती हैं। यह क्षेत्र सरकार द्वारा अधिसूचित एक सुरक्षा प्रतिष्ठान है। एजेंसी

### फ्रांस ने रूस का तेल टैंकर रोका : मैंक्रों



**पेरिस।** फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रों ने कहा, सोमवार को फ्रांस नौसेना ने अटलांटिक महासागर में रूस से आ रहे एक प्रतिबंधित तेल टैंकर को रोक लिया है। तगोर नामक जहाज को 31 मई की सुबह अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में चलाए गए एक अभियान के दौरान फ्रांसीसी नौसेना ने रोका। यह अभियान ब्रिटेन व कई साझेदारों की मदद से चलाया गया। इसमें अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून का सख्त पालन किया गया। एजेंसी

# ड्रोन गिराने के जवाब में अमेरिका ने ईरान के रडार-कंट्रोल साइट्स पर किया हमला

## सेंटकॉम ने कहा-आत्मरक्षा में की कार्रवाई, ईरानी तकनीक से जहाजों को था खतरा

**दुबई/वाशिंगटन।** अमेरिका ने दावा किया है कि उसने शनिवार और रविवार को ईरान में रडार और ड्रोन कंट्रोल साइट्स पर हमले किए हैं। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हफ्ते के आखिर में ईरान के गोरुक और केश्म आइलैंड में ईरानी रडार और ड्रोन कंट्रोल साइट्स पर आत्मरक्षा में हमला किया गया। इनको सेंटकॉम ने जवाबी कार्रवाई करार दिया है।

दरअसल, इससे पहले ईरान ने अमेरिकी एमक्यू-1 ड्रोन यह कहते हुए मार गिराया था कि यह ड्रोन उनके समुद्री क्षेत्र में था। इसके बाद अमेरिकी लड़ाकू विमान तुरंत सक्रिय हुए और ईरानी एयर डिफेंस सिस्टम, एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और दो ड्रोन को तबाह कर दिया। अमेरिका ने इन्हें वहां से गुजर रहे जहाजों के लिए खतरा बताया था। इस बीच कुवैत ने कहा कि उस पर ड्रोन-मिसाइल हमले किए गए जिन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचने से रोकने के लिए उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने कार्रवाई शुरू कर दी। ये हमले युद्धविराम प्रयासों के बीच नाजुक हालात दर्शाने वाले हैं। ईरान व अमेरिका दोनों ने सैन्य ठिकानों पर हमले कर एक-दूसरे पर आक्रामक कार्रवाई का आरोप लगाया है, जबकि 3 माह से जारी युद्धविराम के राजनयिक प्रयास थमते दिख रहे हैं। ईरान के होर्मुज स्ट्रेट पर अपनी पकड़ बरकरार रखने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित है। एजेंसी



तेहरान में अमेरिका के विरुद्ध निकली रैली। एजेंसी

***कई मुद्दों पर दोनों पक्षों में मतभेद...*** *नवंबर में होने वाले कांग्रेस चुनावों से पहले ट्रंप पर होर्मुज स्ट्रेट को फिर खोलने व अमेरिकी तेल दाम घटाने का दबाव बढ़ रहा है। मतदाताओं में असंतोष के साथ ही ट्रंप को अपनी ही पार्टी के ईरान विरोधी नेताओं का विरोध झेलना पड़ रहा है। ऐसे में होर्मुज व ईरानी समृद्ध यूरेनियम पर ट्रंप का दबाव ईरान नहीं मान रहा। इनके अलावा भी दोनों पक्ष कई मुद्दों पर एकमत नहीं हैं।*

### ईरानी हमले में कोई हताहत नहीं : अमेरिका

ईरान द्वारा एमक्यू-1 ड्रोन मार गिराने के बाद अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ईरानी वायु रक्षा प्रणालियों, एक जमीनी नियंत्रण केंद्र और दो ऐसे ड्रोन को नष्ट कर दिया जो क्षेत्रीय जलक्षेत्र से गुजर रहे पोतों के लिए स्पष्ट खतरा पैदा कर रहे थे। अमेरिकी वायुसेना प्रीडेटर ड्रोन को सेवा से हटा चुकी है। वह अब एमक्यू-9 रीपर ड्रोन उपयोग करती है लेकिन अमेरिकी थल सेना अब भी प्रीडेटर ड्रोन का उपयोग करती है। सेना ने कहा, कोई अमेरिकी हताहत नहीं हुआ है।

### ■ निश्चिंत रहें, सब ठीक हो जाएगा : ट्रंप

राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार तड़के 'ट्रुथ सोशल' पर कहा, ईरान सचमुच समझौता करना चाहता है और यह अमेरिका एवं हमारे साथ खड़े देशों के लिए अच्छा समझौता होगा। बस निश्चिंत रहिए, अंत में सब ठीक हो जाएगा – हमेशा ऐसा ही होता है। उधर, ईरान ने कहा है कि समझौते को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। ट्रंप ने भी शनिवार की बैठक में यह तय नहीं किया कि युद्धविराम अवधि बढ़ाने पर आगे बढ़ना है या नहीं।

### नहीं हुआ पेजश्कियन का इस्तीफा, ईरान ने खबर को बताया अफवाह



**तेहरान।** ईरानी सरकार की प्रवक्ता फातिमेह मोहजेरानी ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय मीडिया द्वारा राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन के इस्तीफे की खबरों का खंडन कर उन्हें अफवाह बताया है। उन्होंने ऐसे दावे शत्रु की मनगढ़ंत कल्पना और अपनी इच्छाओं को सच के तौर पर पेश करने का प्रयास बताया। मोहजेरानी ने कहा, ईरानी जनता शत्रु की इन चालों से वाकिफ हैं। वह बोलीं, ये अफवाहें इस्राइल से जुड़े नेटवर्क ने फैलाई थीं। इनमें में दावा किया गया कि राष्ट्रपति ने इस्लामी क्रांति के नेता मोजतबा खामनेई को इस्तीफा भेजा था। मोहजेरानी ने ऐसी झूठी कहानियों को राष्ट्रीय एकता के चलते फूट-अस्थिरता फैलाने की एक प्रचलित रणनीति बताया। वह बोलीं, विदेशी समर्थन वाले ये मीडिया संस्थान अपनी इच्छाओं को प्राथमिकता देते हैं। एजेंसी

# लेबनान पर हमलों से खफा ईरान अमेरिका से बंद करेगा वार्ता

## कहा-हमलों के बंद होने व कब्जे वाले इलाकों से इस्राइली बलों की वापसी तक नहीं होगी बातचीत

**वाशिंगटन।** इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के दक्षिणी लेबनान में हमले के आदेश देने के बाद ईरान ने अमेरिका से मध्यस्थों के जरिये बातचीत बंद करने के फैसला लिया है। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी तसनीम के मुताबिक ईरान का कहना है कि लेबनान में सीजफायर भी अमेरिका के साथ युद्धविराम की शर्तों में से एक था।



द. लेबनान को छोड़कर जाते लोग।

अब क्योंकि लेबनान सहित सभी मोर्चों पर इस युद्धविराम का उल्लंघन किया जा रहा है इसलिए ईरान की वार्ताकार टीम ने अप्रत्यक्ष बातचीत को रोकने का फैसला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, लेबनान व गाजा पर इस्राइली हमलों को तुरंत बंद करने और लेबनान के कब्जे वाले क्षेत्रों से पूरी तरह से वापसी होने तक कोई बातचीत नहीं होगी। इससे पहले ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने भी कहा था कि अमेरिका के साथ लागू हुआ युद्धविराम सभी मोर्चों के लिए है और इसमें लेबनान भी शामिल है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, युद्धविराम का किसी एक मोर्चे पर उल्लंघन सभी मोर्चों पर उल्लंघन के समान माना जाएगा। युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन के परिणामों की जिम्मेदारी अमेरिका और इस्राइल पर होगी। उधर नेतन्याहू की धमकी के बाद दक्षिणी लेबनान को लोगों ने खाली करना शुरू कर दिया है। एजेंसी

### इस्राइल व हिजबुल्ला के बीच हमले रोकने पर सहमति : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच एक-दूसरे के खिलाफ हमले रोकने पर सहमति बन गई है। उन्होंने यह भी कहा कि इस्राइल अब हिजबुल्ला के खिलाफ कार्रवाई के लिए लेबनान में अपनी सेना नहीं भेजेगा। ट्रंप ने सोमवार को ट्रुथ सोशल पर यह घोषणा की। उन्होंने दावा किया कि इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से उनकी बहुत ही सकारात्मक और उपयोगी बातचीत हुई है। इसके बाद नेतन्याहू बेरूत में अपनी सेना न भेजने पर सहमत हो गए हैं। उन्होंने कहा कि बेरूत में कोई भी इस्राइली सैनिक नहीं जाएगा और जो सैनिक वहां जा रहे थे उन्हें भी वापस लौटने का आदेश दे दिया गया है। एजेंसी

### बांग्लादेश, साइप्रस यूएनजीए के 81वें सत्र के अध्यक्ष की दौड़ में

**संयुक्त राष्ट्र।** बांग्लादेश और साइप्रस संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए मंगलवार को आमने-सामने होंगे। चुनाव पर दुनिया की नजर है। बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान और साइप्रस के बहुपक्षीय मामलों के विशेष दूत एंड्रियास काकौरिस 193 सदस्यीय महासभा के 81वें सत्र की अध्यक्षता करने की दौड़ में शामिल हैं। यूएन की प्रमुख विचार-विमर्श, नीति निर्माण और प्रतिनिधि संस्था, महासभा (यूएनजीए) में 81वें सत्राध्यक्ष का चुनाव एशिया-प्रशांत से होगा। यह चुनाव 193 सदस्यीय महासभा द्वारा 2027-28 कार्यकाल के लिए 15 देशों की सुरक्षा परिषद में पांच नए अस्थायी सदस्यों के चुनाव से एक दिन पहले होगा। एजेंसी

# एआई से आवाज की नकल कर ठगी का नया जाल

## पिछले वर्ष अमेरिकियों को करीब 7,600 करोड़ रुपये का नुकसान : एफबीआई

अमर उजाला नेटवर्क

**न्यूयॉर्क।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल के साथ साइबर ठगी के नए तरीके भी सामने आ रहे हैं। इनमें सबसे चिंताजनक तरीका वॉइस क्लोनिंग यानी किसी व्यक्ति की आवाज की कृत्रिम नकल तैयार करना है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार कैलिफोर्निया की एक महिला हाल ही में ऐसी ही ठगी का शिकार हुई। उन्हें एक फोन कॉल आया जिसमें दूसरी तरफ से उनकी बेटी जैसी आवाज सुनाई दी।

कॉल करने वाले ने खुद को परेशानी में बताया और तत्काल पैसे भेजने का दबाव बनाया। महिला ने मदद के लिए रकम भेज दी, लेकिन बाद में जब उन्होंने अपनी बेटी से सीधे संपर्क किया तो पता चला कि वह सुरक्षित थी और अपने कार्यस्थल पर मौजूद थी। इसके बाद महिला को एहसास हुआ कि संभवतः वह एआई से तैयार की गई नकली आवाज वाली ठगी का शिकार बनी हैं।



■ विशेषज्ञों के अनुसार वॉइस क्लोनिंग के लिए अपराधियों को किसी व्यक्ति की लंबी रिकॉर्डिंग की जरूरत नहीं होती। अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के अनुसार पिछले वर्ष अमेरिकियों को एआई से जुड़ी विभिन्न प्रकार की ठगी में 893 मिलियन डॉलर यानी करीब 7,600 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इसमें वॉइस क्लोनिंग हमलों के अलावा एआई से तैयार किए गए फिशिंग ईमेल, रोमांस स्कैम और अन्य डिजिटल धोखाधड़ी भी शामिल हैं। यह आंकड़ा बताता है कि एआई आधारित ठगी अब साइबर अपराध का तेजी से फैलता हुआ और आर्थिक रूप से गंभीर खतरा बन चुकी है।

# ब्रिटेन : भारतीय को बुलाकर नहीं दिया काम, देना होगा 35.8 लाख मुआवजा

**लंदन।** ब्रिटेन में रहने वाले केरल के युवक शाबिन शाजी को रोजगार विवाद में बड़ी कानूनी जीत मिली है। ब्रिटेन के एक रोजगार न्यायाधिकरण ने उनकी पूर्व नियोक्ता कंपनी स्वान केयर सोल्यूशंस लिमिटेड को 28,000 पाउंड (करीब 35.84 लाख रुपये) मुआवजा देने का आदेश दिया है।

**रोजगार न्यायाधिकरण का कर्मचारी के पक्ष में सुनाया फैसला**

न्यायाधिकरण ने पाया कि भारतीय कर्मी को काम दिलाने की जिम्मेदारी लेने वाली कंपनी उसे काम नहीं दिला सकी। शाबिन स्वास्थ्य एवं देखभाल कर्मी वीजा के तहत ब्रिटेन पहुंचा। लेकिन कंपनी ने न तो उन्हें कोई काम दिया और न ही वेतन का भुगतान किया। शाजी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नौकरी के लिए स्वान केयर सॉल्यूशंस लिमिटेड से आवश्यक 'स्पॉन्सरशिप' प्रमाणपत्र प्राप्त किया था। उन्होंने हाल ही में बर्मिंघम के रोजगार न्यायाधिकरण को बताया कि स्पॉन्सर कंपनी ने उनको काम काम नहीं दिया, जिससे वेतन न आने के कारण उन्हें बेहद आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ा। जज एडमंड्स ने कहा, कंपनी को बकाया वेतन, अवकाश वेतन और अन्य क्षतिपूर्ति के अलावा कानूनी कार्यवाही का खर्च भी वहन करने का निर्देश दिया जाता है। एजेंसी

**आर्थिक संकट** अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड पर ब्याज दर 4.44% से ऊपर पहुंची...ऑटोमोबाइल की बिक्री घटी, मुद्रास्फीति की चेतावनी

# बॉन्ड बाजार से ट्रंप को चुनौती...मध्यावधि चुनावों में रिपब्लिकन पर संकट

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को ऋण देने को लेकर दुनिया भर में सतर्कता बढ़ रही है। इसके चलते ब्याज दरें इस तरह बढ़ रही हैं कि सामर्थ्य पर दबाव बढ़ रहा है, आर्थिक विकास बाधित हो रहा है व नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी के लिए एक नया संकट पैदा हो रहा है। ईरान युद्ध के कारण ऊर्जा के दामों में हुई भारी वृद्धि का असर उन बॉन्डों के मूल्य पर भी पड़ा है जिनसे अमेरिकी सरकार वित्त पोषित होती है। ट्रंप के लिए यह बड़ी चुनौती है।

10 साल के अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड पर ब्याज दर 4.44% से ऊपर पहुंच गई है, जो फरवरी में युद्ध प्रारंभ से पहले 3.95% थीं।

औसत बंधक दरें 9 माह में शीर्ष पर हैं, जबकि ऑटोमोबाइल की बिक्री घटी है। यह वैश्विक चुनौती है, क्योंकि कई देशों में ब्याज दरें बढ़ी हैं। दुनिया बढ़ती मुद्रास्फीति की संभावना, सरकारी ऋण की स्थिरता पर बढ़ते सवालों और एआई में निवेश में भारी उछाल के अनुरूप खुद को ढाल रही है। ट्रंप ने 1.8 खरब डॉलर के वार्षिक बजट घाटे को कम करने की योजना बताकर अमेरिकियों को भले ही साधने का प्रयास किया लेकिन अर्थशास्त्रियों का कहना है कि घाटे को कम करने के लिए ट्रंप की रणनीतियों से अपेक्षित नतीजों की संभावना नहीं है। एजेंसी



व्हाइट हाउस में चुनौतियों पर बात करते अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट। एजेंसी

***राष्ट्रीय ऋण चुकाने की लागत बढ़ी...*** *ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन में बजट और कर विशेषज्ञ जेसिका रीडल ने कहा, राष्ट्रीय ऋण चुकाने की लागत 2021 से तीन गुना बढ़कर सालाना 1 खरब डॉलर से बढ़ गई है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कर कटौती विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं जिससे 10 साल के घाटे में 5 खरब डॉलर की वृद्धि होने की संभावना है और टैरिफ इन लागतों के सिर्फ एक छोटे से हिस्से की भरपाई कर रहे हैं। वह बोले, अगले दशक में घाटा और बढ़ेगा, क्योंकि सामाजिक सुरक्षा की लागत कर राजस्व से अधिक हो जाएगी।*

***नीतियां जिम्मेदार***

*अमेरिकी ट्रेजरी की 10 साल की ब्याज दर मई मध्य में 4.67% तक चढ़ीं और ईरान युद्धविराम पर चर्चा के चलते इसमें गिरावट आई है। ठीक वैसे ही जैसे ट्रंप के कारण 2025 में दरें शुरू में बढ़ी थीं। इसकी जिम्मेदार अमेरिकी नीतियां रहीं।*

### विशेषज्ञों में चिंता

जॉर्ज डब्ल्यू बुश प्रशासन के दौरान व्हाइट हाउस काउंसिल ऑफ इकोनॉमिक एडवाइजर्स के पूर्व अध्यक्ष ग्लेन हबर्ड को चिंता है कि अमेरिका के पास अब 2008 के आर्थिक संकट या कोरोना वायरस महामारी जैसे आर्थिक संकट से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पहले जैसी उधार लेने की क्षमता नहीं रह गई है। कोलंबिया विवि के बिजनेस स्कूल में प्रोफेसर हबर्ड ने कहा, मुझे नहीं लगता कि हमारे पास इससे निपटने के लिए 2008 या 2020 जैसा अवसर है।


# पुराने जोड़ो के दर्द का असरदार ईलाज

आयुर्वेदिक तेल/कैप्सूल
**डा.ऑर्थो®**




**डा. ऑर्थो ही क्यूं खरीदें ?**

**गांव-गांव, शहर-शहर, जिसने भी अपनाया-परिणाम पाया**


Madhya Pradesh
राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, उम्र 61 वर्ष, कृषि का काम करते है। खेती के काम से कमर, घुटनों में बहुत दर्द होता था। एक दिन मैंने अख़बार और टी.वी में आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का एड देखा और इसका इस्तेमाल करना शुरू किया। 3-4 महीने में ही कमर व घुटनों के दर्द में बहुत अच्छा फायदा मिला। डा. ऑर्थो बेहद उपयोगी है।


Chhattisgarh
हीरालाल शेंडे, उम्र 72 वर्ष ने बताया कि मैं काफी समय से घुटनों, कमर दर्द से बहुत परेशान रहता था। कई इलाज करवाए, लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। मैंने टी.वी और अखबार में डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का एड देखा और ट्रीटमेंट शुरू किया। कुछ ही दिनों में दर्द से आराम मिल गया और अब मैं बिल्कुल स्वस्थ महसूस कर रहा हूँ।


Uttar Pradesh
प्रहलाद पासवान, 46 वर्ष ने बताया कि मुझे बहुत समय से कोहनी में दर्द रहता था। जिससे रोजमर्रा के काम करने में भी काफी दिक्कत होती थी। फिर एक दिन मुझे आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल के बारे में पता चला। निर्देशानुसार प्रयोग करने पर मेरी कोहनी का दर्द बिल्कुल कम हो गया है। मैं इसके लिए डा. ऑर्थो को धन्यवाद देता हूं।


Gujarat
बालकृष्ण गोपालराव वडनेरे, उम्र 83 वर्ष ने हमें लिखा है कि उन्हें बहुत समय से घुटनों के दर्द की वज़ह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। फिर उनके बड़े भाई ने उन्हें डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल लाकर दिया। उन्होंने अखबार में भी इसका विज्ञापन देखा और निर्देशानुसार यूज किया। घुटनों का दर्द कम हुआ।


Uttar Pradesh
मोहम्मद इस्माईल, उम्र 62 वर्ष ने बताया कि सब्जी के काम की भागदौड़ के कारण घुटनों और पैरों में बहुत दर्द होता था। फिर एक दिन किसी मेडिकल स्टोर पर एक भाई ने आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल के बारे में पूरी जानकारी दी। जिसके नियमित इस्तेमाल से मुझे घुटनों और पैरों के दर्द से बहुत राहत मिली है।


Chhattisgarh
प्रेम सुशील कुमार पन्ना, उम्र 44 वर्ष, प्राइवेट जॉब करते है। दिनभर की भागदौड़ की वज़ह से घुटनों और एड़ियों में काफी दर्द रहता था। फिर एक दिन मैंने अख़बार में आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का एड पढ़ा। दिए निर्देशानुसार, मात्र 45 दिनों में ही मेरे दर्द से छुटकारा मिला। अब रोजाना इसका इस्तेमाल कर रहा हूं।


Rajasthan
कबीरा राम, 57 वर्ष, मैं एक टैक्सी ड्राईवर हूं। काफी समय से गाड़ी चलाने पर मेरे घुटनों में बहुत ज्यादा असहनीय दर्द रहता था। फिर एक दिन मैंने अख़बार में आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का विज्ञापन देखा। निर्देशानुसार मैंने इसका इस्तेमाल करना शुरू किया और आज 2 साल हो गए हैं। अब मैं पूरी तरह से ठीक हूं। धन्यवाद डा. ऑर्थो।


Karnataka
प्रेम सिंह, 31 वर्ष ने लिखा कि मैं एक कपड़ा व्यापारी हूं। दिनभर भागदौड़ से कमर और पैर में बहुत ज्यादा दर्द रहता था। चलना फिरना भी मुश्किल था। एक दिन मैंने अख़बार में डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का एड देखा। इसके 2 महीने के नियमित यूज़ से मेरे कमर, पैरों के दर्द में मुझे बहुत आराम है। इसका परिणाम बहुत ही अच्छा है।


Assam
अमीरूल, 43 वर्ष, एक टैक्सी ड्राईवर है। काफी समय से घुटनों के दर्द से बहुत परेशान रहते थे। वह पैदल भी नहीं चल पाते थे। फिर एक दिन उन्होंने टी.वी. पर डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का विज्ञापन देखा। मात्र 3 महीने के लगातार इस्तेमाल से उनके घुटनों का दर्द बहुत हद तक कम हो गया है। वह दूसरों को भी डा. ऑर्थो लगाने की सलाह देते हैं।


Rajasthan
मणिलाल पारगी, उम्र 69 वर्ष ने लिखा है कि मैं कृषि संबंधित कार्यों की वज़ह से जोड़ों के दर्द से बहुत परेशान चल रहा था। तब मैंने अख़बार में आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का विज्ञापन देखा और इलाज शुरू किया। लगातार 3 महीने के इस्तेमाल से मुझे जोड़ों के दर्द से राहत मिली है। दैनिक जीवन में डा. ऑर्थो बहुत लाभदायक लगा।


Uttar Pradesh
रेनू गर्ग, उम्र 69 वर्ष बताती हैं कि वह एक समाजसेविका है। दिनभर की भागदौड़ के कारण जोड़ों में काफी दर्द रहता था। कई लोगों ने आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल यूज़ करने की सलाह दी। नियमानुसार 3 महीने के इस्तेमाल से जोड़ों के दर्द में बहुत राहत मिली है। सबसे अच्छी बात इसका कोई साईड-इफैक्ट भी नहीं है।


Maharashtra
समीर खान पठान, उम्र 57 वर्ष ने बताया कि पूरा दिन दुकान पर बैठे रहने की वज़ह से कमर में दर्द की काफी शिकायत थी। फिर एक दिन एक सज्जन ने आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल यूज़ करने के लिए सलाह दी। डा. ऑर्थो के नियमित इस्तेमाल से कमर दर्द की समस्या से काफी आराम मिला। अब मैं बिल्कुल ठीक हो गया हूं।


Maharashtra
कृष्णराव कडू, उम्र 59 वर्ष ने लिखा है कि बहुत दिनों से खेती के कारण पीठ में असहनीय दर्द रहने लगा था। फिर एक दिन न्यूजपेपर में आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का एड पढ़ा। 2 माह से डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल को यूज कर रहा हूं। पीठ का दर्द बहुत ही कम हो गया है। इसीलिए डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल बहुत अच्छा लगा।


Himachal Pradesh
अमरेश कुमार गोयल, 63 वर्ष ने लिखा कि मैं मजदूरी करता हूं। हर रोज काम की वज़ह से पैर और घुटनों में बहुत असहनीय दर्द रहता था। एक दिन मैंने टी.वी. पर डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का विज्ञापन देखा। इसके बाद डा. ऑर्थो के नियमित इस्तेमाल से मेरे पैरों और घुटनों के दर्द में आराम है। इसका परिणाम बहुत ही अच्छा लगा।


Maharashtra
मेरा नाम अंजली देवी, उम्र 57 वर्ष है। मैं एक हाउसवाईफ हूं। काफी दिनों से मेरे घुटनों, एड़ियों में भयंकर दर्द था। फिर एक दिन मैंने अखबार में आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का विज्ञापन देखा व इसका इस्तेमाल शुरू किया। सिर्फ 6 महीनों के नियमित इस्तेमाल से मुझे दर्द में बेहतर आराम मिला। मैं डा. ऑर्थो का थैंक्स करती हूँ।


Maharashtra
सविता चलपे, उम्र 36 वर्ष पूरा दिन खेती के काम के कारण कमर और घुटनों में दर्द की समस्या काफी बढ़ गई थी। एक दिन मुझे टी.वी के माध्यम से आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल एवं कैप्सूल के बारे में पता चला। पिछले कुछ समय से डा. ऑर्थो के के इस्तेमाल से घुटनों व कमर दर्द की समस्या में बहुत लाभ मिला है। यह सच में बहुत फायदेमंद है।


Maharashtra
शांताराम दयाराम खोडके, उम्र 70 वर्ष खेती करते है। जिसके कारण उनकी पीठ में बहुत दर्द रहता था। फिर एक दिन उन्हें आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल एवं कैप्सूल के बारे में पता चला। नियमित प्रयोग करने पर पीठ दर्द बहुत हद तक कम हो गया। अब वह बिना दर्द के अपने दैनिक जीवन और खेती का काम करते हैं।


Uttar Pradesh
मेरा नाम विजया मिश्रा, उम्र 67 वर्ष बताती हैं कि वह एक गृहिणी है। दिनभर काम से कमर, घुटनों के दर्द की बहुत समस्या हो गई थी। एक दिन टी.वी. पर आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का एड देखा और डा. ऑर्थो यूज़ किया। नियमित प्रयोग से कमर व घुटनों के दर्द में बड़ी राहत मिली है। अब मैं अपनी पूरी दिनचर्या आराम से कर लेती हूं।


Maharashtra
अप्पा साहेब पाटील, 75 वर्ष बताते हैं कि वह एक रिटायर्ड बैंक कर्मचारी है। पिछले कुछ समय से उनकी एड़ियों में बहुत ही असहनीय दर्द रहता था। डॉक्टरों को दिखाया पर कोई फायदा नहीं मिला। एक दिन उन्होंने न्यूज़पेपर में डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का विज्ञापन देखा। नियमानुसार 3-4 महीने के प्रयोग से उनकी एड़ियों के दर्द में बहुत अच्छा रिज़ल्ट मिला।


Punjab
बलविंद्र कुमार, 45 वर्ष, मार्केटिंग की जॉब करते हैं। पिछले कुछ समय से कमर दर्द की समस्या से बहुत परेशान थे। चलने-फिरने में भी बहुत दिक्कत हो रही थी। एक दिन उनके मित्र ने उन्हें डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल के बारे में पूरी जानकारी देकर, इस्तेमाल करने को कहा। 3 महीने के यूज़ के बाद आज वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं।


Maharashtra
दशरथ अमरावती, 61 वर्ष, ने हमें बताया कि वह काफी समय से पैरों के दर्द से काफी दुःखी थे। रोजमर्रा के कामों में भी बहुत परेशानी हो रही थी। एक दिन उन्होंने अख़बार में डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का एड देखा और उनके मित्र ने भी डा. ऑर्थो के बारे में बताया। डा. ऑर्थो के रेगूलर कोर्स से अब वह बिल्कुल ठीक हैं।

**नक्कालों से सावधान** 'डा. ऑर्थो' के सभी प्रोडक्टस केवल 'डा. ऑर्थो' नाम से ही बनाए जाते हैं, मिलते-जुलते नाम, पैकिंग, शीशी, विज्ञापन से सावधान। सर्वोत्तम डा. ऑर्थो ही खरीदें।